हरिभूमि
रायपुर भूमि



आज बारिश के आसार

मौसम के मिजाज में बदलाव, बादल और हवा की गति के साथ बढ़ी ठंडक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

चक्रवाती तूफान के जमीनी सतह के नजदीक आने की वजह से छत्तीसगढ़ के मौसम में भी बदलाव नजर आने लगा है। मंगलवार को बादल छाने के साथ हवा की गति बढ़ गई और मौसम ठंडा हो गया। आज दोपहर बाद तूफान के विशाखापट्नम का तट पार करने के बाद प्रदेश में बारिश की ⏭शेष पेज 11 पर

शिक्षा विभाग का आदेश- मौसम देखकर घोषित करें अवकाश, कोंडागांव में मड़के शिक्षक

चक्रवाती तूफान अर्नब को देखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा भी आदेश जारी किया गया है। आदेश में चक्रवात-प्रभावित जिलों के कलेक्टर को अपने जिलों की परिस्थितियों के आकलन तथा स्थानीय आवश्यकताओं ⏭शेष पेज 11 पर

खबर संक्षेप

लूट प्रकरण में 3 नाबालिगों समेत 4 गिरफ्तार

रायपुर। पंडरी पुलिस ने मोबाइल लूट के प्रकरण में 3 नाबालिग सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी मोहित भरतरा ने अपने अन्य तीन नाबालिग साथियों के साथ मिलकर 26 अक्टूबर को शाम करीब साढ़े 6 बजे लोधीपारा स्थित श्रीराम-जानकी मंदिर रेलवे फाटक के पास बाइक सवार दो व्यक्तियों का रास्ता रोककर चाकू की नोक पर उससे मोबाइल लूटा और फरार हो गए थे। इस दौरान आरोपियों ने एक व्यक्ति पर चाकू से हमला भी किया, जिसे चोट आई है। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए चारों को गिरफ्तार कर लिया है। इनमें मुख्य आरोपी मोहित को कोर्ट में पेश कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है, वहीं नाबालिगों को बाल न्यायालय-किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। इनमें से एक बालक पूर्व में भी आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहा है।



चाकू लेकर घूमते धरा गया बदमाश

रायपुर। गुढ़ियारी पुलिस ने धारदार चाकू लेकर घूम रहे व्यक्ति को पकड़ा है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मंगलवार को चौकी रामनगर क्षेत्र में कमलेश राय निवासी खालबाड़ा चाकू लेकर घूम रहा था। खुलेआम चाकू लेकर घूमते देख मोहल्ले में दहशत का माहौल था। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चाकू जब्त किया। इस मामले में उसके विरुद्ध धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।



दो दिन में 193 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई

रायपुर। शहर में सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने और सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए यातायात पुलिस लगातार कार्रवाई कर रहा है। इसी कड़ी में पिछले दो दिन के दौरान 193 वाहन चालकों की प्रत्यक्ष चेकिंग कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की है। इनमें बिना नंबर प्लेट एवं आड़े-तिरछे नंबर प्लेट के 62, लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने के 18, नो पार्किंग के 28, तीन सवारी के 26, ड्रंक एंड ड्राइव के 40, रंगीन फिल्म के 5, मॉडिफाइड साइलेंसर के 5 तथा अन्य उल्लंघन के 9 मामले शामिल हैं।

सूने मकान का ताला तोड़ 60 हजार की चोरी

रायपुर। आमानाका थाना क्षेत्र के सरोना रेलवे कालोनी आजाद नगर में एक सूने मकान में चोरी हो गई। प्रार्थी कालीदास दलाई ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 26 अक्टूबर को दोपहर में उसके मकान में ताला लगा हुआ था। इसी दौरान कोई अज्ञात चोर ताला तोड़कर अंदर प्रवेश कर आलमारी में रखे नकदी 25 हजार रुपए एवं करीब 35 हजार कीमत के सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर ले गया।

मत्स्य, ग्रामोद्योग पशु चिकित्सा जैसे कम कमाई वाले विभागों में सबसे कम शिकायत

घूसखोरी में टॉप पर राजस्व विभाग, फिर स्कूल शिक्षा, ट्रैप में पकड़े गए 193 अधिकारी-कर्मचारी

घूस लेने और भ्रष्टाचार संबंधी शिकायतों के मामले में छत्तीसगढ़ में राजस्व विभाग पहले पायदान पर है। दूसरे स्थान पर स्कूल शिक्षा विभाग है। मत्स्य विभाग, ग्रामोद्योग विभाग, पासपोर्ट विभाग जैसे लो-प्रोफाइल डिपार्टमेंट प्रदेश में सबसे शरीफ हैं। एंटी करप्शन ब्यूरो ने बीते पांच वर्षों की रिपोर्ट जारी की है। इसमें विभागवार प्राप्त हुई शिकायतों तथा गिरफ्तार किए गए अधिकारियों-कर्मचारियों की संख्या दी गई है। एसीबी रिपोर्ट के अनुसार, बीते पांच वर्षों में रिश्वत लेते हुए या घूस संबंधी मामलों में 193 शासकीय अधिकारी-कर्मचारी गिरफ्तार किए गए हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

राजस्व विभाग में घूस लेने-देने के सर्वाधिक 56 प्रकरण दर्ज किए गए। इसी तरह स्कूल शिक्षा विभाग में 20 प्रकरण दर्ज हुए। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में 14, गृह (पुलिस) विभाग में 10, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग में 7, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग में 6, ऊर्जा विभाग (सीएसपीडीसीएल) में 6, वन विभाग में 4, जल संसाधन विभाग में 3 और सहकारिता विभाग में 3 प्रकरण दर्ज किए गए।



एंटी करप्शन ब्यूरो ने जारी किए बीते पांच वर्षों के आंकड़े

वर्ष	ट्रैप प्रकरणों	गिरफ्तार
2021	13	14
2022	13	18
2023	00	00
2024	44	57
2025	60	71
2026	24	33
योग	154	193

(मई अंत तक)

इन विभागों में देनी पड़ती है कम घूस

इसके अलावा महिला एवं बाल विकास विभाग, कृषि विभाग, आवास एवं पर्यावरण विभाग, खाद्य विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग, उच्च शिक्षा विभाग और लोक निर्माण विभाग प्रत्येक में 2-2 प्रकरण सामने आए हैं। वहीं पशु चिकित्सा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, पासपोर्ट, वित्त, वाणिज्य कर, मत्स्य पालन, एसईसीएल, ग्रामोद्योग, आबकारी, एनटीपीसी और परिवहन विभाग प्रत्येक में 1-1 प्रकरण दर्ज किया गया है।

सर्वाधिक शिकायत सूरजपुर में रायपुर द्वितीय

घूस लेते हुए पकड़े गए अथवा भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार शासकीय सेवक/लोकसेवक आरोपियों की संख्या के मामले में सूरजपुर शीर्ष पर है। यहां 16 अधिकारी-कर्मचारी पकड़े गए। रायपुर में 15, सरगुजा में 20, रायगढ़ में 12, मुंगेली व बिलासपुर में 11, बलरामपुर में 7, दुर्ग व जांजगीर-चांपा में 10, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर व कोरबा में 9, बलौदाबाजार में 6, कोण्डागांव में 7, सक्ती, बेमेतरा व गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही व महासमुंद में 5, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई व कोरिया में 4, बस्तर व सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 3, नारायणपुर, कबीरधाम, धमतरी, गरियाबंद व कांकेर में 2, बीजापुर, दंतेवाड़ा, बालोद, सुकमा व जशपुर में एक-एक अधिकारी-कर्मचारी गिरफ्तार हुए।

जानिए... किन कार्यों के लिए मांगी गई रिश्वत

निर्माण कार्य का भुगतान, जमीन का सीमांकन कार्य, जमीन नामांतरण कार्य, जमीन का राजस्व रिकॉर्ड दुरूस्त करने, मुआवजा राशि दिलाने, पेंशन/ग्रेज्युटी जारी करने, निर्माण कार्य का भौतिक सत्यापन करने, बिजली कनेक्शन कार्य के एवज में जमीन का चौहद्दी बनाने, ऋणपुस्तिका बनाने, लंबित एरियर्स राशि के भुगतान करने, आरटीई के तहत प्रवेशित बच्चों की राशि क्लेम करने, खसरा एवं नक्शा बटवारा, यात्रा भत्ता राशि भुगतान करने, वेतन निकालने, अंतर्जातीय विवाह करने पर प्रोत्साहन राशि दिलाने, अंतिम वेतन प्रमाण पत्र एवं सेवा पुस्तिका देने, आपराधिक प्रकरण नहीं बनाने एवं केश को रफा-दफा करने सहित अन्य शासकीय कार्यों के लिए रिश्वत मांगी गई।

राज्योत्सव पर नवा रायपुर में एयर शो, एयरपोर्ट पर सवा घंटे बंद रहेगा ऑपरेशन



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्योत्सव पर नवा रायपुर यानी सेंध जलाशय के ऊपर होने वाले एयर शो के दौरान एयरपोर्ट पर लगभग सवा घंटे दूसरे विमानों का ऑपरेशन नहीं होगा। इस अवधि के दौरान सामान्य दिनों में आवाजाही करने वाली दिल्ली की कुछ फ्लाइट को री-शेड्यूल किया जाएगा। पूर्व घोषित कार्यक्रम के मुताबिक शो के दौरान सुबह 10.40 से दोपहर 12 बजे तक एयरपोर्ट में ना कोई विमान आएगा और ना जाएगा। राज्योत्सव पर शो के एक दिन पहले भी टीम अपना पूर्वाभ्यास करेगी। इस दौरान भी नवा रायपुर के आसपास आसमान में डोमेस्टिक फ्लाइट की आवाजाही प्रभावित रहेगी। इसके बाद 2 नवंबर को लगभग 40 मिनट का एयर शो होगा। सेंध जलाशय के ऊपर अपना हैरत अंगेज करतब दिखाने के लिए सारंग एयरोबेटिक डिस्प्ले टीम अपने एयरक्राफ्ट के साथ स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से रवाना होगी। शो के दौरान नवा रायपुर का आसमान शो करने वाली टीम के कब्जे में होगा। सुरक्षा के मद्देनजर वहां किसी दूसरे उड़ान की पाबंदी होगी। एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार इस अवधि में दिल्ली की एक-दो फ्लाइट आती है जिसके समय में बदलाव किया जाएगा। इसे लेकर आने वाले दिनों में गाइडलाइन जारी की जाएगी।

- दिल्ली की कुछ फ्लाइट री-शेड्यूल होगी

आयुष्मान का गोलमाल, 26 दिन बाद भी जांच अधूरी, गड़बड़ी करने वाले अस्पतालों पर अब तक कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

एजेंट के जरिए मरीज लाकर आयुष्मान योजना से इलाज करने सहित विभिन्न अनियमितता के मामले में स्वास्थ्य विभाग की टीम 26 दिन बाद कार्रवाई तय नहीं कर पाई है। गोलमाल के संदेह में 17 अस्पतालों को नोटिस थमाकर उनसे जवाब मांगा गया था, जो अब तक नहीं मिल पाया है। प्रकरण में शीघ्र कार्रवाई के दावे तो किए जा रहे हैं, मगर इसकी तारीख तय नहीं हो पा रही है।

- राजधानी समेत प्रदेश के 17 अस्पतालों को थमाया था नोटिस, जवाब अधूरा

आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना में राजधानी के दो अस्पतालों में गंभीर लापरवाही मिली थी। इस आधार पर उन्हें योजना से निलंबित कर दिया गया था। इस दौरान रायपुर समेत विभिन्न जिलों के 17 हास्पिटलों को जांच दायरे में लाया गया था। डाक्टरों की गलत जानकारी, गांवों से मरीज ढोकर लाने सहित विभिन्न तरह की गंभीर शिकायतें सामने आई थीं। इस आधार पर राज्य की नोडल एजेंसी ने नोटिस जारी कर अस्पतालों से जवाब मांगा था। सवाल-जवाब की प्रक्रिया को 26 दिन बीत चुके हैं, मगर अब तक दोषी अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई तय नहीं हो पाई है। अधिकारिक सूत्रों का कहना है कि कुछ विभागीय कार्यों की वजह इसका आदेश जारी नहीं हो पाया है, जिसकी प्रक्रिया जल्दी ही पूरी की जाएगी।


आयुष्मान का खेल, रायपुर जिले में ही विभाग को मिलीं 14 माह में 29 शिकायतें

पैसे लौटाकर विवाद सुलझा रहे

सूत्रों के मुताबिक, इन 17 हास्पिटलों में कुछ पर हितग्राहियों से अतिरिक्त पैसे लेने का आरोप था। नोटिस जारी होने के बाद कुछ अस्पतालों ने मरीजों को राशि वापस लौटाकर अपनी भूल स्वीकारते हुए जवाब भेजा था। नियम के मुताबिक, आयुष्मान योजना के अंतर्गत आने वाले मरीजों का इलाज निशुल्क किया जाएगा। उनसे किसी भी तरह का अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा। इस बात की शिकायत अक्सर सामने आती रहती है कि निजी अस्पताल मरीजों को ज्यादा खर्च बताकर पैसे वसूल लेते हैं। इसके लिए ज्यादा राशि के लालच में गलत पैकेज ब्लॉक कर राशि वसूल ली जाती है।

विवाद पहुंचा मंत्री तक, आईएमए भी समर्थन में

इधर स्वास्थ्य संचालनालय में गैर चिकित्सकीय अधिकारियों की नियुक्ति का मामला स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल तक पहुंचा है। विभिन्न चिकित्सकीय संगठन ने सोमवार को मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से मुलाकात की। उन्होंने 28 अक्टूबर को कोर्ट की सुनवाई के पहले निर्णय लेने का आश्वासन दिया है। गैर चिकित्सकों की स्वास्थ्य संचालनालय, खासकर आयुष्मान नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्ति का आईएमए ने विरोध किया है। तर्क दिया गया है कि प्रशासनिक अधिकारियों की नियुक्ति चिकित्सकों के हितों पर अतिक्रमण है। वहीं स्वास्थ्य संचालनालय से जुड़ा एक खेमा नोडल अधिकारी के रूप में प्रशासनिक अधिकारी की तैनाती का समर्थन भी कर रहा है।

शिकायत के बाद नगर निगम ने हटाया चार्जिंग स्टेशन, संचालक से मांगे अनुमति संबंधी दस्तावेज

रायपुर। लभांडी क्षेत्र में रोमनस्क्यू विला के सामने सार्वजनिक मार्ग पर स्थापित ईवी चार्जिंग स्टेशन को लेकर शिकायत के बाद नगर निगम ने मंगलवार को कार्रवाई की। नगर निगम के जोन क्रमांक-9 कार्यालय ने 26 अक्टूबर को स्टेशन संचालक आशीष जैन को ज्ञापन जारी कर स्थापना और संचालन से संबंधित वैधानिक दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जोन आयुक्त की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि सार्वजनिक मार्ग पर ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाने की जानकारी मिली है। ऐसे में स्टेशन की स्थापना से सार्वजनिक मार्ग के उपयोग, यातायात के सुचारू संचालन और आम नागरिकों के आवागमन पर पड़ने वाले संभावित प्रभाव की जांच जरूरी है। निगम ने संबंधित संचालक से तीन दिन के भीतर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा है।



मीडियम रेत 22 से घटकर 18 रुपए फीट एवं बारीक रेत 28 से घटकर 24 रुपए फीट पहुंची

खदानें खुलने के बाद रेत के दाम घटे, पर सामान्य से अभी भी महंगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बारिश के कारण लगा प्रतिबंध 15 अक्टूबर से हटने के बाद रेत खदानों में उत्खनन शुरू हो गया है। इसी के साथ अब रेत का मूल्य भी कम होने लगा है। पिछले 11 दिनों में रेत में प्रति फीट के पीछे लगभग 4 रुपए की गिरावट आई है। मीडियम रेत 22 रुपए से घटकर 18 रुपए तक पहुंच गई है, वहीं बारीक रेत भी 28 रुपए से घटकर 24 रुपए फीट हो गई है। इस तरह खदानें खुलने से रेत के मूल्य में गिरावट आने से आम लोगों को राहत तो मिली है, लेकिन अभी भी रेत के दाम सामान्य मूल्य से ज्यादा हैं। एनजीटी का प्रतिबंध हटने के बाद भी रायपुर जिले की कई वैध खदानों में अब तक उत्खनन शुरू नहीं हो पाया है। इसका कारण खदानों में भरा पानी है। जिले के आरंग क्षेत्र के पारागांव सहित अन्य ⏭शेष पेज 11 पर

- खदानों में पानी भरा होने के कारण उत्खनन अभी भी बंद



दिसंबर तक पानी उतरने की संभावना

सूत्रों का कहना है कि जिन खदानों में अभी भी पानी भरा हुआ है। उन खदानों में दिसंबर माह तक उत्खनन शुरू होने की संभावना है, क्योंकि पानी उतरने में अभी भी लगभग महीनेभर लग सकता है।

एनओसी नहीं मिलने से कई खदानें बंद

जिले में कई नई खदानों की नीलामी हो चुकी है, जिनमें से ज्यादातर खदानों को पर्यावरण विभाग से एनओसी नहीं मिल पाया है। इसके कारण ये खदानें अभी तक शुरू नहीं हो पाई है। इन खदानों के शुरू होने से रेत की सप्लाई में भारी वृद्धि होगी। इसके अलावा पुरानी खदानों में भी कुछ खदानें अनुबंध अवधि खत्म होने के कारण बंद हैं। इनकी नीलामी दोबारा नहीं हो पाई है। इन सभी खदानों के खुलने से रेत की सप्लाई बढ़ेगी, जिससे मूल्य में गिरावट आने की भी संभावना रहेगी।

चांदी रिकॉर्ड 4 लाख 20 हजार, सोना 1 लाख 86 हजार तक जाने के बाद आया नीचे

धनतेरस से पहले सोना डेढ़ लाख और चांदी के दाम दो लाख से कम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पुष्य नक्षत्र और धनतेरस से पहले आमतौर पर सोने और चांदी के दाम लगातार बढ़ते हैं, लेकिन इस बार इसका उल्टा हो रहा है। सोने और चांदी के दाम लगातार कम हो रहे हैं। इस साल चांदी रिकॉर्ड चार लाख और सोना पौने दो लाख के पार गया था, लेकिन अब इसकी कीमत कम होती जा रही है।

- पुष्य नक्षत्र और धनतेरस पर बाजार में बरसेगा जमकर धन

इस समय सोना जहां डेढ़ लाख के नीचे आ गया है, वहीं चांदी के दाम भी दो लाख से कम हो गए हैं। आने वाले समय में इसके दाम अगर बढ़े भी तो ज्यादा नहीं बढ़ेंगे। इस बार पुष्य नक्षत्र और धनतेरस पर बाजार में जमकर धन बरसेगा। सोने और चांदी ने इस साल कई रिकॉर्ड बनाए हैं। एक ही दिन में चांदी के दाम 10 से 20 हजार तक बढ़े हैं। सोना भी एक ही दिन में पांच हजार से ज्यादा बढ़ा है। इसी के साथ एक ही दिन में दाम घटने का रिकॉर्ड भी बना है। चांदी तो इस साल चार लाख के पार होकर 4 लाख 20 हजार तक गई है। लेकिन इसके बाद इसके दाम लगातार कम होते-होते अब आधे से भी कम हो गए हैं। सोने के दाम जरूर ज्यादा कम नहीं हुए हैं। सोना पौने दो लाख के पार होकर एक लाख 86 हजार तक पहुंचा था। इस समय इसके दाम डेढ़ लाख से कम है। सोने के दाम 40 हजार कम हुए हैं, जबकि चांदी के दाम दो लाख से ज्यादा कम हो गए हैं।



बीते साल से दाम ज्यादा

बीते साल के त्योहारी सीजन की बात करें तो बीते साल अक्टूबर में धनतेरस पड़ी थी। एक अक्टूबर को जहां सोने के दाम 120700 रुपए थे, वहीं चांदी के दाम 149700 रुपए थे। धनतेरस के दिन सोने की कीमत 132300 और चांदी के दाम 172000 हो गई थी। अब धनतेरस से तुलना करें तो इस समय सोने की कीमत 145800 रुपए है। यानी सोने के दाम इस समय 13500 रुपए ज्यादा हैं। इसी तरह से चांदी की बात करें तो चांदी के दाम इस समय 197700 रुपए हैं। चांदी के दाम 25700 ज्यादा हैं। इस बार धनतेरस 6 नवंबर को है। दस दिनों में कीमत में ज्यादा उछाल की संभावना कम ही है।

दाम कम होने का कारण

रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू ने बताया कि ईरान-अमेरिका तनाव से जुड़े घटनाक्रम, अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में बढ़ोतरी, डॉलर सूचकांक में मजबूती और भारतीय रुपए में मजबूती का असर सोने और चांदी की पर पड़ रहा है। अमेरिकी बॉन्ड पर ब्याज बढ़ने से निवेशकों का रुझान सोने के बजाय बॉन्ड की ओर बढ़ा है। वहीं, डॉलर की मजबूती से सोना-चांदी की कीमतों पर दबाव बना हुआ है। भारतीय रुपए में मजबूती आने से आयात की लागत भी कम हुई है, जिसका असर घरेलू बाजार में दिखाई दे रहा है।

500 करोड़ से संवरेगा छग का पर्यटन, सतरेंगा में आएगा क्रूज, रास्तों में कैफे-ई-चार्जिंग की भी मिलेगी सुविधा

मुख्यमंत्री पर्यटन विकास मिशन को कैबिनेट की मंजूरी, पांच साल में पर्यटकों की संख्या 6 से बढ़ाकर 12 करोड़ करने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

एक्सक्लूसिव

छत्तीसगढ़ में पर्यटन को रोजगार और स्थानीय अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार बनाने के लिए मुख्यमंत्री पर्यटन विकास मिशन को कैबिनेट की मंजूरी मिल गई है। मिशन के तहत अगले पांच साल में 500 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। यानी हर साल औसतन 100 करोड़ रुपए पर्यटन विकास पर खर्च होंगे। पर्यटन विभाग इस राशि से प्रमुख पर्यटन स्थलों पर सुविधाएं बढ़ाने, लंबी दूरी के पर्यटन मार्गों पर कैफे और विश्राम स्थल विकसित करने तथा वाटर स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने की योजना पर काम करेगा। सतरेंगा में प्रदेश का पहला क्रूज लाने की भी योजना है। विभाग के अनुसार, मिशन के तहत राशि के उपयोग और योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए अलग समिति बनाई जाएगी। इसका उद्देश्य पर्यटन स्थलों तक पहुंच आसान बनाने के साथ पर्यटकों के ठहरने की अवधि बढ़ाना और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर तैयार करना है।

लंबे पर्यटन मार्गों पर बनेंगे कैफे और विश्राम स्थल

रायपुर से बस्तर, मैनपाट, जशपुर और कवर्धा जैसे पर्यटन क्षेत्रों तक जाने वाले यात्रियों की सुविधा बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। रायपुर से कवर्धा, जशपुर और बस्तर जाने वाले मार्गों पर कैफे और विश्राम स्थल विकसित करने की योजना है। यहां पर्यटकों के लिए खाना-नाश्ता, आराम करने और वाहन चार्जिंग की सुविधा उपलब्ध कराने का प्रस्ताव है। पेट्रोल की सुविधा भी विकसित करने की योजना है, ताकि लंबी दूरी की यात्रा करने वाले पर्यटक रास्ते में रुककर आराम कर सकें।



सतरेंगा में क्रूज, बांधों में बढ़ेंगे वाटर स्पोर्ट्स

मिशन के तहत जल पर्यटन को बढ़ावा देने की भी योजना बनाई गई है। इसके अंतर्गत सतरेंगा में क्रूज लाने का प्रस्ताव है, जिसे प्रदेश का पहला क्रूज बताया जा रहा है। इसके अलावा धमतरी सहित अन्य बांधों में वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए जरूरी उपकरण और वाहन खरीदने की योजना है। इससे जल पर्यटन के नए विकल्प विकसित होने और संबंधित क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ने की उम्मीद है।

पर्यटकों की संख्या दोगुनी करने का लक्ष्य

पर्यटन विभाग के मुताबिक, वर्तमान में प्रदेश में पर्यटकों की संख्या करीब छह करोड़ बताई गई है। मिशन के तहत इसे पांच साल में बढ़ाकर 12 करोड़ तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही, पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों के ठहरने की अवधि बढ़ाने पर भी जोर दिया जाएगा। योजना है कि वे दो दिन या उससे अधिक समय प्रदेश में बिताएं और आसपास के अन्य पर्यटन स्थलों का भी भ्रमण करें। पर्यटकों के ठहरने की सुविधा बढ़ाने के लिए 12 हजार अतिरिक्त कमरों की क्षमता विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए होटल, रिसॉर्ट और होमस्टे में निवेश बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा। मिशन के तहत सार्वजनिक-निजी भागीदारी के माध्यम से 10 से 20 परियोजनाएं प्रस्तावित हैं। इनके जरिए कम से कम 1,000 करोड़ रुपए का निजी निवेश जुटाने का लक्ष्य है।

प्रमुख पर्यटन स्थलों पर बढ़ेंगी सुविधाएं

पर्यटन विभाग ऐसे प्रमुख स्थलों पर कैफेटेरिया विकसित करने की योजना बना रहा है, जहां फिलहाल खाने-पीने, बैठने और शौचालय जैसी सुविधाओं की कमी है। इससे दिनभर घूमकर शाम को लौटने वाले पर्यटकों को राहत मिलेगी। पर्यटकों को आसपास के दूसरे दर्शनीय स्थलों की जानकारी देने की व्यवस्था भी विकसित की जाएगी, ताकि वे एक ही स्थान तक सीमित न रहें और आसपास के अन्य पर्यटन केंद्रों तक भी पहुंच सकें। चित्रकोट, मैनपाट, सिरपुर, राजिम और हसदेव बांगो सहित प्रमुख पर्यटन स्थलों पर सड़क, पेयजल, शौचालय, पार्किंग, सुरक्षा और पर्यटक सहायता केंद्र जैसी सुविधाएं विकसित करने की योजना है। इसके अलावा मायाली-बगीचा, चंपारण, सतरेंगा, तीरथगढ़, देवरानी-जेठानी, कबीर चबूतरा, केंदई, महामाया और चिल्फी घाटी में भी सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी।

छत्तीसगढ़ पर्यटन को मिलेगा नया आयाम



मुख्यमंत्री पर्यटन विकास मिशन से प्रदेश में पर्यटन सुविधाओं का विस्तार होगा। नक्सलमुक्त होने के बाद अब पर्यटन क्षेत्रों की तस्वीर भी बदलेगी। मिशन के माध्यम से प्रदेश के पर्यटन स्थलों को बेहतर तरीके से विकसित किया जाएगा और पर्यटकों के लिए नई सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

- सौमिल रंजन चौबे
संचालक, पर्यटन विभाग

खबर संक्षेप

राज्योत्सव की थीम पद्म विभूषण तीजन बाई को समर्पित किए जाने की मांग

रायपुर। छत्तीसगढ़ की विश्व प्रसिद्ध पंडवानी गायिका और पद्म विभूषण स्व. डॉ. तीजन बाई के सम्मान में छत्तीसगढ़ राज्योत्सव-2026 की मुख्य थीम उन्हें समर्पित करने की मांग राष्ट्रीय संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित लोक कलाकार राकेश तिवारी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से की है। इस मौके पर श्री तिवारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकसंस्कृति, पंडवानी कला और प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिक्षित करने में पद्म विभूषण तीजन बाई का अतुलनीय योगदान रहा है। वे छत्तीसगढ़ की गौरवशाली लोकपरंपरा की सशक्त प्रतिनिधि थीं। मुख्यमंत्री साय से मांग की है कि इस वर्ष आयोजित छत्तीसगढ़ राज्योत्सव की थीम तीजन बाई के नाम एवं उनके सांस्कृतिक योगदान को समर्पित रखी जाए। मुख्य मंच की पृष्ठभूमि में उनकी कलात्मक आकृति-चित्र प्रदर्शित किया जाए तथा राज्योत्सव परिसर में लगाए जाने वाले बैनर, पोस्टर, प्रवेश द्वार एवं अन्य प्रचार सामग्री में भी उन्हें प्रमुख स्थान दिया जाए।

जनजाति गौरव दिवस की टीम में रामविचार, केदार राधेश्याम समन्वयक

रायपुर। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के निर्देश पर जनजाति गौरव दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रदेश स्तर पर समन्वयक, संयोजक एवं सदस्यों की नियुक्ति की गई है। भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं मुख्यालय प्रभारी डॉ. नवीन मार्कंडेय ने बताया, कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम, केदार कश्यप एवं रायगढ़ सांसद राधेश्याम राठिया को जनजाति गौरव दिवस कार्यक्रम हेतु समन्वयक बनाया गया है। बस्तर सांसद महेश कश्यप को कार्यक्रम का प्रदेश संयोजक नियुक्त किया गया है, जबकि भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह एवं छत्तीसगढ़ औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम को सह-संयोजक बनाया गया है। इसके साथ ही विधायक लता उसेंडी, प्रणव मरपच्ची, रूपसिंह मंडावी, देवेन्द्र माहला एवं विजय जगत को जनजाति गौरव दिवस कार्यक्रम के लिए सदस्य नियुक्त किया गया है।

कैबिनेट के फैसले : बिजली राहत से लेकर रेल पर्यटन और खेल मिशन तक कई अहम निर्णय

फल प्रसंस्करण इकाई और पांच सरकारी परिसंपत्तियों के पुनर्विकास की भी स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ कैबिनेट की बैठक में आम उपभोक्ताओं, शासकीय कर्मचारियों, सड़क निर्माण, पर्यटन, खेल, उद्योग और रेल कनेक्टिविटी से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। कैबिनेट ने मुख्यमंत्री ऊर्जा राहत जन अभियान के तहत बिजली बिल में रियायत जारी रखने, शासकीय कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा देने, पांच वर्षों में अधोसंरचना और पर्यटन विकास के लिए 500-500 करोड़ रुपये के प्रावधान तथा मुख्यमंत्री खेल उत्कर्ष मिशन को मंजूरी दी। इसके अलावा 295 किलोमीटर लंबी रेल परियोजना, फल प्रसंस्करण इकाई और पांच सरकारी परिसंपत्तियों के पुनर्विकास को भी स्वीकृति प्रदान की गई।



कैबिनेट की बैठक फैसले के बारे में उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने संवाददाताओं को जानकारी दी। आज की बैठक में कैबिनेट के प्रमुख फैसले

बिजली उपभोक्ताओं को राहत जारी

मुख्यमंत्री ऊर्जा राहत जन अभियान के तहत घरेलू उपभोक्ताओं को 200 यूनिट तक बिजली बिल में मिल रही रियायत जारी रहेगी। योजना का लाभ लेने के लिए 400 यूनिट तक मासिक खपत की पात्रता अवधि 30 सितंबर 2026 से बढ़ाकर 31 मार्च 2027 कर दी गई है। इससे लगभग 7.25 लाख उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा।

शासकीय कर्मचारियों का कैशलेस इलाज

शासकीय सेवकों और उनके आश्रित परिवारों को सूचीबद्ध अस्पतालों में कैशलेस चिकित्सा सुविधा मिलेगी। पूर्व-अनुमोदन और चिकित्सा दावों की प्रक्रिया ऑनलाइन होगी, जिससे गंभीर बीमारी और आपातकाल में आर्थिक राहत मिलेगी।

मुख्यमंत्री अधोसंरचना मिशन-2026

वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक पांच वर्षों के लिए मिशन संचालित होगा। इसके लिए कुल 500 करोड़ रुपये, यानी प्रतिवर्ष 100 करोड़ रुपये का प्रावधान प्रस्तावित है। सड़क नेटवर्क की योजना, डिजिटल निगरानी, गुणवत्ता जांच, सड़क सुरक्षा ऑडिट और परियोजनाओं की समयबद्ध तैयारी पर जोर दिया जाएगा।

कैशलेस चिकित्सा सुविधा को कैबिनेट की मंजूरी

छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने प्रदेश के शासकीय कर्मचारियों, अधिकारियों और उनके परिवारों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा को कैबिनेट की मंजूरी मिलने पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, वित्त मंत्री ओपी चौधरी और स्वास्थ्य मंत्री के प्रति आभार जताया है। फेडरेशन ने इसे कर्मचारी हित में महत्वपूर्ण निर्णय बताते हुए योजना के जल्द क्रियान्वयन की मांग की है। फेडरेशन के अनुसार, कैशलेस चिकित्सा सुविधा लागू होने से गंभीर बीमारी या आकस्मिक चिकित्सा की स्थिति में कर्मचारियों और उनके परिवारों को उपचार के लिए तत्काल बड़ी धनराशि जुटाने की चिंता से राहत मिलेगी।

नगर पंचायत कूंरा का नाम कुंवरगढ़

रायपुर जिले की नगर पंचायत कूंरा का नाम बदलकर कुंवरगढ़ करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इसका उद्देश्य क्षेत्र की ऐतिहासिक पहचान को पुनः स्थापित करना है।

बड़े कोल गैसीफिकेशन निवेश को प्रोत्साहन

औद्योगिक विकास नीति 2024-30 में संशोधन को मंजूरी दी गई। इसके तहत 1,000 करोड़ रुपये या उससे अधिक निवेश वाली कोल गैसीफिकेशन परियोजनाओं के लिए विशेष प्रोत्साहन पैकेज का प्रावधान होगा।

295 किलोमीटर लंबी रेल परियोजना को मंजूरी

कटघोरा-तखतपुर-मुंगेली-कवर्धा-खैरागढ़-डोंगरगढ़ रेल परियोजना के त्वरित क्रियान्वयन के लिए छत्तीसगढ़ रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड के माध्यम से शत-प्रतिशत इक्विटी निवेश की व्यवस्था को मंजूरी दी गई। परियोजना की अनुमानित लागत 8,000 करोड़ रुपये है। इसमें लगभग 2,000 करोड़ रुपये की अंशपूंजी होगी, जिसमें राज्य शासन और रेल मंत्रालय का योगदान लगभग 1,000-1,000 करोड़ रुपये होगा।

कैबिनेट में फैसला, डामर के बढ़े दाम की मिलेगी क्षतिपूर्ति सड़कों के काम में आएगी तेजी


डामर के दाम अब भी डबल 10 हजार करोड़ की सड़कें अटकीं

डामर के दाम करीब डबल होने के कारण मानसून के बाद होने वाले सड़कों के काम के अटकने की खबर 12 अक्टूबर को हरिभूमि ने प्रमुखता से प्रकाशित की थी। इस खबर में प्रदेश की दस हजार करोड़ की सड़कों का काम प्रभावित होने का उल्लेख था। इसके लिए बिल्डर एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने राज्य सरकार से क्षतिपूर्ति की मांग रखी थी। अब प्रदेश सरकार ने मंगलवार को अपनी कैबिनेट की बैठक में डामर के बढ़े दामों की क्षतिपूर्ति देने का फैसला किया है। छत्तीसगढ़ मंत्रिपरिषद् ने बिटुमिन (डामर) की कीमतों में हुई असाधारण वृद्धि को देखते हुए छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के अंतर्गत संचालित तथा लोक निर्माण विभाग अंतर्गत राज्य वित्त पोषित सड़क निर्माण, नवीनीकरण एवं संधारण कार्यों के अनुबंधकों को मूल्य राहत (क्षतिपूर्ति) प्रदान करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इसके तहत 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक की अवधि में अनुबंधकों द्वारा वास्तव में क्रय एवं उपयोग की गई बिटुमिन की मात्रा पर छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के अंतर्गत संचालित कार्यों के लिए कुल 130.88 करोड़ रुपए की राहत राज्य शासन द्वारा बजट से अनुदान के रूप में दी जाएगी। वहीं, राज्य वित्त पोषित सड़क निर्माण, नवीनीकरण एवं संधारण कार्यों के ऐसे अनुबंध, जिनकी निविदाएं 1 अप्रैल 2026 से पूर्व प्राप्त हुई हैं, उनमें 15 अक्टूबर से 31 दिसंबर 2026 तक क्रय कर उपयोग किए गए बिटुमिन पर भी मूल्य राहत प्रदान की जाएगी। इस पर लगभग 70 करोड़ से 100 करोड़ रुपये तक अतिरिक्त व्यय का अनुमान है। इस निर्णय से डामरीकरण से संबंधित लंबित सड़क निर्माण कार्यों को गति मिलेगी और उन्हें निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने में सहायता मिलेगी। साथ ही, भारत सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करने में भी मदद मिलेगी।

भाजपा बोली

कांग्रेस यानी झूठ और फरेब की फैक्ट्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजयशंकर मिश्रा ने कहा, कांग्रेस अब केवल 'झूठ का पुलिंदा' बनकर रह गई है। उन्होंने कांग्रेस के आधिकारिक पत्राचार को सार्वजनिक करते हुए कहा, कांग्रेस का एकमात्र उद्देश्य जनभावनाओं को भड़काना और छत्तीसगढ़ सहित देश का माहौल बिगाड़ना है। डॉ. मिश्रा ने कहा, अब समय आ गया है कि कांग्रेस का नाम बदलकर 'झूठी पार्टी' या 'भ्रम फैलाने वाला गिरोह' रख दिया जाना चाहिए, क्योंकि इनकी कथनी और करनी में जमीन-आसमान का अंतर है। डॉ. मिश्रा ने रेलवे अधिकारियों को भेजे गए कांग्रेस के एक पत्र को सार्वजनिक किया। उन्होंने बताया, पब्लिसिटी स्टंट के लिए कांग्रेस नेता मीडिया और जनता के सामने यह बयानबाजी कर रहे हैं कि केंद्र सरकार और रेलवे प्रशासन उनके राजनीतिक आंदोलन से घबरा गया है, इसलिए उन्हें ट्रेनें नहीं दी जा रही हैं, जबकि हकीकत यह है कि कांग्रेस के ही एक महामंत्री द्वारा रेलवे विभाग को औपचारिक पत्र लिखकर 15 बोगियों की ट्रेन की मांग की गई है। उस आवेदन में स्पष्ट रूप से लिखा गया है कि उनके नेता तीर्थ यात्रा के लिए दिल्ली जाना चाहते हैं। डॉ. मिश्रा ने कहा, एक तरफ जनता के बीच 'आंदोलन' और 'क्रांति' का ढोंग रचना और दूसरी तरफ चुपचाप कागजों में 'तीर्थ यात्रा' का बहाना बनाकर ट्रेन मांगना, यह इस बात का अकाट्य प्रमाण है कि कांग्रेस पार्टी झूठ, फरेब और ढोंग की बुनियाद पर खड़ी है। उन्होंने कहा, एसआईआर जैसे संवेदनशील मुद्दे पर भी कांग्रेस ने लगातार अनर्गल बयानबाजी कर जनता के बीच भ्रम फैलाने का काम किया है। रेलवे द्वारा विशेष या अतिरिक्त ट्रेन चलाने के अपने स्थापित और पारदर्शी नियम व तकनीकी प्रक्रियाएं होती हैं, लेकिन अपनी राजनीतिक जमीन खिसकती देख कांग्रेस झूठे आरोप लगाकर अपनी नाकामी छिपाने की असफल कोशिश कर रही है।



■ जनता को गुमराह कर प्रदेश का माहौल बिगाड़ने की साजिश रच रही कांग्रेस : डॉ. विजयशंकर मिश्रा

बैज का दावा- 'वोट बचाओ, देश बचाओ' रैली में 10 लाख लोग जुटेंगे

1 नवंबर की दिल्ली रैली में छत्तीसगढ़ से बड़ी संख्या में शामिल होंगे कांग्रेस कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान पर कांग्रेस और इंडिया गठबंधन की ओर से 'वोट बचाओ, देश बचाओ' रैली आयोजित की जाएगी। इसमें छत्तीसगढ़ से बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल होंगे। उन्होंने दावा किया कि देशभर से 10 लाख से अधिक लोग रैली में पहुंचेंगे। छत्तीसगढ़ के कार्यकर्ता ट्रेन, बस, हवाई मार्ग और निजी वाहनों से दिल्ली रवाना होंगे।

बैज ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे, विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) निरस्त करने और मतदाता सूची से हटाए गए नामों की बहाली तक कांग्रेस का आंदोलन चरणबद्ध तरीके से जारी रहेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि देश में कथित वोट चोरी के लिए भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिम्मेदार हैं। उन्होंने दावा किया कि भाजपा ने राष्ट्रवाद और घुसपैठ के मुद्दे को उठाकर चुनिंदा मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटवाए। एसआईआर का इस्तेमाल मतदाता सूची के शुद्धिकरण के बजाय गैर-भाजपा समर्थक मतदाताओं के नाम काटने के लिए किया गया।

■ ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और एसआईआर निरस्त करने की मांग



राहुल गांधी के आरोपों का किया उल्लेख

बैज ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने 15 महीने पहले ही वोट चोरी का मुद्दा उठाया था और अब सामने आ रहे तथ्यों से उनके आरोपों को बल मिल रहा है। उन्होंने चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी की टिप्पणियों का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि एसआईआर के दौरान मतदाताओं के नाम जोड़ने और हटाने की प्रक्रिया में उठाई गई आपत्तियों को नजरअंदाज किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्य चुनाव आयुक्त के निर्देशन में एसआईआर की प्रक्रिया में अनियमितताएं हुई हैं। कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर जनता के बीच जाएगी और मताधिकार की रक्षा के लिए अपना आंदोलन जारी रखेगी।

सत्ता और संगठन में तालमेल की सलाह

अफसरशाही पर लगाम और पुराने नेताओं को जोड़ने का संदेश देकर लौटीं स्मृति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भाजपा की नई प्रदेश प्रभारी स्मृति ईरानी ने अपने दो दिनों के प्रवास में 11 बैठकें लीं। बैठकों में शिकायतें भी सुनीं और उनके समाधान के लिए मंत्रियों की क्लास लेकर जमकर नाराजगी भी जताई। सत्ता और संगठन में तालमेल पर जोर देने के साथ ही पुराने नेताओं को जोड़ने और उनकी नाराजगी दूर करने के निर्देश भी दिए। इसी के साथ सभी नेताओं को यह नसीहत दी कि भारी स्वागत और होर्डिंग्स लगाने से कुछ नहीं होता। हाई प्रोफाइल में रहने वालों को लो प्रोफाइल में रहने की नसीहत भी दी। सुरक्षा को लेकर भी संदेश दिया कि भाजपा के नेताओं को सुरक्षा की जरूरत नहीं है। इसका परिणाम यह है कि भिलाई के विधायक रिकेश सेन ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर अपनी सुरक्षा कम करने का आग्रह किया है।

श्रीमती ईरानी से रायपुर आने से पहले ही जहां अपने स्वागत में होर्डिंग्स न लगाने का फरमान जारी किया था, वहीं बाद में भव्य स्वागत के लिए भी मना कर दिया। भव्य स्वागत तो नहीं किया गया, लेकिन ठाकरे परिसर में भी जिस तरह से उनका स्वागत करने का प्रयास किया गया, उसे लेकर भी उनकी नाराजगी सामने आई। ठाकरे परिसर में भारी पुलिस बल देखकर भी नाराज हुईं और पुलिस वालों को बाहर का रास्ता दिखाया।

मिशन 2028 और 29 की रणनीति

प्रदेश प्रभारी ने मिशन 2028 विधानसभा चुनाव और मिशन 2029 लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए पुराने नेताओं को जोड़ने के लिए सत्ता, संगठन से लेकर विधायकों और सांसदों को भी नसीहत दी है। पुराने नेताओं को भी पार्टी के लिए काम करके फिर से प्रदेश में पार्टी की सरकार बनाने का आग्रह भी किया है। समय आने पर पुराने नेताओं को जिम्मेदारी देने की भी बात की है।

सबकी सुनी और समाधान भी किया

बैठकों के दौर में प्रदेश प्रभारी ने सबकी सुनी। खासकर पूर्व विधायक और पूर्व सांसदों के साथ पूर्व पदाधिकारियों की भी। उनको भारी शिकायतें मिलीं। मंत्रियों के खिलाफ तो पुराने नेताओं के साथ वर्तमान जन प्रतिनिधियों ने भी खुलकर शिकायतें कीं। इससे प्रदेश प्रभारी भारी खफा हुईं और मंत्रियों की क्लास लगा दी। वैसे भी उनके पास जो मंत्रियों का जो रिपोर्ट कार्ड था, उसमें मंत्रियों का प्रदर्शन अच्छा न होने के साथ प्रभार वाले जिलों में दौरा भी कम करने की बात थी। ऐसे में प्रदेश प्रभारी को जब मंत्रियों के खिलाफ और शिकायतें भी सुनने को मिलीं तो उनकी नाराजगी और बढ़ गई। मंत्रियों को खरी-खरी सुनाने के साथ सांसद, विधायकों, पुराने नेताओं के और कार्यकर्ताओं के जनहित के कामों को प्राथमिकता से करने का फरमान सुनाया है। यही नहीं, उनका यह संदेश भी साफ है कि जो काम नहीं करेंगे, उनका काम लगने में समय नहीं लगेगा। अफसरशाही की शिकायतों को लेकर अफसरशाही पर भी लगाम लगाने की बात की है।

जोत के आधार पर मिलेंगे एक से तीन टोकन, लंबी कतारों से मिलेगी राहत

'तुंहर टोकन' एप से धान बेचने के लिए घर बैठे मिलेगा टोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में किसानों को धान बेचने के लिए टोकन प्राप्त करने सोसाइटियों में लंबी कतारों में नहीं लगना पड़ेगा। राज्य सरकार ने किसानों की सुविधा के लिए पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी 'तुंहर टोकन' मोबाइल एप के माध्यम से ऑनलाइन टोकन की व्यवस्था जारी रखी है। किसान घर बैठे अपनी सुविधानुसार धान विक्रय के लिए टोकन प्राप्त कर सकेंगे।

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा संचालित यह एप गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है। इसके माध्यम से किसान 24 घंटे ऑनलाइन टोकन प्राप्त कर सकते हैं। इस व्यवस्था से किसानों के समय और श्रम की बचत होगी तथा धान खरीदी की प्रक्रिया अधिक सुगम और व्यवस्थित बनेगी।



जोत के अनुसार मिलेंगे टोकन

धान विक्रय के लिए किसानों की कृषि भूमि के रकबे के आधार पर टोकन की संख्या निर्धारित की गई है, इसके तहत दो एकड़ तक के लघु एवं सीमांत किसानों को एक टोकन मिलेगा। दो एकड़ से अधिक और 10 एकड़ तक के किसानों को अधिकतम दो टोकन, जबकि 10 एकड़ से अधिक रकबे वाले किसानों को अधिकतम तीन टोकन प्राप्त करने की सुविधा होगी।

टोकन में खुद दर्ज कर सकेंगे धान की मात्रा

इस वर्ष भी किसानों को टोकन लेते समय धान की मात्रा दर्ज करने की सुविधा मिलेगी। किसान अपनी आवश्यकता और उपलब्धता के अनुसार धान की मात्रा दर्ज कर टोकन प्राप्त कर सकेंगे। यदि कोई किसान एक टोकन पर अपनी पूरी पात्र मात्रा का धान नहीं बेच पाता है, तो उसकी शेष पात्रता समाप्त नहीं होगी। वह नियमानुसार दूसरे या तीसरे टोकन के माध्यम से बची हुई पात्र मात्रा का धान बेच सकेगा।

बार-बार सोसाइटी जाने की जरूरत होगी कम

ऑनलाइन टोकन व्यवस्था का उद्देश्य किसानों को धान विक्रय के लिए अधिक सुविधा और विकल्प उपलब्ध कराना है। इससे किसानों को टोकन के लिए बार-बार सोसाइटियों के चक्कर लगाने से राहत मिलेगी। साथ ही, वे अपनी सुविधा के अनुसार टोकन लेकर निर्धारित व्यवस्था के तहत धान का विक्रय कर सकेंगे।

पारदर्शी और तकनीक आधारित व्यवस्था

राज्य सरकार ने धान खरीदी की पूरी व्यवस्था को किसान-केंद्रित, पारदर्शी और तकनीक आधारित बनाने पर विशेष जोर दिया है। नए उपार्जन केंद्रों, ऑनलाइन टोकन, बायोमेट्रिक सत्यापन, डिजिटल क्रॉप सर्वे, क्यूआर कोड आधारित ट्रेसिबिलिटी तथा इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के माध्यम से किसानों को सुगम धान विक्रय की सुविधा देने के साथ ही अवैध आवक और पुनर्चक्रण पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जाएगा।

खबर संक्षेप



जन्मदिन पर कराया न्योता भोज

आरंग। ग्राम भिलाई में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भिलाई के बच्चों को विधायक प्रतिनिधि गोविन्द राम चंद्राकर एवं बीएलए देवशरण चंद्राकर ने अपने जन्मदिवस के उपलक्ष्य में केला और जलेबी खिलाकर न्योता भोज कराया। इसमें शाला के 136 बच्चे लाभान्वित हुए। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि रुपेश निर्मलकर, बूथ प्रभारी बेनीराम साहू, संस्था प्रमुख डॉर्थी तांडी, संकुल समन्वयक जीतेन्द्र शुक्ला, पुष्पलता चंद्राकर, पुष्पा चंद्राकर, तृप्ति शर्मा, बसंती सोनकर, चूमेश्वरी साहू, लेखिनी निषाद, उमाशंकर यादव एवं दुर्गेश ने दोनों को जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं।

सरकारी राशन दुकान नियमित नहीं खुलने से हितग्राही राशन से वंचित

सिलयारी। ग्राम पंचायत सांकरा में लगातार शिकायत आ रही है कि राशन दुकान समय पर नियमित नहीं खुलने से परेशान है जिसकी वजह से राशन कार्ड धारकों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। आपको बता दें कि यह मामला लगातार नये सेल्समैन द्वारा संचालित होने पर यह बात सामने आई है। वहीं गरीबों के हक पर डाका डाला जा रहा है लगातार उसके राशन नहीं मिल पा रहा है कुछ महीनों से शक्कर कि आवंटन भी नहीं हुई है मात्र कुछ लोगों को ही आवंटन किया गया है इस त्योहारी सीजन में गरीबों की मिठास पर डाका डाला जा रहा है रोजाना की तरह हितग्राही सुबह 5 बजे से 10 बजे तक लाइन लगाकर बैठे हुए रहते है अपनी काम छोड़कर समय पर सेल्समैन के नहीं आने पर निराश होकर लौट जाता है। सेल्समैन द्वारा मनमानी रवैए से जनता परेशान और नाराजगी जताई है।

श्री राधा-कृष्ण मंदिर में मना शरद पूर्णिमा महोत्सव



आरंग। स्थानीय प्राचीन श्री राधा-कृष्ण मंदिर में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी शरद पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम एवं श्रद्धा-भक्ति के साथ मनाया गया। दुलारा बाई एवं जौजे अमानसिंह द्वारा सन- 1896 में स्थापित इस मंदिर परिसर में रात्रि 8 बजे से महोत्सव का आयोजन हर्षोल्लासपूर्ण माहौल में किया गया। मंदिर के सर्वराकार सावन शुक्ला ने बताया कि महोत्सव का विशेष आकर्षण भव्य रास गरबा रहा। इसमें बड़ी संख्या में भगवान श्रीकृष्ण कन्हैया की सखियों ने आकर्षक वेशभूषा में डांडिया के साथ महारास का आनंद लिया। महाआरती के पश्चात खीर एवं प्रसाद का वितरण किया गया। मंदिर के ट्रस्टी सतीश अग्रवाल, राकेश गुप्ता, बृजेश सोनी, बृजेश अग्रवाल, अर्पित चौधरी एवं अरविंद गुप्ता ने सपरिवार उपस्थित होकर भगवान श्री राधा-कृष्ण के शरद पूर्णिमा महोत्सव को गरिमापूर्ण माहौल में संपन्न कराने में सराहनीय योगदान दिया।

निधन

महेश कुमार साहू

अभनपुर। ग्राम परसुलीडीह निवासी शिक्षक महेश कुमार साहू का निधन 24 अक्टूबर को हो गया। वे प्राथमिक शाला कयाबांधा नवा रायपुर में पदस्थ थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उनका संपूर्ण कार्यक्रम 28 अक्टूबर बुधवार को संपन्न होगा।



ब्लॉक स्तरीय इंटर स्कूल क्रिकेट चैंपियनशिप, नरदहा और मंदिर हसौद की जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

आरंग युवा एवं खेल संगठन द्वारा संचालित आरंग क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित ब्लॉक स्तरीय इंटर स्कूल क्रिकेट चैंपियनशिप के दूसरे दिन का पहला मैच द आरंभ स्कूल नरदहा और पीएम श्री अरुंधति देवी स्कूल आरंग के बीच खेला गया। द आरंभ स्कूल नरदहा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भव्य के 37 रन और कार्तिक के 28 रनों की बदौलत 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 176 रन बनाए। पीएम श्री अरुंधति देवी स्कूल आरंग की तरफ से प्रिंस ने 3 और गीतेश ने 2 विकेट झटके।

177 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पीएम श्री अरुंधति देवी स्कूल आरंग की टीम ईशांत के 24 रन और सागर के 17 रनों की संघर्षभरी पारी के बाद 100 रन पर ऑल आउट हो गई। द आरंभ स्कूल नरदहा ने 76 रनों के बड़े अंतर से यह मैच जीता। आदर्श ने 3 और कार्तिक ने 2 विकेट लिए। आदर्श सिंह को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरा मैच सृजन सोनकर स्कूल आरंग और स्वामी आत्मानंद स्कूल मंदिरहसौद के बीच खेला गया। खराब मौसम के चलते यह मैच 15 ओवर का खेला गया।

आदर्श व विपुल बने मैन ऑफ द मैच



मंदिर हसौद ने सृजन सोनकर स्कूल को 111 रनों से हराया

स्वामी आत्मानंद स्कूल मंदिर हसौद ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कोमल के 43 रन और अर्पित के 25 रनों की शानदार पारी की बदौलत 15 ओवर में 9 विकेट खोकर 183 रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। सृजन सोनकर स्कूल आरंग की तरफ से सौरभ साहू ने 5 विकेट और पुष्पेंद्र धीवर ने 1 विकेट लिया। 184 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी सृजन सोनकर स्कूल आरंग की टीम भावेश सोनकर के 20 रन और समीर के 8 रनों की संघर्षशील पारी के बाद 72 रन पर ऑल आउट हो गई। सृजन सोनकर स्कूल आरंग को 111 रनों से करारी हार का सामना करना पड़ा। स्वामी आत्मानंद स्कूल मंदिरहसौद की तरफ से विपुल ने 3 और रोहित ने 2 विकेट लिए। विपुल को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

सियासत : कांग्रेस की कार्यशैली माफिया गैंग जैसी हो गई है: अनुज शर्मा

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे के बयान पर भड़की बीजेपी, पुतला दहन कर किया उग्र प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धरसींवां

पुराना विधानसभा चौक पर विधायक अनुज शर्मा के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के अमर्यादित बयान के खिलाफ जोरदार और उग्र प्रदर्शन किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेतृत्व के विरोध में जमकर नारेबाजी करते हुए मल्लिकार्जुन खड़गे का पुतला फूंका।

यह विरोध प्रदर्शन देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके परिवार के खिलाफ की गई अशोभनीय टिप्पणी तथा कांग्रेस पार्टी की लगातार जनविरोधी कार्यशैली के खिलाफ आयोजित किया गया था। प्रदर्शन में शामिल भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की पुरजोर मांग की। इस विरोध प्रदर्शन के दौरान मुख्य रूप से विधायक अनुज शर्मा और व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश सह-संयोजक नितिन अग्रवाल प्रमुख रूप से मौजूद रहे। विधायक अनुज शर्मा ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि लगातार चुनावी हार और सत्ता से बेदखल होने की छटपटाहट के कारण आज कांग्रेस पार्टी अपनी राजनीतिक मर्यादा पूरी तरह भूल चुकी है।

उन्होंने बेहद कड़े शब्दों में आरोप लगाया कि आज कांग्रेस की कार्यशैली किसी जिम्मेदार राजनीतिक दल की तरह न रहकर एक माफिया गैंग जैसी हो गई है, जिसके शीर्ष नेता और राष्ट्रीय अध्यक्ष तक बेहद निम्न स्तर की भाषा का प्रयोग कर रहे हैं।

कांग्रेस के पूर्व के राज पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि विदेशी धरती पर देश को बदनाम करने और देश के भीतर गाली-गलौज की राजनीति करने से कांग्रेस का खोया हुआ जनाधार वापस नहीं आने वाला है। देश की जनता कांग्रेस के इस दोहरे चरित्र को भली-भांति समझ चुकी है और जनता इन्हें कभी माफ नहीं करेगी। इस प्रदर्शन के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, उपाध्यक्ष संदीप यदु सहित मंडल के तमाम वरिष्ठ पदाधिकारी, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा और सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



कांग्रेस की हताशा और ओछी राजनीति पर जनता देगी करारा जवाबः नितिन अग्रवाल

व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश सह-संयोजक नितिन अग्रवाल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी लगातार अपनी हताशा का परिचय दे रही है। जब-जब देश मजबूत नेतृत्व के साथ आगे बढ़ता है, तब-तब कांग्रेस के नेता देश के प्रधानमंत्री और उनके परिवार पर व्यक्तिगत हमले करने पर उतर आते हैं। उन्होंने कहा कि आज देश का व्यापारी वर्ग, युवा वर्ग और हर आम नागरिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास कार्यों के साथ खड़ा है। कांग्रेस की यह ओछी राजनीति और अमर्यादित बयानबाजी अब ज्यादा दिन नहीं चलने वाली है। छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश की जनता कांग्रेस के इस अहंकार का करारा जवाब आने वाले समय में देगी।

सरपंच रुखमणी ने लिया अंगदान का संकल्प



सिलयारी। ग्राम पंचायत कुरूद-सिलयारी की सरपंच रुखमणी पुरुषोत्तम साहू ने शरद पूर्णिमा एवं अपने जन्मदिन के पावन अवसर पर विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर रंग छत्तीसगढ़ की पूनम तिवारी की प्रस्तुति ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम का सबसे प्रेरणादायी और महत्वपूर्ण क्षण वह रहा, जब सरपंच श्रीमती रुखमणी साहू ने अंगदान करने का संकल्प लेकर मानव सेवा और परोपकार का संदेश दिया। इस विशेष आयोजन में धरसींवा विधायक अनुज शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों, ग्रामसभा पदाधिकारियों, पंचगणों और बड़ी संख्या में ग्रामीणों की मौजूदगी में अंगदान का संकल्प लिया जाना कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहा। इस पहल को मानवता की सेवा और समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणादायी मिसाल के रूप में देखा गया। शरद पूर्णिमा की चांदनी रात में आयोजित इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक उत्साह के साथ सामाजिक सरोकारों को भी विशेष महत्व दिया गया।

पूनम तिवारी की प्रस्तुति ने बांधा समां

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक अनुज शर्मा की मौजूदगी ने आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की। उनके साथ जनपद पंचायत अध्यक्ष शकुंतला दिलेंद्र सेन, जनपद सदस्य विजय साहू, उपसरपंच गजेंद्र साहू, रैता सरपंच आशीष वर्मा, मंगसा सरपंच विनय निषाद, मेहरशखा सरपंच पूर्णिमा गोविंद साहू तथा मालौद सरपंच प्रतिनिधि महेंद्र देवांगन सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसके अलावा कुरूद ग्रामसभा अध्यक्ष श्याम कुमार वर्मा, सिलयारी ग्रामसभा अध्यक्ष गिरवर सिन्हा, राकेश शर्मा, लक्ष्मीनारायण वर्मा एवं संगठन के समस्त साथीगण व ग्रामवासी सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। शरद पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में रंग छत्तीसगढ़ की पूनम तिवारी की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। सांस्कृतिक कार्यक्रम ने उपस्थित लोगों का मनोरंजन किया और उत्सव के माहौल को यादगार बनाया। जन्मदिन की खुशियों, शरद पूर्णिमा की पावन रात और सांस्कृतिक रंगों के बीच अंगदान के संकल्प ने इस आयोजन को एक अलग पहचान दी। कार्यक्रम में पंचगण गजेंद्र साहू, धनीराम साहू, खिलेंद्र चंद्रवंशी, प्यारी कश्यप उतरा वर्मा, संजय डीडी, यानी बघेल, सुनीता साहू, हेमा साहू, रूबी चक्रधारी, परमिला यादव, चंद्रिका कुर्रे, दिलेंद्र यदु, चंद्रशेखर यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी: पीएमश्री उत्कृष्ट विद्यालय अभनपुर की छात्राओं ने दिखाया शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अभनपुर

जिला स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेला 2026 में पीएमश्री उत्कृष्ट विद्यालय अभनपुर की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। कक्षा 10वीं की दीपिका टंडन ने स्मार्ट हेलमेट इंटरलॉक एंड अल्कोहॉल अलर्ट सिस्टम मॉडल प्रस्तुत कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 9वीं की हितैषी ने जल संरक्षण पर आधारित आर 4 मिशन लाइफ' मॉडल के लिए प्रथम स्थान हासिल किया। कक्षा 11वीं की रेणुका साहू ने यातायात नियंत्रण पर आधारित मॉडल के लिए द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि दीक्षा साहू ने स्मार्ट ट्रैफिक सिग्नल का मॉडल प्रस्तुत किया। पश्चिम भारत विज्ञान मेले में कक्षा 12वीं की डिम्पल ठाकुर ने एकल परियोजना में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

वहीं योगिता टंडन एवं गरिमा की धान के सुरक्षित भंडारण के लिए प्राकृतिक संसाधनों पर आधारित समूह परियोजना को द्वितीय स्थान मिला। छात्राओं के मॉडलों का चयन संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए भी किया गया है। सभी मॉडल मार्गदर्शक शिक्षक हेमन्त कुमार साहू के निर्देशन में तैयार किए गए। छात्राओं की सफलता पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी धरम चन्द जैन, प्राचार्य डॉ. तारा त्रिपाठी, बीआरसीसी राज शेखर साहू सहित विद्यालय परिवार ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

गुखेरा स्कूल के 120 बच्चों ने किया न्योता भोज

आरंग। विकासखंड आरंग अंतर्गत संकुल खमतराई के शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक विद्यालय गुखेरा में संकुल समन्वयक हरीश दीवान का जन्मदिन सादगी, उत्साह और आत्मीयता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में संकुल समन्वयक हरीश दीवान ने केक काटकर तथा चॉकलेट बांटकर उपस्थित सभी बच्चों और शिक्षकों का मुंह मीठा कराया।

इस खास अवसर को यादगार बनाते हुए स्कूल प्रशासन द्वारा 'न्योता भोज' का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के लगभग 120 बच्चों को स्नेहपूर्वक स्वादिष्ट समोसा और जलेबी का नाश्ता कराया गया। आयोजन के दौरान एक संक्षिप्त गरिमामय कार्यक्रम भी संपन्न हुआ, जिसमें संकुल समन्वयक हरीश दीवान ने बच्चों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व और जीवन में अनुशासन पर प्रेरणादायी विचार साझा किए।

वहीं, विद्यालय के शिक्षक एवं कवि अरविंद वैष्णव ने अपनी ओजस्वी एवं भावपूर्ण कविता पाठ से कार्यक्रम में समां बांध दिया। इस अवसर पर सरपंच रेवती पुरुषोत्तम सोनवानी सहित कार्यक्रम को खास बनाने में प्रधान पाठक केके साहू, घनश्याम साहू, रामनारायण कन्नौजे, नोहर लाल यादव, विमला चौहान, फातिमा जांगड़े आदि की सहभागिता रही।



कुरूद स्कूल में शौचालय, पेयजल व खुले ट्रांसफार्मर लेकर बीईओ को सौंपा ज्ञापन

मंदिर हसौद। राजधानी रायपुर के समीप स्थित नगर पालिका परिषद मंदिर हसौद के अंतर्गत स्थित कुरूद के शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में छात्र-छात्राओं के लिए स्कूल में शौचालय और पानी की समस्या को लेकर विकासखंड शिक्षा अधिकारी को अवगत कराया गया। साथ ही स्कूल परिसर में फैली हुई गंदगी और बिजली ट्रान्सफर का खुला होना भविष्य में बड़ी घटना को आमंत्रण दे रहे हैं। इस सभी समस्या को लेकर रंगू लाल धीवर द्वारा विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा कर व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग किया गया।

आरंग में 8.30 लाख रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

नगर पालिका परिषद आरंग के विभिन्न वार्डों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार की दिशा में पालिका अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन ने लगभग 8.30 लाख रुपये की लागत से होने वाले दो महत्वपूर्ण विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया। इसके तहत 15वें वित्त आयोग मद से वार्ड क्र. 11 में रंगमंच से केवशी तालाब तक 4.09 लाख रुपये की लागत से सीमेंट कंक्रीट (सीसी) सड़क का निर्माण कराया जाएगा। वहीं, वार्ड क्रमांक 01 स्थित गौरव पथ के पास कर्मा भवन (साहू समाज सामुदायिक भवन) में 4.21 लाख रुपये की लागत से पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य किया जाएगा। बहुप्रतीक्षित मांग पूरी होने पर स्थानीय नागरिकों ने आभार व्यक्त किया। भूमिपूजन के अवसर पर पालिका अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन ने कहा कि आरंग नगर के सभी वार्डों में बुनियादी अधोसंरचना को मजबूत करना और जनसुविधाएं उपलब्ध कराना परिषद की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्माण एजेंसी को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और तय समय-सीमा के भीतर निर्माण कार्य पूर्ण करना अनिवार्य होगा। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष हीरामन कोसले, पार्षद नरेंद्र लोधी, बीरेंद्र गोलू कंडरा, पार्षद प्रतिनिधि राकेश सोनकर, खिलेश धुरंधर, तोषण साहू, एल्डरमेन निर्मला साहू, इंजीनियर केशनाथ साहू, खूबचंद साहू, टिकेश्वर गिलहरे, भोलाराम साहू, शेखर साहू, श्रवण साहू, विजय साहू, रमेश साहू और सालिक राम साहू सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। स्थानीय निवासियों ने वर्षों पुरानी मांग पूरी होने पर नगर पालिका अध्यक्ष एवं परिषद के प्रति आभार जताया।



1.50 लाख रुपए की लागत से तैयार हो रहा स्वागत द्वार

चरौदा स्कूल में भव्य प्रवेश द्वार, शिक्षक महेंद्र पटेल की पहल से जनसहयोग की अनूठी मिसाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

जहां चाह, वहां राह इस कहावत को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चरौदा के नवाचारी शिक्षक महेंद्र कुमार पटेल ने चरितार्थ कर दिखाया है। उनकी अनूठी पहल और जनभागीदारी के बलबूते स्कूल का एक भव्य और आकर्षक प्रवेश द्वार आकार ले रहा है। शिक्षक महेंद्र पटेल को इस प्रकार के सामाजिक व शैक्षणिक नवाचारों के लिए ही इस वर्ष प्रतिष्ठित 'राज्य शिक्षक पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है। शिक्षक महेंद्र पटेल बताते हैं कि विद्यालय आते-जाते समय भिलाई के सीआरपीएफ कैंप का भव्य प्रवेश द्वार उन्हें हमेशा आकर्षित करता था। तभी उनके मन में विचार आया कि बच्चों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने के लिए उनके स्कूल का मुख्य द्वार भी ऐसा ही भव्य होना चाहिए। उनका मानना है कि विद्यालय विद्या का मंदिर है, जहां प्रवेश करते ही विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति प्रेरणा और गुरुजनों के प्रति अटूट विश्वास जागृत होना चाहिए।

डेढ़ लाख की लागत से बिना शासकीय मदद के हो रहा निर्माण



शिक्षक पटेल ने जब इस भव्य द्वार का प्रस्ताव शाला प्रबंधन समिति की बैठक में रखा और खुद अंशदान की पहल की, तो उनकी निष्ठा देखकर पूरा गांव एकजुट हो गया। सरपंच, पंच, पालकों और महिला संगठनों ने उदारता से सहयोग दिया, जिससे देखते ही देखते हजारों रुपए एकत्र हो गए। बिना किसी शासकीय सहायता के लगभग डेढ़ लाख रुपए की लागत से यह स्वागत द्वार तैयार हो रहा है। इतना ही नहीं, शिक्षक पटेल ने अपने राज्य शिक्षक पुरस्कार में मिली राशि को भी इस द्वार के निर्माण में समर्पित कर दिया। उनका कहना है कि छत्तीसगढ़ दानवीरों की धरती है और हर काम के लिए सरकार पर निर्भर रहना सही नहीं है; नागरिकों को शिक्षा के मंदिरों को संवारना भी अपना धर्म समझना चाहिए। इस प्रेरणादायी कार्य को मूर्त रूप देने में संस्था प्रधान कीर्ति कुमार परमाल, शिक्षक सूर्यकांत चंद्राकर, दीनदयाल धीवर, डिलेश्वर साहू, सुशील आवड़े, जितेन्द्र यदु तथा शिक्षिका संगीता पाटले, पायल शुक्ला, पार्वती साहू व प्रभा साहू का पूरा सहयोग रहा। इसके साथ ही सरपंच देवशरण धीवर, उपसरपंच रवि बंजारे, एसएमसी अध्यक्ष चेतन पैगंबर, शिक्षाविद सकुन चंद्राकर, प्रेमलाल साहू, देवनाथ बंजारी, कन्हैया धीवर, दीपक फरिकार, संतोष कोसरिया, अमित साहू, मनीराम तारक, रेखराज धीवर, लक्ष्मण साहू, राजू साहू, राजा सेन, टीकम धीवर, हेमाराम परमार, दिलीप धीवर, पूर्णिमा धीवर, इंद्राणी महिला समूह, लक्ष्मी साहू और दुकेश धीवर समेत समस्त ग्रामवासियों का विशेष योगदान रहा। वहीं निर्माण कार्य में प्रेमलाल साहू, महेंद्र पटेल, संतोष कोसरिया, राकेश साहू और दुलार साहू ने अपनी अहम भूमिका निभाई है।

सोशल मीडिया पर मंत्री गुरु खुशवंत के खिलाफ अभद्र टिप्पणी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब के खिलाफ सोशल मीडिया पर कथित अभद्र एवं आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने के मामले में रायपुर सिविल लाइन थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोशल मीडिया पर की गई कथित अभद्र टिप्पणी को लेकर सतनामी समाज के लोगों ने सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराई थी।



शिकायत के आधार पर पुलिस ने 17 अगस्त 2026 को भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 296, 196 एवं 353(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू की थी। पुलिस ने जांच के दौरान आरोपी जयप्रकाश निराला (30 वर्ष), पिता नंदकुमार निराला, निवासी कचना हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, ब्लॉक नंबर 1, थाना खम्हारडीह, रायपुर को गिरफ्तार किया। इसके बाद उसे न्यायिक प्रक्रिया के तहत जेल दाखिल किया गया। इस मामले ने सोशल मीडिया पर जिम्मेदार व्यवहार और सार्वजनिक संवाद में मर्यादा बनाए रखने की आवश्यकता को रेखांकित किया है।

सोशल मीडिया पर विचार व्यक्त करना प्रत्येक नागरिक का अधिकार है, लेकिन अभिव्यक्ति के दौरान कानून का पालन करना और दूसरों के प्रति सम्मानजनक भाषा का इस्तेमाल करना भी जरूरी है। आम नागरिकों से अपील है कि सोशल मीडिया का उपयोग जिम्मेदारी के साथ करें तथा किसी भी प्रकार की अभद्र या आपत्तिजनक सामग्री साझा करने से बचें। कानून का उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जा सकती है।

खबर संक्षेप



बीएसएफ जवानों ने फिटनेस स्वस्थ्य भारत का दिया संदेश

रायपुर। कमांड मुख्यालय (स्पेशल ऑपरेशंस), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) नया रायपुर ने फिट इंडिया स्वच्छता फ्रीडम रन 7.0 का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बीएसएफ जवानों में फिटनेस, स्वस्थ जीवनशैली, स्वच्छता और पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देना था। जवानों ने फिटनेस, स्वच्छता और स्वस्थ भारत, का संदेश फैलाने के लिए उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौड़ ने अच्छे स्वास्थ्य के लिए नियमित शारीरिक गतिविधि के महत्व और आसपास को साफ-सुथरा रखने की जिम्मेदारी पर जोर दिया। बीएसएफ नया रायपुर ने फिट इंडिया और स्वच्छ भारत के राष्ट्रीय संकल्प को दोहराया। जवानों से आग्रह किया गया कि वे फिटनेस को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं और स्वच्छ, स्वस्थ राष्ट्र निर्माण में योगदान दें। कार्यक्रम का समापन फिट इंडिया स्वच्छ इंडिया की भावना के साथ फिटनेस, स्वच्छता, अनुशासन और सामुदायिक जिम्मेदारी की शपथ के साथ हुआ।

अवधपुरी मैदान पर मां मातंगी दिव्य धाम दरबार, उमड़ी भीड़



रायपुर। अवधपुरी मैदान गुढ़ियारी में मां मातंगी दिव्य धाम के डॉ. प्रेमासाईं महाराज के पंच दिवसीय भव्य दिव्य दरबार के चतुर्थ दिवस मां मातंगी की आरती में आयोजक ओमप्रकाश मिश्रा, कृष्णा कान्हा बाजारी एवं संतगण शामिल हुए। मां मातंगी दिव्य धाम में विशेष आमंत्रित अतिथि बतौर विधायक मोतीलाल साहू शामिल हुए। दरबार में छत्तीसगढ़ के अलावा मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, आंध्रप्रदेश, पश्चिम बंगाल आदि अन्य प्रदेशों के भी श्रद्धालु आए थे। दिव्य धाम का पूरा पंडाल खचाखच भरा था, वितरित कूपन के माध्यम से पीड़ित श्रद्धालुओं को महाराज मंच में बुलाकर उनके कष्टों को बताकर उसका निवारण भी बता रहे थे।

रायपुर की चरमराई सफाई व्यवस्था के खिलाफ धरना

रायपुर। रायपुर शहर में लगातार चरमराती सफाई व्यवस्था, जगह-जगह लगे कचरे के ढेर तथा नियमित साफ-सफाई के अभाव को लेकर जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) युवा प्रकोष्ठ द्वारा शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने के लिए 28 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नवीन अग्रवाल ने कहा कि राजधानी रायपुर को स्वच्छ एवं सुंदर शहर बनाने के दावे किए जाते हैं, लेकिन शहर के अनेक इलाकों में कचरे के ढेर, गंदगी और नियमित सफाई के अभाव की स्थिति चिंताजनक है।

निधन

मन्नू लाल ठाकुर

रायपुर। आरंग ब्राह्मणपारा रामनगर



चौक निवासी मन्नू लाल ठाकुर (68) का 24 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार दुम्मवा तालाब मुक्तिधाम में किया गया। वे सविता बाई ठाकुर के पति और विनोद, नरेंद्र, नरेश के पिता थे।

// आम सूचना //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय का आबंटन आदेश क्रमांक 1927 दिनांक 07.03.2011 के द्वारा गातापार, अभनपुर में दीनदयाल आवास एल.आई.जी. भवन क्रमांक-366 को श्रीमती एस.के.वर्मा पति श्री बी.एल.वर्मा के नाम पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 03.12.2015 को विक्रय विलेख (लीजडीड) का निष्पादन करा लिया गया है। भवन का आधिपत्य आदेश दिनांक 31.03.2016 को प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में श्रीमती एस.के.वर्मा पति श्री बी.एल.वर्मा, निवासी आर.डी.सा चोपड़ा मिल के पीछे, नया मुण्डा वार्ड, जगदलपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्रीमती रेखा सोनी पति श्री राजेश सोनी, निवासी भखारा, तहसील भखारा, जिला धमतरी (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः गातापार, अभनपुर में दीनदयाल आवास एल.आई.जी. भवन क्रमांक- 366 के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा प्रबंधक,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल
प्रक्षेत्र- नवा रायपुर अटल नगर

अनुपम गार्डन की सुधरेगी दशा, बच्चों के लिए प्ले एरिया, जलभराव की समस्या होगी दूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के जीई रोड स्थित अनुपम गार्डन की दशा सुधरेगी। रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने जोन के अधिकारियों को गार्डन के विकास और सौंदर्यीकरण के लिए सप्ताहभर के अंदर प्रस्ताव बनाकर देने के निर्देश दिए। श्री मूणत मंगलवार को महापौर मीनल चौबे, एमआईसी सदस्य दीपक जायसवाल, सभापति सूर्यकांत राठौर सहित वार्ड पार्षद के साथ अनुपम गार्डन की व्यवस्था का औचक निरीक्षण करने पहुंचे।

इस दौरान उन्होंने अनुपम गार्डन के जल्द विकास और सौंदर्यीकरण कार्य करवाने डीपीआर तैयार कर प्रस्तुतिकरण देने की हिदायत दी। गार्डन के विकास और सौंदर्यीकरण कार्य के लिए राज्य शासन से 80 लाख रुपए की स्वीकृति हाल ही में प्रदान की गई है।

ठाकुर प्यारेलाल वार्ड अंतर्गत अनुपम गार्डन के समीप जलभराव की समस्या दूर करने नाली मरम्मत और निर्माण का कार्य कराया जाएगा। इसके साथ ही गार्डन एरिया में गजीबो की तर्ज पर युवाओं के लिए एक ओपन लाइब्रेरी बनाने का प्लान है, जिसमें सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे का समय स्टूडेंट के लिए रहेगा, क्षेत्र में वाईफाई की सुविधा भी विकसित की जाएगी। इसके अलावा अनुपम गार्डन की लाइट व्यवस्था को और बेहतर बनाया जाएगा। बगीचे में सुबह शाम आने वाले लोगों के बैठने के लिए बैठक व्यवस्था को सुधारने की योजना है।

विधायक राजेश मूणत ने महापौर के साथ गार्डन की व्यवस्था का किया औचक निरीक्षण

बच्चों के लिए प्ले एरिया अनुपम गार्डन में छोटे बच्चों के खेलने के लिए अलग से प्ले एरिया विकसित करने और रनिंग ट्रैक बनाने के भी प्लानिंग है। अनुपम गार्डन की व्यवस्था का औचक निरीक्षण के दौरान रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने जोन 7 जोन कमिश्नर डॉ तृप्ति पाणीग्रही, जोन 7 उपअभियंता अर्जिता दीवान,जिज्ञासा जैन, विक्रम सिंह ठाकुर को अनुपम गार्डन का शीघ्र डीपीआर बनाकर योजना के प्रस्तावों पर प्रस्तुतिकरण करवाने निर्देशित किया है। अनुपम गार्डन की व्यवस्था के औचक निरीक्षण के दौरान नगर निगम रायपुर के सभापति सूर्यकान्त राठौड़, छत्तीसगढ़ राज्य लौह शिल्पकार विकास बोर्ड अध्यक्ष प्रफुल्ल विश्वकर्मा, एमआईसी सदस्य दीपक जायसवाल,सुमन पाण्डेय, जोन अध्यक्ष अंबर अग्रवाल, पार्षद महेन्द्र औसर, एल्डरमैन अनिल सोनकर, बी. श्रीनिवास राव, पूर्व पार्षद आशीष अग्रवाल, दिलीप यद्दु, रायपुर शहर जिला भाजपा के पूर्व अध्यक्ष अशोक पाण्डेय, सामाजिक कार्यकर्ता बजरंग खंडेलवाल सहित गणमान्यजन, सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



- सौंदर्यीकरण और विकास कार्य का डीपीआर तैयार करवाने दिए निर्देश
- शासन से मिली है 80 लाख की स्वीकृति, प्रपोजल मांगा

गार्डन के समीप लगेगी एसएस रेलिंग, थ्रीडी पेंटिंग का काम

ठाकुर प्यारेलाल वार्ड क्षेत्र में अनुपम गार्डन के पास अधोसंरचना मद अंतर्गत अनुपम गार्डन के समीप एसएस रेलिंग लगाने का काय, 2 डी पेंटिंग और पेवर लगाने का कार्य कराया जाएगा। नाली मरम्मत और निर्माण कार्य करवाने मार्ग सौंदर्यीकरण के कार्यो का श्रीफल फोड़कर विधायक राजेश मूणत और महापौर मीनल चौबे ने भूमिपूजन किया। इस मौके पर जोन 5 कमिश्नर राकेश शर्मा, कार्यपालन अभियंता पदमाकर श्रीवास, सहायक अभियंता नागेश रामटेके, उप अभियंता प्राची चौबे उपस्थित रहीं।

डॉक्टर की पर्ची के बिना बेच रहे थे प्रतिबंधित नशीली सिरप

मेडिकल स्टोर में नशीली सिरप का कारोबार, संचालक समेत 2 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के लभांडी क्षेत्र में मेडिकल स्टोर की आड़ में प्रतिबंधित नशीली सिरप का कारोबार किया जा रहा था, पुलिस ने इस मेडिकल दुकान में छापा मारकर यहां से बड़ी मात्रा में कोडिन सिरप जब्त करते हुए मेडिकल स्टोर के संचालक समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को आशंका है कि नशीली सिरप सहित अन्य प्रतिबंधित दवाइयों के कारोबार में कई लोग शामिल हो सकते हैं। इस शक के आधार पर आरोपियों से खरीदी-बिक्री से संबंधित पूछताछ की जा रही है।

तेलीबांधा थाना प्रभारी से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि लभांडी क्षेत्र के ब्रम्हदेव नगर में संचालित विनायक मेडिकल स्टोर में अवैध रूप से नशीली सिरप बेची जा रही है। इस सूचना के आधार पर एण्टी क्राइम एंड साइबर यूनिट, एंटी नारकोटिक्स टॉस्क फोर्स एवं तेलीबांधा पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 26 अक्टूबर को मेडिकल स्टोर में छापा मारा। इस दौरान स्टोर में मेडिकल स्टोर का संचालक धीरज कुमार दुबे 48 वर्ष निवासी आकृति विहार अमलीडीह एवं जीत सिंह सूर्यवंशी उर्फ ज्ञानेंद्र सिंह 29 वर्ष निवासी ब्लॉक 11, लभांडी सूरज नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी मौजूद था।

पुलिस ने स्टोर में जांच करते हुए 32 शीशी प्रतिबंधित नशीली सिरप कोडिन बरामद की। इसकी कीमत लगभग 12800 रुपए है। मौके से बरामद प्रतिबंधित नशीली सिरप से संबंधित खरीदी के कोई दस्तावेज नहीं मिले। इस आधार पर पुलिस ने दोनों को धारा 21(सी) नारकोटिक एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया।

मेडिकल स्टोर में पकड़ा गया दूसरा आरोपी पूर्व में जा चुका है जेल



इस कार्रवाई के दौरान मेडिकल स्टोर से गिरफ्तार हुआ सूर्यवंशी उर्फ ज्ञानेंद्र पूर्व में भी नारकोटिक एक्ट के प्रकरण में जेल जा चुका है। बताया गया कि दोनों आरोपी मेडिकल स्टोर में बिना डाक्टर पर्ची के नशीली सिरप बेचा करते थे। इससे आशंका जताई जा रही है कि कहीं न कहीं दोनों नशीली दवाइयों के अवैध कारोबार करने वालों के संपर्क में हैं, जिनके माध्यम से वे नशीली सिरप की खरीदी कर बिक्री करते हैं। पुलिस इस कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

लगभग 17 लाख की कीमत के डकैती के सामान सहित घटना में प्रयुक्त वाहन एवं अन्य सामग्री जब्त

कबीरनगर डकैती के मामले में शामिल 5 और गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के कबीर नगर में डकैती कांड को अंजाम देने वाले गिरोह के 5 और आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस 3 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है, वहीं ये सभी आरोपी घटना के बाद से फरार थे। जांच-पड़ताल करते हुए पुलिस ने इन आरोपियों को भी ढूंढ निकाला। इनके कब्जे से डकैती के दौरान ले गए 17 लाख रुपए कीमत के सामान भी बरामद किए हैं।

कबीर नगर प्रभारी ने बताया कि डकैती मामले में धारा 127(2), 310(2) बीएनएस के तहत थाने में दर्ज प्रकरण में पूर्व में संदीप नेताम, अजीत भारती एवं उमेंद्र ठाकुर उर्फ उमेन को गिरफ्तार किया था। इन तीनों से की गई पूछताछ में उनके साथियों की पहचान करते हुए उनकी तलाश की जा रही थी। इस दौरान आरोपियों के संभावित छिपने के स्थानों पर दबिश देकर अन्य 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

इनमें समीर सोनी उर्फ बुच्ची 31 वर्ष निवासी देवारपारा सुभाष नगर, रामा मरकाम (देवार) 30 वर्ष निवासी बीएसयूपी कालोनी सरोना, गोकुल यादव 21 वर्ष निवासी देवारपारा सुभाष नगर, संदीप नागरिया 24 वर्ष निवासी बीएसयूपी कालोनी एवं कृष्णा देवार 28 वर्ष निवासी देवारपारा सुभाष नगर शामिल हैं। इन आरोपियों के कब्जे से लगभग 17 लाख रुपए कीमत के डकैती के सामान सहित घटना में प्रयुक्त सामान व चारपहिया, दोपहिया वाहन भी जब्त किया है।

अब तक 8 गिरफ्तार



आरोपियों के खिलाफ पुराने रिकॉर्ड भी

गिरफ्तार किए गए आरोपियों के खिलाफ पुराने रिकार्ड भी हैं। इनमें समीर सोनी उर्फ बुच्ची पर तेलीबांधा थाना में चोरी एवं मारपीट के प्रकरण दर्ज हैं। मंदिर हसौद थाने में रामा मरकाम पर चोरी का मामला, गोकुल यादव के खिलाफ तेलीबांधा एवं विधानसभा में चोरी, बलवा एवं मारपीट के प्रकरण तथा संदीप नागरिया पर तेलीबांधा में चोरी एवं आबकारी एक्ट के प्रकरण दर्ज हैं। सभी आरोपी पूर्व में भी इन प्रकरणों में जेल जा चुके हैं।

निगम आयुक्त-एमआईसी सदस्य संजना हियाल ने किया निरीक्षण

गुरु तेगबहादुर उद्यान का कायाकल्प

रायपुर। नगर निगम जोन 4 की टीम ने जीई रोड स्थित रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के गुरू तेग बहादुर उद्यान परिसर का एक ही दिन में ही कायाकल्प कर दिखाया। उद्यान परिसर में व्यवहारिक आवश्यकता के अनुरूप आवश्यक सुधार, मरम्मत कार्य, घास और लान सहित पेड़ों की व्यवस्थित छंटाई कार्य करवाए गए। इससे उद्यान परिसर का नया स्वरूप देखने को मिला। उद्यान के कायाकल्प के लिए रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा और महापौर मीनल चौबे और आयुक्त संबित मिश्रा ने जोन 4 अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इसके बाद जोन की टीम ने उद्यान परिसर में प्रत्यक्ष निरीक्षण कर आवश्यक सुधार कार्य कराए। निगम आयुक्त संबित



मिश्रा ने गुरु तेगबहादुर उद्यान परिसर में जोन 4 द्वारा कराये गए कार्य का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया, इस दौरान आयुक्त ने जोन 4 की टीम के कार्य की सराहना की । इस दौरान एमआईसी सदस्य संजना हियाल, अपर आयुक्त विनोद पांडे, जोन 4 जोन कमिश्नर डॉ दिव्या चंद्रवंशी, कार्यपालन अभियंता शेखर सिंह सहित वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

रैली के दौरान स्टंट, एबीवीपी के खिलाफ थाने पहुंची एनएसयूआई

रायपुर। सप्रे मैदान में 26 अक्टूबर को आयोजित एबीवीपी रैली के दौरान वाहन से स्टंट किए जाने और पत्रकारों के साथ कथित अभद्रता के मामले को लेकर एनएसयूआई ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में एनएसयूआई के जिला उपाध्यक्ष तारिक अनवर खान के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने सिटी कोतवाली थाना पहुंचकर शिकायत



दर्ज कराई और मामले में एफआईआर दर्ज करने की मांग की। एनएसयूआई का कहना है कि सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में रैली के दौरान सप्रे मैदान में वाहन से स्टंट किए जाने की घटना दिखाई दे रही है। इस दौरान एक मीडिया कर्मी की जान बाल-बाल बचने का दावा भी किया गया है। एनएसयूआई ने पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए वायरल वीडियो सहित उपलब्ध साक्ष्यों की जांच कर जिम्मेदार लोगों की पहचान करने और दोष पाए जाने पर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

आयोजकों की जिम्मेदारी सुरक्षा

गौरतलब है कि सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने लोकतंत्र बचाओ रैली निकाली थी। सप्रे शाला मैदान से महिला थाना तक निकाली गई रैली में कुछ कार्यकर्ताओं द्वारा वाहनों में स्टंट किया गया। इस दौरान ड्यूटी पर तैनात मीडियाकर्मियों को बचने के लिए अपनी जान बचाने के लिए पीछे की ओर कूदना पड़ा। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

बिजनेस साइट

यूनिवर्सल सर्विसेज में एक्सचेंज धमाका ऑफर, टीवी-फ्रिज समेत इलेक्ट्रॉनिक्स पर आकर्षक छूट

रायपुर। त्योहारी सीजन में ग्राहकों को इलेक्ट्रॉनिक्स और घरेलू उपकरणों की खरीदारी पर बचत का मौका देने के लिए यूनिवर्सल



सर्विसेज ने एक्सचेंज धमाका ऑफर पेश किया है। सिटी कोतवाली चौक और रिंगरोड नंबर-1, राजेंद्र नगर स्थित शोरूम में ग्राहकों को टीवी, एसी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन, डिशवॉशर और अन्य उत्पाद आकर्षक कीमतों पर मिल रहे हैं। ऑफर के तहत 85 इंच क्यूएलईडी टीवी 99,990 रुपए, 75 इंच एलईडी टीवी 64,900 रुपए और 65 इंच 4के टीवी 44,900 रुपए में उपलब्ध है। वहीं 1.5 टन कॉपर एसी की शुरुआती कीमत 24,500 रुपए रखी गई है। फ्रिज 20,900 रुपए और वॉशिंग मशीन 7,500 रुपए से उपलब्ध हैं। ग्राहकों को चुनिंदा उत्पादों पर एक्सचेंज बोनस, क्रेडिट कार्ड कैशबैक और ईएमआई की सुविधा भी मिलेगी। शोरूम में एलजी, सैमसंग, सोनी, मित्सुबिशी, पैनासोनिक और बॉश सहित कई प्रमुख ब्रांड के उत्पाद उपलब्ध हैं। संस्थान ने एक्सप्रेस डिलीवरी और वैलेट पार्किंग की सुविधा भी दी है।

मंगलम और शंकरा हुंडई में नई बेयॉन लॉन्च, कीमत 9.99 लाख रुपए से शुरू

फोटो - सिटी में हुंडई<B>

रायपुर। मंगलम हुंडई के देवपुरी स्थित शोरूम और शंकरा हुंडई में नई हुंडई बेयॉन एसयूवी लॉन्च की गई। मंगलम हुंडई के कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम मुख्य अतिथि रहे। वहीं, शंकरा हुंडई के शुभारंभ समारोह में मोवा पार्षद मोहन साहू और एसबीआई के चीफ मैनेजर गौरव भटनागर शामिल हुए। नई बेयॉन की एक्स-शोरूम कीमत 9.99 लाख से 17.99 लाख रुपए तक है। यह सात ट्रिम्स में मैनुअल और ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन विकल्पों के साथ उपलब्ध है। कार में 1.5 लीटर पेट्रोल इंजन, 12.3 इंच की दो स्क्रीन, छह एयरबैग और लेवल-2 एडीएएस जैसे फीचर्स हैं। जनरेटिव एआई वॉइस असिस्टेंट से यात्रा की योजना, मौसम की जानकारी और होटल-रेस्टोरेंट खोजने जैसी सुविधाएं मिलेंगी। मंगलम हुंडई में 11 हजार रुपए में बुकिंग और डिलीवरी शुरू हो चुकी है। दोनों शोरूम के प्रतिनिधियों ने ग्राहकों को बेहतर सेवा देने की प्रतिबद्धता जताई।



भोजन नली में फंसा पत्थर, अहलूवालिया हॉस्पिटल में एंडोस्कोपी से बची मासूम की जान

फोटो - सिटी में गौरव, गौरव1

रायपुर। रामसागर पारा स्थित अहलूवालिया हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने 10 माह के बच्चे की भोजन नली में फंसा करीब 1.5 सेंटीमीटर का सीमेंट का पत्थर एंडोस्कोपी से सफलतापूर्वक निकाल लिया। छत्तीसगढ़ के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र से



परिजन बच्चे को देर रात गंभीर हालत में अस्पताल लेकर पहुंचे थे। उसे निगलने में परेशानी, लगातार उल्टी और बेचैनी हो रही थी। जांच में भोजन नली में बड़ा और कठोर पत्थर फंसा मिला। आकार बड़ा होने और भोजन नली का रास्ता संकरा होने के कारण इसे एक बार में निकालना संभव नहीं था। ऐसे में डॉक्टरों ने एंडोस्कोपिक तकनीक से पत्थर को दो टुकड़ों में विभाजित कर सुरक्षित बाहर निकाला। इस जटिल प्रक्रिया में डॉ. एसके अहलूवालिया, डॉ. गौरव अहलूवालिया, एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. ज्योतिर्मय चंद्राकर और ऑपरेशन थिएटर टीम की अहम भूमिका रही। समय पर उपचार मिलने से बच्चे की जान बच गई।

संजीवनी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में कैंसर, हृदय और न्यूरो रोगों के आधुनिक इलाज की सुविधा



रायपुर। संजीवनी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में कैंसर, हृदय, मस्तिष्क और रीढ़ की जटिल बीमारियों के उपचार के लिए आधुनिक तकनीक और विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं उपलब्ध हैं। अस्पताल के डायरेक्टर एवं सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. यूसुफ मेमन ने कहा कि मरीजों को महानगरों पर निर्भर हुए बिना अपने शहर में उन्नत चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना उद्देश्य है। सीनियर कैंसर सर्जन डॉ. अर्पण चतुरमोहता के नेतृत्व में कैंसर उपचार के लिए आधुनिक रेडिएशन तकनीक, ब्रैकीथैरेपी और टेली-रोबोटिक सर्जरी की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। कार्डियोलॉजी विभाग में डॉ. निखिल मोतीरामानी की देखरेख में आधुनिक कैथ लैब और कार्डियक सीटी जैसी सुविधाएं हैं। न्यूरोलॉजी में डॉ. राहुल पाठक और न्यूरोसर्जरी में डॉ. सागर राठौर सेवाएं दे रहे हैं। अस्पताल में इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी, यूरोसर्जरी, नेफ्रोलॉजी, पल्मोनोलॉजी और गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग भी संचालित हैं। इसके अलावा पैलिएटिव केयर, होम केयर, जांच सुविधाओं और 24 घंटे ब्लड बैंक के माध्यम से मरीजों की देखभाल की जा रही है।

बैंक ऑफ बड़ौदा की अनुषंगी कंपनी ने एनबीएफसी के रूप में शुरू किया परिचालन

रायपुर। बैंक ऑफ बड़ौदा की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी बॉब सिक्योरिटीज एंड गिल्ट एज लिमिटेड ने गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी-एनडी-आईसीसी) के रूप में परिचालन शुरू



कर दिया है। यह पहल सरकारी प्रतिभूतियों और ऋण पूंजी बाजार में बैंक की उपस्थिति मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। परिचालन की शुरुआत के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कंपनी के कॉर्पोरेट नाम और लोगो का अनावरण किया गया। साथ ही आधिकारिक वेबसाइट भी लॉन्च की गई। बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. देबदत्त चांद ने कहा कि कंपनी सरकारी प्रतिभूतियों और ऋण पूंजी बाजार के विकास में योगदान देगी। इसके माध्यम से बाजार में पारदर्शिता और कार्यक्षमता बढ़ाने के साथ निवेशकों की भागीदारी को प्रोत्साहित किया जाएगा। इसमें आरबीआई रिटेल डायरेक्ट प्लेटफॉर्म के जरिए निवेश करने वाले खुदरा निवेशक भी शामिल होंगे।

आईपीएससी शूटिंग चैंपियनशिप में राजकुमार कॉलेज का दबदबा, दोनों वर्गों में जीता खिताब



रायपुर। राजकुमार कॉलेज, रायपुर में 23 से 27 अक्टूबर तक आयोजित ऑल इंडिया आईपीएससी अंडर-14 एवं अंडर-19 बालक-बालिका शूटिंग चैंपियनशिप 2026 का समापन हुआ। प्रतियोगिता में 20 स्कूलों के 336 निशानेबाजों ने हिस्सा लिया। मेजबान राजकुमार कॉलेज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बालक और बालिका, दोनों वर्गों में ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी जीती। कॉलेज के खिलाड़ियों ने कुल 48 पदक अपने नाम किए, जिनमें 27 स्वर्ण, 16 रजत और 5 कांस्य पदक शामिल हैं। बालक टीम ने 24 और बालिका टीम ने भी 24 पदक जीते। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर कॉलेज के 12 विद्यार्थियों का चयन 70वें नेशनल स्कूल गेम्स 2026 के लिए हुआ है। समापन समारोह में राजकुमार कॉलेज सोसायटी की जनरल काउंसिल के अध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि राजा त्रिबिक्रम चंद्र देब और प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल अविनाश सिंह ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

पेज 09 के शेष

मौसम के मिजाज में बदलाव, बादल...

गतिविधि शुरू होने का अनुमान है। इसका ज्यादा प्रभाव बस्तर और उससे लगे जिलों में होने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञ इस चक्रवाती तूफान पर नजर रखे हुए हैं। अनुमान के मुताबिक चक्रवाती तूफान जब समुद्र तल से जमीन पर आएगा तब उसकी रफ्तार करीब डेढ़ सौ किमी. प्रति घंटे की हो सकती है। जमीनी सतह पर आने के बाद उसकी गति में धीरे-धीरे कमी आएगी। तूफान के लैंड फॉल करने का खासा असर छत्तीसगढ़ में भी होने का अनुमान है। इस दौरान भारी बारिश को लेकर आरेंज से लेकर रेड अलर्ट तक जारी किया गया है। माना जा रहा है कि इसका खासा असर बस्तर और उससे लगे जिलों में होगा। राजधानी में भी इसके प्रभाव से हवा की गति बढ़ने और हल्की से मध्यम बारिश होने के आसार हैं। तूफान के तट की ओर आगे बढ़ने का असर छत्तीसगढ़ के मौसम में मंगलवार से दिखाई पड़ रहा है। इसके प्रभाव से बादल छाने की वजह से दिन के तापमान में गिरावट आ गई। इसके अलावा दिन में हवा की गति बढ़कर 10 से 15 किमी. प्रतिघंटे के बीच हो गई। मौसम में हुए बदलाव की वजह से ठंडकता का अहसास होता रहा। बादलों के प्रभाव से रात के न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी होने का अनुमान है।

दो दिन रहेगा असरः मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक चक्रवाती तूफान के जमीन से टकराने के बाद इसकी गति में धीमे-धीमे कमी आएगी। बावजूद इसके यह राज्य के मौसम को दो दिन तक ज्यादा प्रभावित करेगा। बुधवार की शाम के बाद गुरुवार को दिनभर इसके असर से कहीं-कहीं बारिश अथवा तेज गति से हवा चलने की संभावना बनी हुई है। मौसम विभाग की ओर से सुकमा, बीजापुर, दक्षिण बस्तर, दंतेवाड़ा नारायणपुर, जगदलपुर, कोंडागांव में बादल गरजने, बिजली गिरने और 60 किमी. प्रतिघंटे तक आंधी चलने की संभावना है।

रायपुर में 30 किमी. तक हवाः मौसम विभाग के अनुसार इस दो दिन की अवधि में बस्तर के साथ धमतरी, बालोद, राजनांदगांव, गरियाबंद, महासमुंद, बलौदा बाजार, दुर्ग, बेमेतरा और रायपुर में 30 से 40 किमी. प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है। इस दौरान यहां भी बादल गरजने और बारिश होने की प्रबल संभावना है। बदले मौसम का प्रभाव 30 अक्टूबर को भी राज्य के कुछ हिस्से में रह सकता है।

शिक्षा विभाग का आदेश-मौसम...

के अनुसार विद्यालयों में अवकाश घोषित करने संबंधित निर्देश दिया गया है। अपने आदेश में स्कूल शिक्षा विभाग ने कहा, मौसम विभाग द्वारा जारी चेतावनी के अनुसार, राज्य के विभिन्न हिस्सों में चक्रवात के कारण भारी वर्षा व तेज हवाएं की आशंका है। अतः चक्रवात से उत्पन्न होने वाली आपातकालीन परिस्थितियों को देखते हुए समस्त जिला कलेक्टर्स को अपने-अपने जिलों में अपनी परिस्थितियों का आकलन तथा स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार विद्यालयों (शासकीय एवं अशासकीय) में अवकाश घोषित कर सकते हैं। नारायणपुर में 28 और 29 अक्टूबर लगातार दो दिनों के लिए स्कूल बंद रखने का आदेश है। बस्तर, सुकमा, दंतेवाड़ा, कोंडागांव और कांकेर जिले में सिर्फ एक दिन का अवकाश 28 अक्टूबर के लिए जारी किया गया है। हालांकि आवश्यकता होने पर इसमें वृद्धि की जा सकेगी। दंतेवाड़ा के कुछ क्षेत्रों में स्थिति को देखते हुए 27 अक्टूबर को भी छुट्टी घोषित की गई थी।

शिक्षकों ने पूछा-क्या हमारे पास रक्षा कवच? : विद्यालयों में अवकाश संबंधित कोंडागांव कलेक्टर के आदेश पश्चात जिले के शिक्षक नाराज हो गए। दरअसल, यहां जिला कलेक्टर द्वारा स्कूलों के लिए आदेश जारी करते हुए स्पष्ट किया गया कि यह अवकाश शिक्षकों के लिए नहीं है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने इसके पश्चात पत्र लिखकर पूछा कि क्या शिक्षक को आंधी तूफान और बारिश से बचाव के लिए रक्षा कवच मिला है? संघ के प्रदेशाध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा, छत्तीसगढ़ में बारिश, पानी आंधी-तूफान का एक बड़ा झंझावती दौर है। प्राकृतिक आपदा किसी छात्र, महिला, पुरुष, समुदाय व व्यक्ति विशेष के लिए नहीं होता। यह समग्र समुदाय के लिए होता है।

खदानें खुलने के बाद रेत के दाम...

खदानों में पानी भरा हुआ है। इस कारण इन खदानों के ठेकेदार अब तक खनन का काम शुरू नहीं कर पाए हैं। इसके कारण अभी भी रेत की सप्लाई सामान्य दिनों की तरह नहीं हो पा रही है। यही कारण है कि रेत के मूल्य में जो कमी आनी थी, वह आ नहीं पाई है।

सामान्य दिनों में कम होते हैं दामः सामान्य दिनों में सप्लाई सही होने पर बाजार में रेत मीडियम 14 से 15 रुपए फीट तथा बारीक 18 से 20 रुपए फीट में बिकती है। सूत्रों की मानें तो खदानें खुलने के बाद सप्लाई अभी भी लगभग 50 प्रतिशत हो रही है। इसके कारण बाजार में इसके मूल्य में गिरावट तो आई है, लेकिन मूल्य सामान्य से अभी भी ज्यादा है।

HEALTH TOWN

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी. सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें- 9009553889, 9090204620
पता - एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर
उपलब्ध सुविधाएँ-
- गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श
- नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
- बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
- सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
- बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
- आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार
- TPA की सुविधा

पाइल्स
क्षार सूत्र विशेषज्ञ, 15000 से ऊपर सफल चिकित्सा देश विदेशों में भी प्रचलित।
समय : सुबह 9.30 से रात 8.00 बजे तक
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(25 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
9039050422, 9179455561
सरस्वती दाल मिल के सामने, गली नं. 3, अशोक विहार, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, फाफाडीह मेन रोड, रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप

520 युवाओं के हाथों में स्वास्थ्य सेवाएं का नियुक्ति पत्र



रायपुर। छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने और आम लोगों तक बेहतर उपचार की पहुंच बढ़ाने की दिशा में 520 नवनियुक्त स्वास्थ्यकर्मी नई जिम्मेदारी संभालेंगे। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत विभिन्न संवर्गों में चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सहित प्रदेश के सभी कैबिनेट मंत्री उपस्थित रहे। मंत्रिपरिषद के सदस्यों की उपस्थिति में सभी चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। नवनियुक्त कर्मचारियों में स्टाफ नर्स के 208, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक (पुरुष) के 95, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक (महिला) के 94, फार्मासिस्ट के 25, वार्ड बॉय के 50 और वार्ड आया के 48 पदों पर चयनित अभ्यर्थी शामिल हैं। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि नवनियुक्त कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग में काम करना केवल नौकरी करना नहीं, बल्कि जरूरत के समय लोगों के साथ खड़े होकर उन्हें बेहतर स्वास्थ्य और जीवन की दिशा में सहयोग देना है।

रामेश्वर नगर बुद्ध विहार में 70वां धम्म दीक्षा समारोह मनाया गया



रायपुर। रामेश्वर नगर बुद्ध विहार, भनपुरी में महिला कल्याणकारिणी महाबोधि समाज द्वारा 70वां धम्म दीक्षा समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नागपदम तथा विशेष अतिथि के रूप में प्रणिता डोंगरे (धम्म प्रचारक), माया रजक और इन्द्रसेन गनवीर उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित सभी वक्ताओं ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन, उनके विचारों और धम्म दीक्षा के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। समारोह में लगभग 100 से 150 बौद्ध उपासक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बच्चों ने गाने, चुटकुले और डांस की सुंदर प्रस्तुति दी, वहीं बड़ों ने गाने और भाषण की प्रस्तुति दी। अंत में आभार प्रदर्शन किया गया और मैत्री भोज के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

एम्स में सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा के साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह की शुरुआत

रायपुर। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), रायपुर में केंद्रीय सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2026 के अवसर पर सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा का आयोजन किया गया। यह सप्ताह 26 अक्टूबर से 1 नवंबर तक "सत्यनिष्ठा से समृद्धि" विषय के अंतर्गत मनाया जाएगा। इस अवसर पर एम्स रायपुर के संकाय सदस्यों, अधिकारियों, नर्सिंग कर्मियों, कार्यालयीन कर्मचारियों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने संस्थान के अस्पताल परिसर, बाह्य रोगी विभाग, अंतःरोगी विभाग, मेडिकल कॉलेज तथा नर्सिंग कॉलेज में सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा ली। देशव्यापी पहल के अंतर्गत केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने ऑनलाइन माध्यम से देश के विभिन्न एम्स एवं चिकित्सा संस्थानों को सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा दिलाई गई। इसी क्रम में एम्स रायपुर के अधिकारियों, संकाय सदस्यों एवं कर्मचारियों ने भी ऑनलाइन माध्यम से इस प्रतिज्ञा में सहभागिता की। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत एम्स रायपुर में निबंध लेखन, प्रश्नोत्तरी, पोस्टर निर्माण एवं नारा लेखन प्रतियोगिताओं सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन भी किया जाएगा।

चैंबर का वोकल फॉर लोकल अभियान : स्थानीय दुकानदारों और स्वदेशी निर्माताओं से ही खरीदें सामान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाई दूज के मौके पर स्वदेशी उत्पाद को बढ़ावा देने प्रदेशव्यापी महाभियान

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज ने प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के नेतृत्व में त्योहारी सीजन दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाई दूज के अवसर पर स्थानीय व्यापार को गति देने और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने वोकल फॉर लोकल प्रदेश व्यापी महा अभियान चलाया है। आया त्योहार, चलो बाजार, रोशन बाजार, समृद्ध व्यापार का शुभारंभ मंगलवार को मटकी लाइन गोलबाजार से किया गया। चैंबर के पदाधिकारियों ने गोलबाजार में स्थानीय कुम्हारों से मिट्टी के दीये और स्वदेशी उत्पाद खरीदकर इस महाअभियान की शुरुआत की।

इस अवसर चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने कहा, त्योहारों की असली रौनक ऑनलाइन स्क्रीन पर नहीं, बल्कि हमारे अपने पारंपरिक बाजारों की चहल-पहल होती है। स्थानीय बाजार मजबूत होंगे तभी हमारे प्रदेश की अर्थव्यवस्था समृद्ध होगी और रोजगार के नए अवसर बनेंगे। उन्होंने प्रदेश वासियों से अपील की है कि इस दीपावली पर घर आंगन को चाइनीज लाइटों के बजाए स्थानीय पारंपरिक कारीगरों द्वारा बनाए गए शुद्ध मिट्टी के दीयों से रोशन करें। यही नही, हर जरूरत का सामान स्थानीय दुकानदारों और स्वदेशी निर्माताओं से ही खरीदें। त्योहारी सीजन के दौरान बाजारों की व्यवस्था का जिक्र करते हुए चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने कहा कि इस महा अभियान के अंतर्गत चैंबर का विशेष प्रतिनिधि मंडल रायपुर शहर के प्रमुख और व्यस्तम बाजारों का लगातार दौरा कर निरीक्षण करेगा। इसका मकसद यह सुनिश्चित करना है कि बाजारों में खरीददारीके लिए आने वाले आम नागरिकों और व्यापार कर रहे व्यापारियों को किसी तरह की परेशानी न हो। चैंबर पूरी तरह शासन-प्रशासन के साथ कदम से कदम मिलाकर आपसी सहयोग के साथ कार्य करेगा।



ये रहे शामिल

रोशन दीवाली रोशन बाजार कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष सतीश थौरानी ने गोलबाजार के विवेकानंद गुप्ता, कलीराम साहू, मोहम्मद अजीज ममदानीको चैंबर के नए मंत्री मनोनित कर चैंबर नेतृत्व को और मजबूत किया। इस अवसर पर चैंबर कोषाध्यक्ष निकेश बरड़िया, कार्यकारी अध्यक्ष राधाकिशन सुंदरानी, जसप्रीत सिंह सलूजा, राजेश वासवानी,स्वामी विवेकानंद-सदर बाजार वार्ड पार्षद मुरली शर्मा, उपाध्यक्ष लोकेश चंद्रकांत जैन, राजकुमार तारवानी, दिलीप इसरानी, प्रकाश लालवानी, मनीष प्रजापति, राजेश गिदवानी, राजकुमार राठी, सोनिया साहू, मंत्री प्रशांत गुप्ता, भरत पमनानी, पंकज जैन, सतीश बागड़ी, गुलाबचंद साहू, विवेकानंद गुप्ता, महिला चैंबर अध्यक्ष डॉ. इला गुप्ता, कोषाध्यक्ष - नम्रता अग्रवाल, मर्चेंट एसोसियेशन के अध्यक्ष सतीश जैन, महामंत्री कलीराम साहू, गोलबाजार व्यापारी संघ से धनराज जैन, दिनेश साहू,कन्हैया सचदेव, विनय गुप्ता सहित अन्य व्यापारी उपस्थित रहे।

राजीव गांधी चौक पर प्रदेशभर के ठेकेदारों ने सड़क पर उतर कर किया अनूठा प्रदर्शन

जल जीवन मिशन के ठेकेदारों ने कटोरा लेकर किया अर्धनग्न प्रदर्शन, मांगी भीख

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जल जीवन मिशन के प्रदेशभर के ठेकेदार मंगलवार को राजधानी में जुटे, राजीव गांधी चौक पर उन्होंने हाथ में कटोरा लेकर अर्ध नग्न प्रदर्शन कर राहगीरों से भीख भी मांगी। उनका कहना है कि पिछले 3 साल से जल जीवन मिशन के तहत कराए गए कार्यों का 5 हजार करोड़ रुपए बकाया है। सड़क पर उतरकर ठेकेदारों ने किए गए कार्यो के लंबित भुगतान की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। उनका कहना है, अधिकारियों को रिश्वत देनी है, इसलिए भीख मांग रहे हैं। इनके हाथों में तरह-तरह के स्लोगन लिखे पोस्टर भी नजर आए। इनमें पीएचई सचिव को हटाने और काम कराया सीना तान कर अब कटोरा थमाया श्रीमान जैसे नारे लिखे थे।

- 3 साल से अटका भुगतान, 5 हजार करोड़ बकाया

छत्तीसगढ़ कांट्रैक्टर एसोसियेशन के बैनर तले राजधानी के राजीव गांधी चौक पर जल जीवन मिशन के सैकड़ों ठेकेदार लंबित बकाया राशि का जल्द भुगतान कराने की मांग को लेकर प्रदर्शन करने पहुंचे।



आर्थिक स्थिति प्रभावित हुई

प्रदर्शन कर रहे ठेकेदारों का कहना है श्रमिकों का भुगतान, निर्माण सामग्री की कीमतें, बैंक ऋण की किस्तें चुकाने का दबाव उन पर है। एसोसियेशन के पदाधिकारियों का ये भी कहना है कि जल जीवन मिशन के तहत सिंगल और मल्टी विलेज, सौर ऊर्जा आधारित कार्य, रेट्रोफिटिंग, नलकूप खनन सहित विभिन्न योजनाओं के तहत निर्माण कार्य कराए गए हैं। पर इन कार्यों का एक अरसे से भुगतान नहीं होने से उनकी आर्थिक स्थिति प्रभावित हुई है। उन्होंने बकाया राशि के भुगतान को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय,उप मुख्यमंत्री और विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात करने के साथ ही ज्ञापन सौंपकर भुगतान की मांग की । इसके बाद भी जल जीवन मिशन के तहत कराए गए कार्यों के बिल का भुगतान अब तक नहीं हो पाया है।

मंत्रालय घेरने निकले किसानों को पुलिस ने रोका, 10 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन

किसानों की विभिन्न समस्याओं और बकाया भुगतान की मांग को लेकर मंगलवार को तूता धरना स्थल पर प्रदर्शन किया गया। भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में जुटे सैकड़ों किसानों ने मंत्रालय का घेराव करने के लिए कूच किया, लेकिन पुलिस ने बैरिकेड लगाकर उन्हें रोक दिया। कुछ देर तक किसान मौके पर डटे रहे। बाद में संबंधित अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपने और मांगों पर विचार करने का आश्वासन मिलने के बाद करीब एक घंटे चले प्रदर्शन का समापन हो गया। भारतीय किसान संघ के प्रदेश अध्यक्ष माधो सिंह ने बताया कि किसानों ने धान बोनस, समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी, बकाया भुगतान, सिंचाई परियोजनाओं और खेती से जुड़ी समस्याओं को लेकर आवाज उठाई। उनकी प्रमुख मांगों में वर्ष 2022-23 की धान खरीदी का बकाया 1700 करोड़ रुपये तत्काल भुगतान करना शामिल है। किसानों ने आरोप लगाया कि सरकार की घोषणा के बावजूद उन्हें पूरा भुगतान नहीं मिला है।

नया रायपुर के प्रभावित किसान भी पहुंचे

आंदोलन में नया रायपुर क्षेत्र के प्रभावित किसान भी शामिल हुए। किसान नेता रूपन चंद्राकर ने बताया कि उन्होंने क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं और मुआवजे के मुद्दों को भारतीय किसान संघ के सामने रखा है। संघ ने इन मांगों को सरकार तक पहुंचाने का आश्वासन दिया है। कुरुद से पहुंचे किसान राजकुमार सिन्हा ने अधिकारियों की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताई। उनका कहना था कि किसानों को अपनी बात रखने का अवसर मिलना चाहिए और उनकी मांगों पर तत्काल कार्यवाही की जानी चाहिए।

महिला उद्यमी, युवा व्यापारियों को कैट के राष्ट्रीय चेयरमैन ने दिया मार्गदर्शन



रायपुर। कैट के राष्ट्रीय चेयरमैन बृजमोहन अग्रवाल एक दिवसीय प्रवास पर रायपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कैट छत्तीसगढ़ के प्रदेश कार्यालय में प्रदेश पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में प्रदेश के व्यापारिक परिदृश्य, व्यापारियों की समस्याओं, संगठनात्मक गतिविधियों तथा व्यापार जगत को अधिक सशक्त बनाने जैसे विषयों पर चर्चा हुई। श्री अग्रवाल ने इस मौके पर महिला उद्यमी और युवा व्यापारियों को व्यापार संचालन में सफलता के सूत्र बताए।

- एक दिवसीय प्रवास पर राजधानी पहुंचे कैट के राष्ट्रीय चेयरमैन बृजमोहन अग्रवाल

कैट के नेशनल वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमैन विक्रम सिंहदेव, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि राष्ट्रीय चेयरमैन बृजमोहन अग्रवाल ने कैट छत्तीसगढ़ की संगठनात्मक सक्रियता एवं व्यापारी हितों के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए छत्तीसगढ़ इकाई को देश के सर्वश्रेष्ठ चैप्टरों में से एक बताया। उन्होंने संगठन की सक्रिय भूमिका को आगे भी बनाए रखने तथा व्यापारियों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से संबंधित मंचों पर उठाने के महत्व पर बल दिया।

बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में व्यापारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। व्यापारियों को अनुकूल व्यावसायिक वातावरण उपलब्ध कराना, उनकी समस्याओं का समाधान करना समय की आवश्यकता है। महिला उद्यमियों को आगे बढ़ाने और युवाओं को व्यापार एवं उद्यमिता के क्षेत्र में उचित मार्गदर्शन देने से आर्थिक विकास को नई दिशा मिलेगी।

डाक्टरों ने जीते गोल्ड-सिल्वर मेडल स्वास्थ्य सचिव ने किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

डाक्टरी की पढ़ाई करने और कई डाक्टरों ने मैदान में अपना हुनर दिखाते हुए विभिन्न खेलों में गोल्ड और सिल्वर मैडल जीते। मंगलवार को स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया ने उन्हें पुरस्कृत कि या । शा स की य जे ए न ए म मे डि क ल कालेज में वार्षिक खेल समारोह एनिग्मा 9.0 का आयोजन किया गया था। इस दौरान उन्होंने कहा कि खेल महाविद्यालयीन जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

- जेएन मेडिकल कालेज में वार्षिक खेल समारोह का आयोजन

कटारिया ने संबोधन में कहा कि व्यस्त कार्यक्रम और एक आवश्यक बैठक होने के बावजूद उन्होंने विद्यार्थियों के साथ संवाद करने के उद्देश्य से इस समारोह में शामिल होने का निर्णय लिया। खेल विद्यार्थियों को न केवल अनुशासन और टीम भावना सिखाते हैं, बल्कि हार को स्वीकार करने और उससे उबरने की शक्ति भी प्रदान करते हैं। जीत मिलने पर जो आनंद और संतुष्टि प्राप्त होती है, वह खेलों को और भी विशेष बनाती है। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में चिकित्सा शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संचालक एवं ऑर्थोपेडिक्स विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. सुबीर मुखर्जी तथा विशेष अतिथि के रूप में पं. नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय के एनाटॉमी विभाग के पूर्व प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. माणिक चटर्जी उपस्थित थे। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. विवेक चौधरी एवं अम्बेडकर अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने कार्यक्रम की मेजबानी की। आयोजन में स्टूडेंट यूनियन के अध्यक्ष डॉ. एसबीएस नेताम, स्पोर्ट्स कमेटी के अध्यक्ष डॉ. विवेक पात्रे तथा सह-अध्यक्ष डॉ. प्रदीप चंद्राकर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

खेल समिति में डॉ. राजेंद्र अहिरे, डॉ. करिश्मा सिंह, डॉ. कुशल चक्रवर्ती और डॉ. नागेंद्र सिंह सोनवानी शामिल थे। सभी विजेताओं को मुख्य अतिथि श्री अमित कटारिया ने मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. केके साहू एवं डॉ. कुशल चक्रवर्ती ने किया।



बीएसयूपी कालोनी तेलीबांधा की घटना

छत से गिरकर मौत, पुलिस ने कहा- आत्महत्या या नशे में साड़ी बांधकर उतरते समय गिरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर के तेलीबांधा थाना क्षेत्र की बीएसयूपी कॉलोनी में मंगलवार को सुबह बिल्डिंग के पीछे हिस्से में एक व्यक्ति मृत हालत में पड़ा मिला। मृतक इसी बिल्डिंग के चौथे फ्लोर पर रहता था। पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह पुष्टि की जा रही है कि उसकी हत्या नहीं, बल्कि छत से नीचे गिरकर उसकी मौत हुई है। जांच में बिल्डिंग के पीछे रास्ते में मृतक के घर की बाल्कनी में साड़ी लटकी पाई गई है, जिसे लेकर आशंका जताई गई है कि मृतक नशे की हालत में साड़ी के माध्यम से नीचे उतरने का प्रयास करते समय गिरा है, या फिर उसने आत्महत्या की है।

तेलीबांधा प्रभारी ने बताया कि सुबह करीब 8.15 बजे थाने में सूचना मिली कि बीएसयूपी कॉलोनी के आवासीय ब्लॉक के पीछे हिस्से में पुनेश यादव 40 वर्ष निवासी सूरजनगर मृत अवस्था में पड़ा हुआ है।

सिर खून से लथपथ था, जिसे देखकर पहले हत्या की आशंका जताई जा रही थी, लेकिन मौके पर पहुंची पुलिस की जांच में पता चला कि यह मामला आत्महत्या या फिर हादसे से जुड़ा हुआ है। मृतक बीएसयूपी बिल्डिंग के ऊपरी माले में अपनी पत्नी हेमिन यादव के साथ रहता था। उसकी पत्नी हॉस्पिटल में काम करती है, वहीं मृतक स्वयं शराब का आदी होने के साथ बेरोजगार था। जांच में यह भी पता चला है कि इन दोनों के दो बच्चे भी हैं, जो गांव में रहते हैं। यहां सिर्फ वे दोनों रहा करते थे। शराब का आदी होने के कारण पुनेश अक्सर अपनी पत्नी से झगड़ा एवं मारपीट किया करता था तथा रात में कई बार पत्नी को घर से भी निकाल चुका है। घर से निकालने के बाद वह अंदर से दरवाजा बंद कर देता था।

मजबूरी में हेमिन कॉलोनी में अपने परिचित के यहां रहने चली जाती थी। मृतका की पत्नी ने पुलिस को बताया कि घटना वाली रात को भी ऐसा ही हुआ था। शराब के नशे में झगड़ा करने के बाद उसे घर से निकाल दिया और दरवाजा अंदर से बंद कर दिया। इसके बाद वह रात गुजारने परिचित के यहां रहने चली गई।



घर के पीछे बाल्कनी में साड़ी टंगी मिली

पुलिस के अनुसार सुबह मृतक के घर का दरवाजा अंदर से बंद था। इसके अलावा उसके घर में दाखिल होने का कोई दूसरा रास्ता नहीं है। घर के पीछे हिस्से में बाल्कनी पर साड़ी लटकी मिली। इस साड़ी को देखकर पुलिस ने आशंका जताई है कि नशे की हालत में वह भूल गया होगा कि घर का दरवाजा अंदर से बंद है, इसलिए वह साड़ी के जरिए नीचे उतरने के दौरान गिरा है। मृतक के शरीर पर किसी प्रकार के हथियार या अन्य वस्तु के वार के निशान नहीं मिले हैं, इसलिए एक आशंका यह भी जताई जा रही है कि उसने कूद कर आत्महत्या की है। बहरहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। इसकी रिपोर्ट आने के बाद ही पुलिस इस मामले में आगे की कार्यवाही करेगी।

गोपाल वाजपेयी, क्रुणाल सिन्हा और विशाल शर्मा को कई घंटे थाने में बैठाए रखने का आरोप

माना-तूता के जंगल में पेड़ कटाई पर भड़की कांग्रेस, थाने में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

माना-तूता जंगल में प्रस्तावित फिल्मसिटी निर्माण के नाम पर पेड़ों की कटाई को लेकर कांग्रेस ने विरोध तेज कर दिया है। पेड़ों की कटाई का विरोध करने पहुंचे जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण की निगरानी समिति के समन्वयक एवं समाजसेवी गोपाल वाजपेयी, जनपद सदस्य क्रुणाल सिन्हा और पूर्व विधायक सत्यनारायण शर्मा के पुत्र विशाल शर्मा को पुलिस द्वारा माना थाने ले जाकर कई घंटे तक बैठाए रखने के आरोप के बाद कांग्रेस नेताओं ने थाने पहुंचकर प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे और रायपुर शहर अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन के नेतृत्व में पहुंचे कांग्रेसियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पेड़ों की कटाई तत्काल रोकने की मांग की। कई घंटे तक चले विरोध-प्रदर्शन के बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और सीएसपी लंबोदर पटेल मौके पर पहुंचे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। इसके बाद गोपाल वाजपेयी, क्रुणाल सिन्हा और विशाल शर्मा सहित अन्य साथियों को थाने से बाहर आने दिया गया। प्रदर्शन में युवा कांग्रेस के लोकेश वशिष्ठ, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष के. रोसैय्या, वासुदेव कुंडू, अमित सरकार, जसमीत सेठी सहित अनेक कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।

- फिल्म सिटी निर्माण की स्वीकृतियां सार्वजनिक करने की मांग

स्वीकृतियां और पर्यावरण मानक सार्वजनिक करने की मांग : शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने कहा, विकास के नाम पर पर्यावरण की अनदेखी नहीं की जा सकती। परियोजना के कारण जंगल और पेड़ों को नुकसान पहुंचने की आशंका है तो निर्माण से पहले सभी तथ्यों और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े पहलुओं को स्पष्ट किया जाना चाहिए।



बातचीत के बावजूद कटाई पर सवाल

जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने कहा, माना-तूता जंगल को बचाना केवल कांग्रेस का नहीं, बल्कि पर्यावरण और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य का सवाल है। उन्होंने आरोप लगाया कि फिल्मसिटी निर्माण को लेकर पर्यटन मंडल के अधिकारी के साथ पूर्व मंत्री धनेन्द्र साहू और सत्यनारायण शर्मा की मौजूदगी में भी इस विषय पर चर्चा हुई थी। इस दौरान तय मापदंडों और शर्तों पर अमल किए बिना पेड़ों की कटाई किए जाने की बात सामने आ रही है। उन्होंने कहा, जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण की निगरानी समिति के सदस्य लगातार क्षेत्र पर नजर रखेंगे।



हरिभूमि

रायपुर, बुधवार 28 अक्टूबर 2026

लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



असल उम्र से कम दिखने के लिए....

सिटी इवेंट

सजना है मुझे सजना के लिए.... गाने पर महिलाओं ने खेला श्रृंगार गेम



रायपुर। क्वीन्स किटी ग्रुप की पंजाबी महिलाओं द्वारा करवा चौथ थीम पर एक शानदार किटी पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लगभग 20 से 25 महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों और सोलह श्रृंगार के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया।



क्वीन्स किटी ग्रुप की पंजाबी महिलाओं द्वारा करवा चौथ थीम पर सेलिब्रेशन

कार्यक्रम में हाउजी सहित कई मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया। विशेष आकर्षण करवा चौथ थीम पर आधारित श्रृंगार गेम रहा, जिसमें 'सजना है मुझे सजना के लिए' गाने की धुन पर महिलाओं ने थाली में रखे श्रृंगार के सामान से अपना श्रृंगार किया। इस अनोखे और मजेदार खेल ने सभी को खूब हंसाया और माहौल को खुशनुमा बना दिया। पूरे कार्यक्रम में पंजाबी संस्कृति, पारंपरिक वेशभूषा, आपसी प्रेम और दोस्ती की खूबसूरत झलक देखने को मिली। महिलाओं ने जमकर मस्ती की और यादगार पलों को तस्वीरों, वीडियो और रील्स में संजोया।

क्वीन्स किटी का यह आयोजन केवल मनोरंजन ही नहीं, बल्कि महिलाओं के बीच प्रेम, एकता और आपसी रिश्तों को मजबूत करने का एक खूबसूरत अवसर भी बना।

● मिट्टी के बर्तन दुकानों, सराफा, कपड़ा और फैंसी-गिफ्ट दुकानों पर छाई रौनक

सुहागिनों ने खरीदे सोलह श्रृंगार के साथ डिजाइनिंग करवा, आज पति के दीर्घायु के लिए रखेंगी व्रत

शहर में करवा चौथ के बाजार में भारी रौनक देखी जा रही है। सुहागिन महिलाओं में व्रत को लेकर खासा उत्साह है। पति की दीर्घायु और खुशहाल वैवाहिक जीवन की कामना के लिए महिलाओं ने अपने सोलह श्रृंगार और पूजा सामग्री की जमकर खरीदारी कर रही हैं। गोल बाजार और पुरानी बस्ती के बाजारों में मिट्टी और डिजाइनर करवों, छलनी, दीयों और पूजा की थालियों की दुकानों पर महिलाओं की खास दिखी।



मेहंदी और मेकअप कराने का बढ़ा ट्रेंड

करवा चौथ पर हाथों में पिया के नाम की मेहंदी रचाना बेहद शुभ माना जाता है। बाजारों में जगह-जगह मेहंदी लगाने वाले कारीगरों के स्टॉल सज गए हैं, जहां महिलाओं ने त्योहार से एक सप्ताह पहले के लिए अभी से एडवांस बुकिंग शुरू कर दी है। शहर की मेहंदी डिजाइनर मानसी वर्मा ने बताया कि अरबी, मारवाड़ी, फ्लोरल और पोट्रेट मेहंदी डिजाइनों का इस साल काफी क्रेज देखा जा रहा है।



रायपुर। गोल बाजार, मालवीय रोड सहित शहर के प्रमुख चौक-तिराहों पर सजे बाजार में सुहागिन महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। बाजारों पर पूजा-श्रृंगार, साड़ी शो-रूम, ज्वेलरी शॉप, कॉस्मेटिक स्टोर्स, बिंदी, सिंदूर, नेल पॉलिश और मेकअप किट्स की दुकानों पर पूरे दिन महिलाओं की लंबी कतारें लगी रहीं। दुकानदारों का कहना है कि त्योहार के कारण व्यापार में भारी उछाल आया है और वे महिलाओं की पसंद के अनुसार एक से बढ़कर एक नए कलेक्शन डिमांड के मुताबिक उपलब्ध करा रहे हैं। पुरानी बस्ती व पंडरी कपड़ा बाजार में पारंपरिक परिधान और साड़ियां में करवा चौथ पर पारंपरिक साड़ियों में सूरत और बनारसी साड़ियों में लाल, मैरून और सुनहरे रंगों की भारी मांग है। इसके साथ ही इस बार एथनिक को-ऑर्ड सेट्स, अनारकली सूट्स और शरारा सेट्स भी महिलाओं की पहली पसंद बन रही है।



शहर में व्रत और पूजा का शुभ मुहूर्त

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, इस साल करवा चौथ का व्रत विशेष संयोगों के साथ आ रहा है। 29 अक्टूबर को शाम को पूजा का शुभ मुहूर्त रात्रि 5.38 से 6. 56 बजे तक रहेगा, जो करीब 1 घंटे 17 मिनट की अवधि का होगा। वहीं व्रत के समापन के लिए रात में चंद्रोदय का समय 8.17 बजे के आसपास रहने की उम्मीद है, जिसके बाद सुहागिनें चंद्रमा को अर्घ्य देकर अपना व्रत खोल सकेंगी।

कुंदन कंगन और वेलवेट चूड़ियों के सेट खास

शहर के फैंसी स्टोर्स, प्रसिद्ध टूरी हटरी बाजार पुरानी बस्ती में सुहाग की निशानी मानी जाने वाली कांच की लाल व हरी चूड़ियों के अलावा राजस्थान की प्रसिद्ध लाख की चूड़ियों, कुंदन कंगन और वेलवेट चूड़ियों के सेट की खरीदारी कर रहे हैं। वहीं पूजा सामग्रियों में पूजा के लिए जरूरी माने जाने वाले मिट्टी के करवे, छलनी, कांसे के दीये और सींक की बिक्री काफी तेज है। इसके अलावा बाजारों में गोटा-पट्टी और मोतियों से सजी खूबसूरत डिजाइनर पूजा थाली सेट्स भी खूब पसंद किए जा रहे हैं। अखंड सौभाग्य की कामना से जुड़े इस पर्व में सिंदूर, बिंदी, काजल, महावर, बिछिया, पायल, बाजूबंद और मेहंदी जैसे सोलह श्रृंगार के सामान की खरीदारी जोरों पर है।

सिटी इवेंट

स्वदेशी तकनीकों से चंद्र अभियान और मानव अंतरिक्ष कार्यक्रम के नए कीर्तिमान हो रहे स्थापित



रायपुर। एनआईटी में भारतीय राष्ट्रीय इंजीनियरिंग अकादमी यूथ कॉन्क्लेव सह राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन समारोह आयोजित हुआ। मंगलवार को इस दो दिवसीय भारतीय राष्ट्रीय इंजीनियरिंग अकादमी यूथ कॉन्क्लेव सह राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह में छत्तीसगढ़ शासन के उप मुख्यमंत्री अरुण साव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि श्री साव ने देशभर से आए युवा नवप्रवर्तकों का छत्तीसगढ़ में स्वागत किया। उन्होंने भारत के गौरवशाली इतिहास और वैज्ञानिक परंपरा का उल्लेख करते हुए स्वदेशी नवाचारों के उचित ब्रांडिंग एवं पेटेंट की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने युवाओं को चुनौतियों का सामना करते हुए आत्मविश्वास, दृढ़ता और नवाचार की भावना के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से कहा कि वे ही विकसित भारत 2047 के निर्माण करेंगे और भारत देश के भविष्य को गढ़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

वहीं डॉ. रोहित कुमार गुप्ता ने भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र में हुई प्रगति का उल्लेख करते हुए बताया कि वर्ष 2000 में अंतरिक्ष क्षेत्र में प्रयुक्त होने वाली 90 प्रतिशत से अधिक सामग्री आयात की जाती थी, जबकि आज भारत स्वदेशी तकनीक के माध्यम से महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कर रहा है। उन्होंने आगामी चंद्र अभियानों और भारत के मानव अंतरिक्ष कार्यक्रम की संभावनाओं का उल्लेख करते हुए युवाओं को नवाचार, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और आत्मनिर्भरता की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने एनआईटी रायपुर का पूर्व छात्र होने पर गर्व भी व्यक्त किया। समारोह में डॉ. समीर बाजपेयी प्रभारी निदेशक, डॉ. राजीव प्रकाश निदेशक आईआईटी भिलाई, डॉ. रोहित कुमार गुप्ता निदेशक जेएनएआरडीडीसी, डॉ. एस. सान्याल अधिष्ठाता सीआर एंड आरएम तथा डॉ. अर्चना शर्मा एएनआरएफ पीएम प्रोफेसर एनआईटी रायपुर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

स्वदेशी तकनीकी नवाचार के विजेता पुरस्कृत

सम्मेलन का समापन युवाओं में नवाचार, बहुविषयक अनुसंधान और तकनीकी उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के संकल्प के साथ हुआ। मीट- 2026 ने राष्ट्र निर्माण के लिए स्वदेशी तकनीकी समाधानों को प्रोत्साहित करने तथा युवा प्रतिभाओं को देश की प्रगति में योगदान देने हेतु प्रेरित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के विभिन्न श्रेणियों के विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

अंगदान महादान का संदेश देने निकाली गई जागरूकता रैली, निभाई सहभागिता

रायपुर। अंगदान के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने और लोगों को इस पुनीत कार्य के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से मरीन ड्राइव में वॉकाथॉन 2.0 का आयोजन किया गया। हॉस्पिटल की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में सहयोगी संस्था के रूप में ग्रीन आर्मी रायपुर ने सक्रिय सहभागिता निभाई। वॉकाथॉन के माध्यम से लोगों को अंगदान का महत्व बताते हुए समाज में इसके प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 6 बजे हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉ. सौरभ और उनकी टीम ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक अनुज शर्मा और भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी राजेश चौहान उपस्थित रहे। वॉकाथॉन मरीन ड्राइव से शुरू होकर गांधी उद्यान में संपन्न हुआ।



सामाजिक योगदान के लिए सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान सहयोगी संस्थाओं को सम्मानित किया गया। इसमें ग्रीन आर्मी रायपुर को भी सम्मान प्रदान किया गया। संस्था पिछले नौ वर्षों से पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण और जन-जागरूकता के क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। इसके साथ ही विभिन्न सामाजिक और जनहितकारी अभियानों में भी संस्था की सहभागिता रहती है। इस अवसर पर ग्रीन आर्मी रायपुर के जिला अध्यक्ष गुरदीप सिंह टुटेजा, स्टेट को-ऑर्डिनेटर डॉ. राधिका यादव सहित अमलीडीह, पुरानी बस्ती, देवपुरी और अन्य जोन के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। ग्रीन आर्मी ने वॉकाथॉन में सहभागिता कर अंगदान जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक विषय पर जागरूकता बढ़ाने में सहयोग दिया। कार्यक्रम के माध्यम से संदेश दिया गया कि अंगदान किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन देने का माध्यम बन सकता है।

ज़ोनेकॉन में रायपुर सुपर चैप्टर की धूम सदस्यों को मिली अहम जिम्मेदारियां

रायपुर। जेसीआई मंडल 27 के जोनेकॉन का आयोजन ओडिशा के बालांगीर में आयोजित किया गया। यह आयोजन 24 एवं 25 अक्टूबर को किया गया। इस आयोजन में रायपुर सुपर चैप्टर के 100 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया। जेसीआई के चित्रांक चोपड़ा ने बताया कि आयोजन में रायपुर के तीन सदस्य मंडल उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए। इनमें रॉयल कैपिटल के अमन अग्रवाल, वामा कैपिटल की डॉ. धृति शर्मा और मैक यूनाइटेड के रौनक बेंगानी शामिल हैं। वहीं आंचल पंजवानी को जोन ट्रेनर ऑफ द ईयर- 2026, दीपक चौरसिया को सर्वश्रेष्ठ जेसीआई सदस्य पुरस्कार तथा शुभम कांकरिया को व्यापार क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। आयोजन में पीपीपी जेएफआर राजेश अग्रवाल, लीना वाढेर, आकाश सुंदरानी, अमितेश पाठक सहित रायपुर के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। जोनेकॉन से लौटने पर रायपुर रेलवे स्टेशन पर सभी सदस्यों का ढोल-नगाड़ों और फूल-मालाओं के साथ स्वागत किया गया।



कार्नर न्यूज

सांस्कृतिक कार्यक्रमों से छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत

राज्योत्सव के मंच पर सीजी स्टार सिंगर अनुराग शर्मा सुनील सोनी और ऊषा बारले की गायकी का चलेगा जादू

रायपुर। छत्तीसगढ़ के 26वें राज्योत्सव के मुख्य सांस्कृतिक मंच से लोक गायकी का जादू देश-दुनियां पर चलेगा। 1 नवंबर को राज्योत्सव के इस ऐतिहासिक आयोजन का भव्य आगाज हो रहा है। इसमें प्रदेश के दिग्गज लोक कलाकारों की सुरमयी लोक गायकी लोगों का मुख्य आकर्षण रहेगा। 1 से 3 नवंबर तक नवा रायपुर माना तूता मेला स्थल पर चलने वाले राज्योत्सव में छत्तीसगढ़ी संगीत जगत के जाने-माने सितारे अनुराग शर्मा, सुनील सोनी और पद्मश्री से सम्मानित पंथी व लोक गायिका ऊषा बारले अपनी गायकी का जलवा बिखेरेंगे। छत्तीसगढ़ राज्य के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले इस उत्सव में इन कलाकारों द्वारा प्रतिदिन शाम 6 बजे से मुख्य मंच पर प्रस्तुतियां होगी। संस्कृति विभाग के संचालक संजय कञ्नौजे ने बताया कि पहले दिन 1 नवंबर की शाम की शुरूआत सीजी स्टार सिंगर अनुराग शर्मा अपनी अनूठी छत्तीसगढ़ी लोकधुनों, सूफी और सुरीली आवाज में माटी की खुशबू से सजे लोक गीतों की प्रस्तुति देंगे। वहीं दूसरे 2 नवंबर को छत्तीसगढ़ी फिल्म जगत और संगीत प्रेमियों के चहेते गायक सुनील सोनी अपने सदाबहार और जोशीले गीतों से राज्योत्सव की शाम को यादगार बनाएंगे। राज्योत्सव के तीसरे दिन समापन समारोह में पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित देश की विख्यात लोक गायिका उषा बारले अपनी सशक्त आवाज में पंथी और पारंपरिक लोकगीतों, पंडवानी की अमिट छाप छोड़ेंगी। राज्योत्सव के मंच से यह लोक कलाकार सांस्कृतिक कार्यक्रम छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, कला और लोक संगीत को एक ही मंच पर जीवंत रूप में प्रदर्शित करेंगे।







दक्षिण पूर्व मध्य सांस्कृतिक केंद्र के कलाकारों की भी भागीदारी

राज्योत्सव में छत्तीसगढ़ के लोक कलाकारों के अलावा दक्षिण पूर्व मध्य सांस्कृतिक केंद्र अंतर्गत आने वाले राज्य महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना और गोवा के स्थानीय कलाकारों का समूह भी अपने-अपने राज्यों के पारंपरिक लोक कला संस्कृति की अनूठी झलक प्रस्तुति करेंगे।

120 लोक कलाकारों के द्वारा रोजाना होंगी 10 प्रस्तुतियां

राज्योत्सव में मुख्य मंच के अलावा राज्योत्सव के अन्य सामान्य सांस्कृतिक मंचों पर प्रदेश के पंडवानी, पंथी, सुवा, आदिवासी नृत्य संगीत, भरथरी, लोक गीत संगीत, सूफी गजल, नाटक, लोकमंच के 120 लोक कलाकारों के द्वारा तीन दिनों तक रोजाना 10 प्रस्तुतियां होंगी। राज्योत्सव में पहुंचने वाले लोगों के लिए विभिन्न लोक विद्या के कलाकारों की मंचीय प्रस्तुति आकर्षण और मनोरंजन का केंद्र रहेगा।

1 से 3 तक यह कलाकार बिखेरेंगे लोककला के सतरंगी छटा

पहले दिन : राज्योत्सव में 1 नवंबर सांस्कृतिक मंचों पर को लोकगीत-संगीत और गिटार वादन लोक कलाकार शिवेंद्र मंडावी, रिदम लाइव बैंड के राजीव तिवारी और चेतन देवांगन, शास्त्रीय गीत-नृत्य में अनुष्का सुल्ताना, लोकमंच ढोलामारू की प्रस्तुति रजनी रजक, लोक संगीत वंदिता साहू, लोकमंच पायल साहू, भरथरी पंडवानी दुर्गा साहू की प्रस्तुति होगी।

दूसरे दिन : राज्योत्सव में 2 नवंबर को लोक गीत संगीत प्रसन्ना अवस्थी, ओड़िशी नृत्य सुषमा दास, सूफी गाजल अंकित निर्मलकर, सुआ नृत्य मिलवंतीन बाई व साथी, लोक संगीत मेघा घोष, कथक नृत्य आंचल पाण्डेय, लोकमंच रूखमणि दीवान, एनआईटी बैंड आदित्य मिश्रा, लोकमंच तेजराम साहू की प्रस्तुति होगी।

तीसरे दिन : राज्योत्सव में 3 नवंबर को भजन गायन आस्था भट्ट, पंथी नृत्य आरती बारले, लोकमंच राकेश सेन, पंथी नृत्य दिनेश जांगड़े, आदिवासी लोक संगीत नृत्य अभिषेक सोनकर, सूफी संगीत सीवी वाचस्पती भारती, नाटक मंचन आनंद कुमार पांडे की प्रस्तुति होगी।

समाज लाइव

छत्तीसगढ़ की 14 रियासतों का इतिहास एक छत के नीचे सहेजने की तैयारी



रायपुर। छत्तीसगढ़ की 14 पूर्ववर्ती रियासतों के गौरवशाली इतिहास और सांस्कृतिक विरासत को एक ही स्थान पर सहेजने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए राज्य सरकार रायपुर में 'रियासत वीथिका' स्थापित करने की योजना पर काम कर रही है। मंगलवार को उद्योग भवन स्थित पर्यटन मंडल के सभाकक्ष में राज परिवारों के वंशजों और प्रतिनिधियों के सामने प्रस्तावित योजना का प्रस्तुतीकरण किया गया। इस दौरान उनसे सुझाव भी लिए गए। प्रस्तावित वीथिका में रियासतों की राजदरबारी परंपराओं, राजचिह्नों, पारंपरिक वेशभूषा, अस्त्र-शस्त्र, प्राचीन सिक्कों, मुहरों और ऐतिहासिक दस्तावेजों को प्रदर्शित करने की योजना है। इसके साथ ही रियासतों से जुड़े तीज-त्योहारों, रीति-रिवाजों और सांस्कृतिक परंपराओं की झलक भी देखने को मिलेगी।

हेरिटेज पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा ने कहा कि प्रदेश का इतिहास पर्यटन, संस्कृति, धर्मस्व और पुरातत्व की दृष्टि से समृद्ध है। ऐतिहासिक महलों को हेरिटेज पर्यटन और होमस्टे के रूप में विकसित करने की दिशा में भी काम किया जा रहा है। इससे धरोहरों के संरक्षण के साथ पर्यटन की संभावनाएं बढ़ेंगी। पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के सचिव डॉ. एस. भारतीदासन ने बताया कि रियासत वीथिका के विकास में राज परिवारों के सुझावों को महत्व दिया जाएगा। इसके लिए नोडल अधिकारी नियुक्त कर ऐतिहासिक सामग्री और जानकारियों का संकलन एवं दस्तावेजीकरण किया जाएगा। बैठक में रायगढ़, सरगुजा, सारंगढ़, कवर्धा, छुईखदान, उदयपुर-धरमजयगढ़ और खैरागढ़ सहित विभिन्न रियासतों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

सिटी लाइव

आइडल नृत्य प्रतियोगिता के ऑडिशन में उमड़ा कला साधकों का उत्साह



रायपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज के 16वें प्रांतीय महाअधिवेशन एवं 25वें कूर्मि संझा रजत जयंती वर्ष समारोह के अंतर्गत आयोजित होने वाली कुर्मी आइडल नृत्य प्रतियोगिता 2026 को लेकर समाज के कला साधकों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में चंद्राकर भवन में आयोजित ऑडिशन में समाज के 62 कला साधकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ऑडिशन में बच्चों से लेकर युवक-युवतियों, महिलाओं और पुरुषों तक ने अपनी नृत्य प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान 6 समूहों तथा 22 एकल-युगल प्रस्तुतियों ने प्रतियोगिता के लिए अपनी दावेदारी पेश की। प्रतिभागियों के उत्साह ने आयोजन को लेकर समाज में बढ़ती रुचि को दर्शाया।

1 नवंबर को भिलाई में अगला ऑडिशन

प्रतियोगिता में शामिल होने के इच्छुक प्रतिभागियों के लिए अगला ऑडिशन रविवार, 1 नवंबर 2026 को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक कूर्मि भवन, राधिका नगर, भिलाई में आयोजित किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार, ऑडिशन में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को अपना मूल आधार कार्ड लाना अनिवार्य है। इसके साथ ही जिस गीत पर प्रस्तुति देनी है, उसे पेन ड्राइव, मेमोरी कार्ड अथवा मोबाइल में डाउनलोड करके लाना होगा। कुथरेल में आयोजित ऑडिशन के दौरान समाज के अनेक कला साधक उपस्थित रहे। आयोजन में पूर्व उपाध्यक्ष, श्रम कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़ शासन एवं दिल्लीवार कूर्मि क्षत्रिय समाज के केंद्रीय उपाध्यक्ष केशव बंटी हरमुख, छत्तीसगढ़ प्रदेश कूर्मि क्षत्रिय समाज के युवा अध्यक्ष योगेश्वर देशमुख आदि ने सहयोग प्रदान किया।

आराधना

सम्मानित किए गए देहदानी, 450 से अधिक अंगदान व देहदान का संकल्प



रायपुर। मानवता की रक्षा और जन-जागरूकता को समर्पित सर्वधर्म सेवा संस्था ने सोमवार को जवाहरलाल नेहरू अनुसंधान केंद्र एवं चिकित्सालय में एक समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. उदय कुमार धाबर्डे और बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन के पूर्व महासचिव परविंदर सिंह ग्रेवाल की विशेष उपस्थिति में, अंगदान और देहदान का संकल्प लेने वाले 450 से अधिक महादानियों को फूल-माला, सम्मान-पत्र एवं डोनर कार्ड भेंट कर सम्मानित किया गया। संस्था के अध्यक्ष प्रतीक भोई और महासचिव राकेश रत्नाकर सहित कई गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी ने इस आयोजन को यादगार बना दिया। समारोह के दौरान जी.वी. शेषाद्री, जी. पद्मा, एम. मल्लिकार्जुन, वरालक्ष्मी, ऐ.वी. रमन्ना, मुरली कृष्ण, छवि लाल गुप्ता, गायत्री डोटे, मेहतरीन बाई सूर्यवंशी, सहस राम साहू देहदान, हिमा देवांगन अंगदान और घनश्याम पांडे नेत्रदान जैसे प्रमुख महादानियों को उनके मानवीय और प्रेरणादायक निर्णय के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि सर्वधर्म सेवा संस्था अब तक लगभग 450 से अधिक संकल्प करा चुकी है, जिसका मुख्य उद्देश्य समाज से भ्रांतियों को दूर कर लोगों को इस पुनीत कार्य के लिए प्रेरित करना है। साथ ही, संस्था लंबे समय से यह मांग कर रही है कि इन महादानियों को मरणोपरांत राजकीय सम्मान दिया जाए।

● नटवर गोपीकृष्ण राष्ट्रीय पुरस्कार एवं सरोज खान स्मृति पुरस्कार-2026 का यादगार समापन

भारतीय शास्त्रीय नृत्य शैलियों ने मंच पर परंपराओं से कराया रूबरू, कथक व कुचिपुड़ी में दिखी लयबद्धता

गांधी चौक स्थित रंगमंदिर ऑडिटोरियम में आयोजित नटवर गोपीकृष्ण राष्ट्रीय पुरस्कार एवं सरोज खान स्मृति पुरस्कार-2026 का यादगार समापन हुआ। मंगलवार को आयोजित समापन समारोह में नटवर गोपीकृष्ण राष्ट्रीय पुरस्कार के 25 फाइनलिस्ट तथा सरोज खान स्मृति पुरस्कार के 8 चयनित कलाकारों ने समापन समारोह में अपनी प्रतिभा के दम पर अंतिम चरण में स्थान प्राप्त किया।







रायपुर। यह भव्य राष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव 15 अक्टूबर से 27 अक्टूबर 2026 तक आयोजित किया गया। संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा समर्थित इस आयोजन का संचालन ऑल इंडिया डांसर्स एसोसिएशन ने नवीन शासकीय संगीत महाविद्यालय दुर्ग के सहयोग किया। आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों और विदेश से आए कलाकारों ने अपनी नृत्य प्रतिभा के आधार पर प्रतिष्ठित नटवर गोपीकृष्ण राष्ट्रीय पुरस्कार के फाइनल में जगह बनाई है। फाइनलिस्टों की सूची में रायपुर के कथक नर्तक कैलाश साहू, शिवम शर्मा ओडिसी नृत्य खैरागढ़, वंशिका त्रिपाठी भरतनाट्यम दुर्ग, सोनाक्षी सेन कथक नृत्य, एन स्तुति रेड्डी कुचिपुड़ी बिलासपुर, रक्षणा श्री भरतनाट्यम चेन्नई, सर्वश्री मदन भरतनाट्यम चेन्नई, तन्वी के भरतनाट्यम चेन्नई, मेघना पवार भरतनाट्यम रायपुर, डॉली थरवानी कथक रायपुर, शार्वी सिंह कथक बिलासपुर, साई संजना रेड्डी कुचिपुड़ी हैदराबाद, सृष्टि मन्ना भरतनाट्यम भिलाई, के. ज्योषिका भरतनाट्यम भिलाई, प्रिया भगत भरतनाट्यम मुंबई, कीर्तना रमेश भरतनाट्यम बिलासपुर, साई सौम्या भरतनाट्यम भिलाई, साई त्रिपुरा कुचिपुड़ी हैदराबाद, सेजल जायसवाल भरतनाट्यम भिलाई, दिया आर. नायर कुचिपुड़ी ओमान, मालविका नायर भरतनाट्यम रायपुर, सृष्टि भसीन कथक इंदौर, रिया पिल्लई कुचिपुड़ी रायपुर, साई निवेधा भरतनाट्यम चेन्नई, ध्वनि भरतनाट्यम, भोपाल रही।

सरोज खान स्मृति पुरस्कार के 8 चयनित कलाकार

सरोज खान स्मृति पुरस्कार महान नृत्यांगना एवं प्रसिद्ध कोरियोग्राफर सरोज खान की स्मृति को समर्पित है। इस पुरस्कार का उद्देश्य उभरती हुई नृत्य प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना तथा उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर अपनी कला प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना रहा। चयनित कलाकारों की सूची में यशिका साहू, यश पटवर्धन, दिया नायर,राधिका, आराध्या, तश्वी, नैशा, चेष्टा इन कलाकारों ने अंतिम चरण के लिए चयनित होकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। प्रतियोगिता में कलाकारों की तकनीकी दक्षता, भावाभिव्यक्ति, लयबद्धता, रचनात्मकता और मंचीय प्रस्तुति को महत्व दिया गया।

शास्त्रीय नृत्यकला का मना उत्सव

इस महोत्सव में भरतनाट्यम, कथक, कुचिपुड़ी, ओडिसी सहित विभिन्न भारतीय शास्त्रीय नृत्य शैलियों के कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन किया। देश के अलग-अलग हिस्सों से आए प्रतिभागियों की भागीदारी से यह आयोजन राष्ट्रीय सांस्कृतिक एकता का महत्वपूर्ण मंच बना है। नटवर गोपीकृष्ण राष्ट्रीय पुरस्कार और सरोज खान स्मृति पुरस्कार जैसे आयोजन युवा कलाकारों को प्रोत्साहित करने, भारतीय नृत्य परंपराओं को संरक्षित करने तथा भावी पीढ़ी तक शास्त्रीय कला की विरासत पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाया। महोत्सव के अंतर्गत आयोजित नृत्यानंदलहरी डांस फेस्टिवल भी दर्शकों को भारतीय शास्त्रीय नृत्य की विविधता, सौंदर्य और समृद्ध परंपराओं से रूबरू कराया।

कोसाला एक्सपीरियंस सेंटर शुरू, छत्तीसगढ़ की कोसा बुनाई विरासत को मिलेगा बढ़ावा



छत्तीसगढ़ की पारंपरिक कोसा रेशम बुनाई विरासत को संरक्षित करने और कारीगरों के लिए आजीविका के अवसर बढ़ाने के उद्देश्य से हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड की पहल कोसाला ने मंगलवार को रायपुर में ताना-बाना समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर कोसाला एक्सपीरियंस सेंटर का शुभारंभ भी किया गया।

ताना-बाना समारोह में कारीगरों के कौशल और आजीविका के अवसरों पर जोर 18 गांवों के 1,100 से अधिक लोगों तक पहुंची कोसाला की पहल



रायपुर। यहां आगंतुकों को कोसाला की यात्रा, कारीगर समुदायों के साथ उसके कार्य और आजीविका संबंधी प्रयासों की जानकारी मिलेगी। समारोह में हिंडाल्को के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कारीगर समुदायों और विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। समुदायों के साथ कोसाला के कार्य पर सुश्री नीता शाह, सीईओ, कोसाला लाइवलीहुड एंड सोशल फाउंडेशन ने कहा कि पारंपरिक रूप से दिवाली से पहले चांपा में आयोजित होने वाला ताना-बाना समारोह बुनकरों और कारीगरों के योगदान को सम्मानित करने का वार्षिक आयोजन है। इस बार रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में शिल्प के साथ उससे जुड़े लोगों के कौशल और आजीविका पर विशेष जोर दिया गया।

महिलाओं को दिया जा रहा प्रशिक्षण

वर्ष 2021 में स्थापित कोसाला छत्तीसगढ़ में कोसा रेशम की रीलिंग और बुनाई को पुनर्जीवित करने के साथ कारीगरों को प्रशिक्षण और बाजार से जोड़ने की दिशा में काम कर रहा है। इसके तहत जांजगीर-चांपा, रायगढ़ और कोरबा जिलों के 18 गांवों में अब तक 1,100 से अधिक कारीगरों और समुदाय के सदस्यों तक पहुंच बनाई गई है। देवरी गांव की 30 महिलाएं हाथ की कढ़ाई का प्रशिक्षण ले रही हैं। वहीं, करमंदा गांव में करघाग्राम पहल के तहत 20 महिलाओं को कोसा बुनाई सिखाई जा रही है। इनमें 10 अर्ध-कुशल और 10 नई महिलाएं शामिल हैं। कोसाला के निदेशक सौरभ खेडेकर ने कहा कि पारंपरिक शिल्प का संरक्षण और सतत आजीविका के अवसर सृजित करना समावेशी विकास के महत्वपूर्ण पहलू हैं। वहीं, कोसाला की सीईओ नीता शाह ने प्रशिक्षण, सहयोग और बाजार तक पहुंच को कारीगरों के लिए नए अवसर विकसित करने में महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में कथक नृत्य की प्रस्तुति भी दी गई।

पारस संगम में 101 शिक्षकों का सम्मान पांच व्यक्तित्वों को मिली मानद उपाधि



रायपुर। पारस ग्रुप ऑफ फाउंडेशन के तत्वावधान में 24 अक्टूबर को शहीद स्मारक भवन, घड़ी चौक में 'पारस संगम 2026-एक्सीलेंस अवॉर्ड' समारोह आयोजित किया गया। इसमें शिक्षा, समाजसेवा, उद्यमिता, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, साहित्य और कला सहित विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में 101 शिक्षकों, 11 शिक्षण संस्थानों और सेंटर संचालकों को सम्मान प्रदान किया गया। समारोह में रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी, बाल आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्डिका शर्मा, राज्य शिक्षा आयोग के अध्यक्ष सुधीर गौतम और राजभाषा आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा सहित विभिन्न क्षेत्रों के अतिथि उपस्थित रहे।

पांच व्यक्तित्वों को मानद उपाधि: कार्यक्रम में एसके शर्मा, ब्रजभूषण यादव, प्रिया गुप्ता, चंद्रप्रकाश नौरत्न और रुद्रवीर सोनी को मानद उपाधि प्रदान की गई। वहीं, डॉ. राकेश सिंह गायकवाड़ और सार्थक को यूथ आइकॉन अवॉर्ड, डॉ. उदयभान सिंह चौहान को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड तथा डॉ. शेख मोहम्मद उस्मान को इंस्पिरेशनल पर्सनैलिटी अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। शिक्षा, सामाजिक सेवा, उद्यमिता, फिल्म निर्माण और फोटोग्राफी के क्षेत्र में योगदान देने वाली प्रतिभाओं को भी पुरस्कार दिए गए।

पढ़ाई के लिए आर्थिक सहायता: शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से फाउंडेशन ने झरना यादव को पढ़ाई के लिए 5,100 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की। आयोजन में पारस ग्रुप ऑफ फाउंडेशन की अध्यक्ष डॉ. कविता कुम्भज और कोषाध्यक्ष राहुल कुम्भज सहित संस्थान के सदस्य मौजूद रहे। समारोह के दूसरे चरण में पारस इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन के विद्यार्थियों के लिए वेलकम और फेयरवेल कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें नए विद्यार्थियों का स्वागत करने के साथ वरिष्ठ विद्यार्थियों को विदाई दी गई।

शहर के बाजारों में आसपास के गांवों से मिट्टी के दीए

दीपावली के लिए मिट्टी के पूजा बर्तनों के सजे बाजार फैंसी दीए, लक्ष्मी-गणेश जी की मूर्तियों की डिमांड

कार्नर न्यूज

रायपुर। दीपावली त्योहार को लेकर मिट्टी के दीए, बर्तन और मूर्तियों का बाजार सज गया है। शहर के बाजारों में आसपास के गांवों से कुम्हार मिट्टी के दीए लेकर पहुंचने लगे हैं। कालीबाड़ी चौक, पुरानी बस्ती रोड़, रायपुरा रोड, माठागांव, महादेवघाट रोड़ पर त्योहार को लेकर क्षेत्र के कुम्हार दीये, कलश, लक्ष्मी पूजा के अन्य बर्तन, लक्ष्मी और गणेश जी की मूर्तियां के स्टॉल सजा लिए हैं। दीपावली का त्योहार अब दो सप्ताह शेष रह गया है। ऐसे में क्षेत्र के कई गांवों में कुम्हार परिवार दिन-रात दीपक तैयार करने जुटे हुए हैं। कुम्हारों का कहना है कि दीपावली नजदीक आते ही मिट्टी के दीयों की मांग बढ़ जाती है। इसलिए वे एक महीने पहले से ही तैयारी शुरू कर देते हैं। दीपावली पर घरों, मंदिरों और प्रतिष्ठानों में दीपक जलाने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। दीवाली पर मिट्टी के दीए जलाकर लोग अपने घरों को रोशन करते हैं। मिट्टी के दीपक भारतीय संस्कृति और परंपरा के प्रतीक होने के साथ ही स्थानीय कुम्हारों की आजीविका का भी साधन भी हैं। रोशनी के महापर्व दीपावली को लेकर बाजारों में रौनक बढ़ने लगी है। इस बार दीपावली पर घर-आंगन को पारंपरिक और आधुनिक लुक देने के लिए स्थानीय कुम्हारों ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। मिट्टी के पारंपरिक दीयों के साथ-साथ इस साल बाजार में नए-नए डिजाइन के आकर्षक और फैंसी दीए ग्राहकों को लुभाने के लिए तैयार हैं। कुम्हारों के चाक इन दिनों दिन-रात घूम रहे हैं ताकि समय पर मांग को पूरा किया जा सके।



आकर्षक और फैंसी दीयों की भारी मांग : कुंभकार मनोज विश्वकर्मा ने बताया कि इस साल केवल साधारण दीए ही नहीं, बल्कि कई तरह के फैंसी और कलात्मक दीए भी तैयार किए हैं। डिजाइनर दीए में कमल और गुलाब के फूल की आकृतियों वाले दीए रंगोली के बीच में रखने के लिए खूब खरीदे जा रहे हैं। फ्लोटिंग और वैक्स दीए, जिसमें मिट्टी के दीयों के भीतर पहले से ही कलरफुल मोम और बाती लगे दीए भी बाजार में हैं, जिन्हें तेल डालने की जरूरत नहीं होती। इनमें जादुई और अखंड दीए ऐसे दीए जिनमें एक बार तेल डालने पर वे लंबे समय तक लगातार जलते रहते हैं। डिजाइनर स्टैंड दीए यह दीए बहुमंजिला और स्टैंड वाले दीए जो रंग-बिरंगे रंगों से सजे हैं। मिट्टी के लैंप और लालटेन घर के मुख्य द्वारों और बालकनी को सजाने के लिए विशेष रूप से बनाए गए मिट्टी के लैंप और लालटेन की भी खास मांग हो रही है।

मिट्टी के दीए व बर्तनों के भाव

पारंपरिक छोटे दीए यह दीए सबसे ज्यादा बिकते हैं। इस साल यह बाजार में 80 से 100 प्रति सैकड़ा तक बिक रहा है। वहीं 10 से 15 के एक दर्जन 12 पीस के भाव में बिक रहे हैं। लक्ष्मी पूजा के विशेष बड़े दीए चौमुखी और बड़े आकार के पूजा दीए आकार के अनुसार 10 से 30 प्रति पीस तक मिल रहे हैं। कलरफुल और हैंड-पेंटेड दीए पानी आधारित चमकीले रंगों और नक्काशी से सजे दीयों की कीमत 5 से 15 प्रति पीस तक है। मट्टी में विशेष रूप से ढले हुए जादुई दीए और मल्टी-लेयर स्टैंड वाले दीए 40 से 120 प्रति पीस की रेंज में उपलब्ध हैं। मिट्टी की लालटेन और लैंप: घर के मुख्य द्वार पर टांगने वाले फैंसी मिट्टी के लैंप 80 से 250 प्रति पीस तक बिक रहे हैं।

सिटी स्पोर्टस

राजनांदगांव ने ओसीए को 7 विकेट से हराया



भिलाई। क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी करंजा भिलाई द्वारा आयोजित तीन दिवसीय मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में राजनांदगांव जिला क्रिकेट एसोसिएशन की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओसीए रेजिडेंशियल क्रिकेट अकादमी को 7 विकेट से हरा दिया। मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए ओसीए रेजिडेंशियल क्रिकेट अकादमी की पहली पारी 99 रन पर सिमट गई, जिसके जवाब में राजनांदगांव जिला क्रिकेट एसोसिएशन की पहली पारी 135 रन पर ऑल आउट हुई। इसके बाद ओसीए रेजिडेंशियल अकादमी ने अपनी दूसरी पारी में 153 रन बनाए। मैच के तीसरे दिन राजनांदगांव जिला क्रिकेट एसोसिएशन ने दूसरी पारी की शुरुआत करते हुए 3 विकेट पर 120 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया और मुकाबला 7 विकेट से अपने नाम किया। राजनांदगांव की दूसरी पारी में हिट देवांगन ने नाबाद 50 रन, शौर्य कोठारी ने नाबाद 26 रन और वर्णित सीमांकर ने 18 रनों का योगदान दिया, जबकि गेंदबाजी में ओसीए रेजिडेंशियल अकादमी की ओर से विमल, अनमोल और नमन ने 1-1 विकेट चटकाए। शानदार प्रदर्शन के लिए मुकुंद गेडाम को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया, जिन्हें टेबल टेनिस के अंतरराष्ट्रीय अंपायर विनोद देवघरे के हाथों पुरस्कृत किया गया। इस मैच में अंपायर की जिम्मेदारी एस. बाल राजू और एच. साहू ने निभाई, जबकि स्कोरर विनोद देवघरे रहे।

एशियन क्रिकेट में अंपायरिंग कर रहे शकील और संतोष





भिलाई। क्रिकेट फेडरेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा 26 से 29 अक्टूबर तक चेन्नई में एशियन टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप (महिला एवं पुरुष वर्ग) का आयोजन जारी है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ टेनिस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन के दो राष्ट्रीय क्रिकेट अंपायरों, मोहम्मद शकील अहमद और संतोष प्रसाद को अंपायरिंग हेतु विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। छत्तीसगढ़ टेनिस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव आजाद अहमद ने यह जानकारी देते हुए बताया कि दोनों ही बेहद अनुभवी और वरिष्ठ अंपायर हैं, जिन्होंने इससे पहले भी कई राष्ट्रीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिताओं में सफलतापूर्वक अपनी सेवाएं दी हैं। उनके शानदार अनुभव की बात करें तो वे जम्मू नेशनल (2 बार), अनंतपुरम (1 बार), चेन्नई (2 बार), गोरखपुर (1 बार), नागपुर (2 बार) और रामेश्वरम (1 बार) में अपनी अंपायरिंग का लोहा मनवा चुके हैं।

अंडर-14 क्रिकेट टीम घोषित



रायपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-14 प्लेट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए जिला क्रिकेट संघ ने बिलासपुर ब्लू टीम की घोषणा कर दी है। सचिव देवेंद्र सिंह ने बताया कि 50 ओवरों के इस लीग टूर्नामेंट के लिए बिलासपुर को ग्रुप 'डी' में नारायणपुर, जशपुर और कवर्धा के साथ रखा गया है। बिलासपुर ब्लू अपना पहला मुकाबला मंगलवार को कवर्धा के खिलाफ रेलवे मैदान में खेला। 28 अक्टूबर को जशपुर और 30 अक्टूबर को नारायणपुर के साथ मुकाबले होंगे। घोषित टीम में शिवांश यादव, देबांशु सरकार, राघवेंद्र चौहान, अवनीश शुक्ला, अद्वैत गोवर्धन, विनायक उपाध्याय, साहिल पंडित, विराज जांगड़े, अरनव सिंह ठाकुर, वेदांत यादव, अक्षत पांडे, तनिष्क घोरे, यश लहरे, शौर्य लहरे, मुनेश कुमार ध्रुव, आरव मिश्रा, अनुज पांडे, आयुष्मान सिंह, इश्मान सिंह उपवेजा और सारांश अग्रवाल शामिल हैं।

पैरा एथलीट अभिजीत का किया अभिनंदन



रायपचुर। जापान के आईची नागोया में आयोजित एशियन पैरा गेम्स में बैडमिंटन में कांस्य पदक जीतकर लौटे अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अभिजीत सखुजा का बिलासपुर पहुँचने पर भव्य स्वागत किया गया। जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष पंकज तिवारी के नेतृत्व में नेहरू चौक पर आयोजित स्वागत समारोह में खेल संघों के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और खिलाड़ियों ने भाग लिया। छत्तीसगढ़ सॉफ्टबॉल संघ के अध्यक्ष सुशील मिश्रा, तैराकी संघ के सह-सचिव हेमंत सिंह परिहार सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमियों ने अभिजीत की इस उपलब्धि को देश और प्रदेश का मान बढ़ाने वाला बताया।

अच्छी सेहत के लिए सिर्फ पौष्टिक भोजन ही नहीं आदतें भी हैं जिम्मेदार

रात के खाने के तुरंत बाद लेटने की आदत बिगाड़ सकती है आपकी नींद और सेहत, जानिए एसिड रिफ्लक्स से बचने के उपाय

शरीर को स्वस्थ और ऊर्जावान बनाए रखने के लिए केवल पौष्टिक खान-पान ही काफी नहीं है, बल्कि भोजन करने के बाद की जाने वाली हमारी आदतें भी हमारी सेहत पर गहरा असर डालती हैं। दिनभर की भागदौड़ और थकान के बाद अक्सर ऐसा महसूस होता है कि डिनर खत्म करते ही तुरंत बिस्तर पर लेट जाएं या आराम करें। हालांकि, यह आदत सुनने में जितनी आम लगती है, सेहत के लिए उतनी ही नुकसानदायक साबित हो सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, कभी-कभार ऐसा करना भले ही बड़ी समस्या न बने, लेकिन यदि यह आपकी रोजमर्रा की आदत बन जाए, तो इससे पाचन तंत्र से जुड़ी कई गंभीर दिक्कतें शुरू हो सकती हैं।





एसिड रिफ्लक्स और सीने में जलन का खतरा

जब हम भोजन करने के तुरंत बाद लेट जाते हैं, तो हमारे पेट में मौजूद पाचक रस और एसिड गुरुत्वाकर्षण के विपरीत भोजन नली (Esophagus) की तरफ ऊपर की ओर आने लगते हैं। इस चिकित्सकीय स्थिति को एसिड रिफ्लक्स कहा जाता है। इसके कारण सीने में तेज जलन (Heartburn), मुंह में खट्टा स्वाद और बार-बार खट्टी डकार आने जैसी समस्याएं होने लगती हैं। जिन लोगों को पहले से ही गैस्ट्रिक या एसिडिटी की शिकायत रहती है, उनके लिए यह लापरवाही बहुत भारी पड़ सकती है। भारी भोजन के बाद लेटने से पेट में लंबे समय तक भारीपन और बेचैनी बनी रहती है, जो आपके संपूर्ण स्वास्थ्य को प्रभावित करती है।

पाचन तंत्र की गड़बड़ी और नींद की गुणवत्ता पर असर

खाने के तुरंत बाद सोने का सीधा असर आपकी पाचन प्रक्रिया और नींद पर पड़ता है। जब शरीर लेटी हुई अवस्था में होता है, तो भोजन को पचाने की प्रक्रिया धीमी हो जाती है, जिससे पेट फूलना, गैस और बदहजमी जैसी समस्याएं जन्म लेती हैं। इस आंतरिक असंतुलन का असर आपकी नींद की गुणवत्ता पर भी पड़ता है। एसिड रिफ्लक्स के कारण होने वाली सीने की जलन, बेचैनी या गले में खराश की वजह से रात में बार-बार नींद टूटने लगती है। इसके अलावा, रात के समय भारी या वसायुक्त भोजन करना भी अनिद्रा और गहरी नींद में बाधा का एक बड़ा कारण बनता है, जिससे सुबह उठने पर थकान महसूस होती है।



स्वस्थ जीवनशैली के लिए अपनाएं ये जरूरी बदलाव

इन तमाम स्वास्थ्य समस्याओं से बचने के लिए जीवनशैली में कुछ छोटे लेकिन महत्वपूर्ण बदलाव करना बेहद जरूरी है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों की सलाह है कि रात के भोजन और सोने के समय के बीच कम से कम 2 से 3 घंटे का पर्याप्त अंतर जरूर रखें। इसके अलावा, डिनर के



तुरंत बाद बिस्तर पर जाने के बजाय घर के आसपास 10 से 15 मिनट की हल्की वॉक (टहलना) करने की आदत डालें। यह छोटी सी वॉक भोजन को आसानी से पचाने में मदद करती है और मेटाबॉलिज्म को भी दुरुस्त रखती है।

कब लेनी चाहिए डॉक्टर की सलाह?

यदि आपको लगातार सीने में जलन, खाना निगलने में कठिनाई, या बिना किसी स्पष्ट कारण के वजन घटने जैसी समस्याएं महसूस हो रही हैं, तो इन्हें बिल्कुल नजरअंदाज न करें। यह किसी अंदरूनी आंत या पाचन संबंधी गंभीर समस्या के संकेत हो सकते हैं। ऐसी स्थिति में तुरंत किसी योग्य चिकित्सक से परामर्श लें और उनकी सलाह के अनुसार अपने खान-पान व जीवनशैली में सुधार करें।

ईस्ट जोन वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप के लिए रविवि की टीम में गुढ़ियारी के 10 खिलाड़ी चयनित



रायपुर। ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2026 के लिए जय सतनाम व्यायामशाला, गुढ़ियारी के 10 खिलाड़ियों का पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की टीम में चयन हुआ है। इन खिलाड़ियों ने इंटर कॉलेज प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर यह उपलब्धि हासिल की। चैंपियनशिप का आयोजन 5 और 6 नवंबर को मेघालय में किया जाएगा।

चयनित खिलाड़ियों में पुरुष वर्ग से छह और महिला वर्ग से चार खिलाड़ी शामिल हैं। पुरुष वर्ग में जतीन डहरिया ने 60 किलोग्राम, टोमन भारती ने 65 किलोग्राम, तौशीफ अंसारी ने 75 किलोग्राम, हरीश मार्कण्डेय ने 85 किलोग्राम, योगानंद खरे ने 110 किलोग्राम और झामेंद्र पाल ने 110 किलोग्राम से अधिक वजन वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। महिला वर्ग में प्रीतु साहू ने 61 किलोग्राम, लुकेश्वरी साहू ने 69 किलोग्राम, दिव्या सिन्हा ने 77 किलोग्राम और श्रेया साहू ने 86 किलोग्राम से अधिक वजन वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया।

पांच कॉलेजों के विद्यार्थी शामिल- चयनित खिलाड़ियों में तीन विप्र महाविद्यालय, चार महंत लक्ष्मीनारायण दास कॉलेज तथा एक-एक खिलाड़ी पंडित हरिशंकर कॉलेज, गवर्नमेंट जे. योगानंदम छत्तीसगढ़ कॉलेज और दिशा लॉ कॉलेज, रायपुर के विद्यार्थी हैं। सभी खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय वेटलिफ्टर रुस्तम सारंग और अजय दीप सारंग के मार्गदर्शन में नियमित अभ्यास करते हैं। अब ये खिलाड़ी विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए अंतर विश्वविद्यालय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाएंगे।

पूर्वी क्षेत्रीय अंतर विश्वविद्यालय टेबल टेनिस प्रतियोगिता के लिए नागालैंड पहुंची रविवि की महिला टीम



रायपुर। पूर्वी क्षेत्रीय अंतर विश्वविद्यालय टेबल टेनिस महिला प्रतियोगिता 2026-27 में भाग लेने के लिए पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर की महिला टीम नागालैंड विश्वविद्यालय पहुंच गई है। प्रतियोगिता का आयोजन 26 से 30 अक्टूबर तक नागालैंड में किया जा रहा है।

विश्वविद्यालय की टीम में आस्था समर्थ, हरितिमा अग्रवाल, श्रेया वर्मा और प्रियंका पटेल शामिल हैं। टीम की कोच दीक्षा वैष्णव हैं, जबकि डॉ. उपासना विश्वकर्मा मैनेजर की जिम्मेदारी संभाल रही हैं। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ल, डायरेक्टर प्रो. रीता वेणुगोपाल, प्रो. राजीव चौधरी और प्रो. सीडी आगाशे सहित गेस्ट फैकल्टी एवं स्टाफ सदस्यों ने टीम को शुभकामनाएं दीं। इसके बाद टीम को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रवाना किया गया।

सीनियर वर्ग में सागर और जूनियर वर्ग में आर्यन व समाया बने विजेता

रायपुर। राजधानी के सप्रे शाला टेबल टेनिस हॉल, बुढ़ापारा में छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ द्वारा भारतीय जीवन बीमा निगम और सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया के सहयोग से 22 से 25 अक्टूबर तक आयोजित 'यूटीटी 24वीं छत्तीसगढ़ राज्य एवं अंतर जिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2026' का सफलतापूर्वक समापन हो गया है। प्रतियोगिता के अंतिम दिन विभिन्न वर्ग के रोमांचक और संघर्षपूर्ण फाइनल मुकाबले खेले गए, जिनके परिणामों ने दर्शकों का मन मोह लिया।



विभिन्न आयु वर्ग के फाइनल मुकाबलों के रोमांचक परिणाम

प्रतियोगिता के अंतिम दिन खेले गए फाइनल मैचों में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया, जिसमें सीनियर पुरुष एकल वर्ग में रायपुर के सागर घाटगे ने शानदार खेल दिखाते हुए रायपुर के ही रामजी कुमार को 4-1 से पराजित कर विजेता का खिताब अपने नाम किया। जूनियर (17 वर्ष से कम) बालक एकल वर्ग में रायपुर के आर्यन कुमार सिंह ने कड़े मुकाबले में बिलासपुर के दीक्षांत कुमार जांगड़े को 3-2 से हराकर विजेता ट्रॉफी जीती। जूनियर (17 वर्ष से कम) बालिका एकल वर्ग में रायपुर की समाया पांडे ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रायपुर की ही वेदी कछवाहा को 3-0 से करारी शिकस्त देकर मुकाबला जीता। कैडेट (13 वर्ष से कम) बालक एकल वर्ग में बिलासपुर के आदित्य सोनी ने रोमांचक संघर्ष के बाद रायपुर के विवान बैसवाड़े को 3-2 से हराकर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। कैडेट (13 वर्ष से कम) बालिका एकल वर्ग में रायपुर की इशी मिश्रा ने दुर्ग की सौबाना रक्षिता को 3-2 से मात देकर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया।

अतिथियों ने किया सम्मान

प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि भारतीय जीवन बीमा निगम, रायपुर के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक एस.पी. अग्रवाल थे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 4 के अध्यक्ष मुरली शर्मा ने की। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में चार्टर्ड एकाउंटेंट दीपक जैन, हीरा ग्रुप के जनसंपर्क अधिकारी पंकज शुक्ला, छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के सचिव सार्थक शुक्ला और तकनीकी समिति के चेयरमैन अरविंद कुमार शर्मा उपस्थित रहे। मंच पर आयोजन सचिव विनय बैसवाड़े और मुख्य निर्णायक विमल नायर भी आसीन रहे, और कार्यक्रम का संचालन रायपुर महानगर टेबल टेनिस संघ के सचिव शकील साजिद ने किया। प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में मैच के मुख्य निर्णायक अंतरराष्ट्रीय अंपायर विमल नायर, सहायक मुख्य निर्णायक अजीत बेनर्जी, शिशिर गुप्ता और पी.एन. मजुमदार ने अपनी महत्वपूर्ण और निष्पक्ष भूमिका निभाई।

रूखी और सख्त रोटी से मिलेगा ऐसे छुटकारा

रोटी को लंबे समय तक सॉफ्ट और फूला हुआ बनाए रखने के लिए बेकिंग पाउडर का इस्तेमाल सबसे आसान और असरदार तरीका है। सबसे पहला तरीका यह है कि आप आटा गूंथने से पहले सूखे आटे में ही आधा छोटा चम्मच बेकिंग पाउडर मिलाकर अच्छे से मिक्स कर लें और फिर गुनगुने पानी से नरम आटा गूंथें। यह बेकिंग पाउडर पानी के साथ मिलते ही एक्टिव हो जाता है और आटे के भीतर हवा की छोटी-छोटी पॉकेट्स बना देता है, जिससे रोटी सेकते समय गुब्बारे की तरह फूलती है। दूसरा तरीका दही और बेकिंग पाउडर का कॉम्बिनेशन है, जिसमें एक बड़ा चम्मच दही में आधा चम्मच बेकिंग पाउडर मिलाकर आटे में डाला



जाता है और गर्म पानी से गूंथकर 20-30 मिनट के लिए रख दिया जाता है। दही और बेकिंग पाउडर मिलकर एक खमीरी प्रभाव पैदा करते हैं जिससे रोटी अत्यधिक मुलायम बनती है। तीसरे तरीके में आप आटे में बेकिंग पाउडर के साथ एक चम्मच देशी घी मिलाकर गुनगुने पानी से आटा गूंथें और गीले कपड़े से 20 मिनट के लिए ढक दें। इससे आटे का ग्लूटेन अच्छे से फैलता है और रोटियां बिल्कुल नान की तरह सॉफ्ट और स्वादिष्ट बनती हैं। चौथा और अंतिम तरीका है पानी की जगह गर्म दूध का प्रयोग करना। आधा चम्मच बेकिंग पाउडर को एक कप गुनगुने दूध में घोलकर उससे आटा गूंथने से दूध के प्रोटीन आटे को रिचनेस देते हैं और रोटियाँ ठंडी होने के बाद भी कई घंटों तक रुई जैसी नरम बनी रहती हैं।

घर की आग्नेय कोण दिशा में क्या रखें और क्या नहीं, जरूर जानें



वास्तु शास्त्र में सभी चीजों को सही दिशा में रखने के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया है। वास्तु शास्त्र में दिशाओं को बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। यह मान्यता है कि प्रत्येक दिशा में एक विशिष्ट प्रकार की ऊर्जा होती है जो हमारे जीवन को प्रभावित करती है।

वास्तु के अनुसार, घर या किसी भी संरचना का निर्माण करते समय दिशाओं का विशेष ध्यान रखना चाहिए ताकि सकारात्मक ऊर्जा क प्रवाह सुनिश्चित हो सके और नकारात्मक ऊर्जा को दूर रखा जा सके। आपको बता दें, सूर्योदय की दिशा होने के कारण पूर्व दिशा को बहुत शुभ माना जाता है। इस दिशा में पूजा घर या अध्ययन कक्ष होना शुभ होता है। पश्चिम दिशा को धन और समृद्धि की देवी लक्ष्मी से जोड़ा जाता है। इस दिशा में तिजोरी या धन रखने की जगह होना शुभ माना जाता है। उत्तर दिशा को भगवान कुबेर की दिशा माना जाता है। इस दिशा में पानी का स्रोत होना शुभ होता है। दक्षिण दिशा को यमराज की दिशा माना जाता है। इस दिशा में पैरों का होना शुभ नहीं माना जाता है।

उत्तर दिशा को देवताओं की दिशा माना जाता है। यहां पूजा स्थल बनाना शुभ होता है। दक्षिण-पूर्व दिशा में अग्नि का देवता रहता है। यहां रसोईघर बनाना शुभ होता है। उत्तर-पश्चिम को वायु देवता की दिशा माना जाता है। यहां बच्चों का कमरा बनाना शुभ होता है।

फुटबॉल में देश भर के डीपीएस स्कूलों की 16 टीम दे रही एक दूसरे को कड़ी टक्कर

भिलाई। डीपीएस फुटबॉल टूर्नामेंट जोन-4 बालक ओपन 2026 मंगलवार से दिल्ली पब्लिक स्कूल, भिलाई में शुरू हुई। 29 अक्टूबर तक आयोजित इस प्रतियोगिता में छह राज्यों छत्तीसगढ़, झारखंड, पश्चिम बंगाल, असम, नागालैंड और ओडिशा के डीपीएस स्कूलों की 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिसमें कुल 256 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। मुख्य अतिथि स्टील एजुकेशन सोसाइटी भिलाई के चेयरमैन और भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक कार्मिक एवं प्रशासन पवन कुमार, विशिष्ट अतिथि बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट डीपीएस भिलाई के सदस्य एवं भिलाई इस्पात संयंत्र के महाप्रबंधक प्रभारी जनसंपर्क अमूल्य प्रियदर्शी, शिक्षा विभाग की महाप्रबंधक शिखा दुबे, नन्दिनी राजश्री, शौमिक डे और रनदीप साव ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। प्रभारी प्राचार्य अमजद हसन जुनजानी ने स्वागत भाषण दिया। क्रीड़ा प्रभारी नितिन नायर ने टीम मैनेजरों और खिलाड़ियों का परिचय अतिथियों से कराया।



पहले दिन हार-जीत के साथ ड्रॉ का रोमांच

इस अवसर पर उप प्राचार्य शैक्षणिक राजदीप सेन, प्रधानाध्यापिका सीनियर विंग नीलम पांडेय, प्रधानाध्यापक मिडिल विंग अनिल कुमार जांगिड़ सहित विद्यालय परिवार के शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।



फिल्म इवेंट

हॉलीवुड

क्वेंटिन और डेविड की महाजुगलबंदी से सजेगी फिल्म 'द फर्दर मिस-एडवेंचर्स ऑफ क्लिफ बूथ'

हॉलीवुड के दो सबसे बड़े और प्रभावशाली फिल्मकार क्वेंटिन तारान्टिनो और डेविड फिंचर पहली बार किसी प्रोजेक्ट के लिए एक साथ आ रहे हैं, जिससे पूरी दुनिया के फिल्म प्रेमियों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। 'वंस अपॉन अ टाइम इन हॉलीवुड' फिल्म के सबसे लोकप्रिय और चर्चित स्टंटमैन किरदार 'क्लिफ बूथ' पर आधारित इस नई फिल्म का नाम 'द फर्दर मिस-एडवेंचर्स ऑफ क्लिफ बूथ' रखा गया है। सिनेमा की इन दो महान हस्तियों का एक ही प्रोजेक्ट पर साथ आना इस दशक की सबसे बड़ी सिनेमैटिक घटनाओं में से एक माना जा रहा है, जो पर्दे पर कुछ असाधारण पेश करने का वादा करता है।



इस रोमांचक प्रोजेक्ट की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें ऑस्कर विजेता अभिनेता ब्रैड पिट एक बार फिर अपने उसी प्रतिष्ठित और डैशिंग अंदाज में 'क्लिफ बूथ' के किरदार को जीवित करते नजर आएंगे। पिछली फिल्म में उनके इस बेबाक, कूल और दमदार किरदार ने दर्शकों के दिलों पर गहरी छाप छोड़ी थी, और अब इस स्पिन-ऑफ या सीक्वल जैसी फिल्म में उनके इस सफर को और अधिक गहराई से परदे पर उतारा जाएगा। ब्रैड पिट के फैंस के लिए यह किसी बड़े तोहफे से कम नहीं है कि वे अपने पसंदीदा अभिनेता को इस लोकप्रिय अवतार में दोबारा देख पाएंगे। फिल्म के रचनात्मक पक्ष की बात करें तो इसकी पटकथा (स्क्रिप्ट) खुद मास्टरमाइंड निर्देशक क्वेंटिन तारान्टिनो ने लिखी है, जो अपने अनोखे डायलॉग्स और नॉन-लीनियर नैरेटिव स्टाइल के लिए दुनिया भर में जाने जाते हैं। वहीं, इस शानदार कहानी को दृश्य रूप देने और निर्देशन की कमान थ्रिलर और मिस्ट्री जॉनर के उस्ताद डेविड फिंचर संभाल रहे हैं।

टॉलीवुड

नयनतारा की 'मूकुथी अम्मा 2' का धमाकेदार ट्रेलर आउट, खूब पसंद आ रहा दर्शकों को

दक्षिण भारतीय सिनेमा की 'लेडी सुपरस्टार' नयनतारा की बहुप्रतीक्षित फैंटेसी-कॉमेडी फिल्म 'मूकुथी अम्मा 2' का आधिकारिक ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। ट्रेलर सामने आते ही सोशल मीडिया और सिनेप्रेमियों के बीच जबरदस्त हलचल देखने को मिल रही है। वर्ष 2020 में आई सुपरहिट फिल्म 'मूकुथी अम्मा' के इस सीक्वल का फैंस लंबे समय से इंतजार कर रहे थे। ट्रेलर में दिखाया गया शानदार विजुअल इफ़ेक्ट्स और मनोरंजक प्लॉट यह स्पष्ट करता है कि यह फिल्म एक बार फिर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करने के लिए पूरी तरह तैयार है।



फिल्म की कहानी धार्मिक आस्था, आधुनिक समाज की मान्यताओं और पारिवारिक ड्रामा के इर्द-गिर्द घूमती है। ट्रेलर में नयनतारा एक बार फिर 'देवी मूकुथी अम्मा' के दिव्य और आकर्षक अवतार में नजर आ रही हैं, जो अपने भक्तों की समस्याओं को हल करने और समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने के लिए धरती पर आती हैं। भक्ति रस के साथ-साथ फिल्म में हास्य (कॉमेडी) का ऐसा तड़का लगाया गया है जो हर उम्र के दर्शकों को बांधकर रखने का वादा करता है।

'मूकुथी अम्मा 2' में नयनतारा के साथ-साथ दक्षिण भारत के कई दिग्गज कलाकार मुख्य और सहायक भूमिकाओं में नजर आने वाले हैं। फिल्म का निर्देशन और पटकथा इस तरह से तैयार की गई है कि यह केवल एक धार्मिक फिल्म न रहकर एक संपूर्ण पारिवारिक मनोरंजक पैकेज बने। शानदार बैकग्राउंड म्यूजिक, बेहतरीन डायलॉग्स और नयनतारा का सशक्त अभिनय ट्रेलर की सबसे बड़ी यूएसपी बनकर उभरा है, जिसे देखकर दर्शकों की उत्सुकता कई गुना बढ़ गई है।

भोजपुरी

रची जा रही पारिवारिक मिठास, 'हमार बहू सोन चिरैया' की शूटिंग ने पकड़ा

प्रयागराज (इलाहाबाद) के शांत और सुरम्य ग्रामीण अंचलों में इन दिनों भोजपुरी सिनेमा का एक अलग ही रंग देखने को मिल रहा है। नई भोजपुरी फिल्म 'हमार बहू सोन चिरैया' की शूटिंग यहां के देहाती इलाकों में बेहद तेजी और उत्साह के साथ चल रही है। गांव के स्वाभाविक परिवेश, लहलहाते खेतों और पारंपरिक घरों के बीच फिल्माए जा रहे दृश्य दर्शकों को अपनी जड़ों से जोड़ने का अहसास कराते हैं। फिल्म की घोषणा के बाद से ही इसको लेकर दर्शकों के बीच काफी उत्सुकता देखी जा रही थी, जो अब शूटिंग शुरू होने के साथ और भी बढ़ गई है।



फिल्म के गानों, एक्शन सीन्स और भावुक कर देने वाले दृश्यों की शूटिंग के दौरान सेट पर स्थानीय ग्रामीणों का भारी हुजूम उमड़ रहा है। अपने चहेते कलाकारों को करीब से अभिनय करते देखने और शूटिंग की बारीकियों को समझने के लिए लोग दूर-दूर से खिंचे चले आ रहे हैं। ग्रामीणों के इस तरह के अपार प्यार और सहयोग से फिल्म की पूरी टीम और कलाकार बेहद गद्गद हैं। निर्देशक और कलाकारों का मानना है कि प्रयागराज के लोगों का यह उत्साह फिल्म को एक नई ऊर्जा प्रदान कर रहा है।

देसी छाप

पापुआ न्यू गिनी की विविध संस्कृतियों की समृद्ध झलक पेश करने पीएनजी फैशन वीक में पारंपरिक तत्वों को समकालीन फैशन में पिरोया गया। यह स्थानीय डिजाइनरों की अनूठी कहानियों, कलात्मकता और कारीगरी को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच का काम करता है, जिससे उन्हें अपनी सांस्कृतिक विरासत को व्यक्त करने और सहेजने का मौका मिलता है। इस तरह, यह आयोजन फैशन और पहचान के बीच के रिश्ते को मजबूत करता है और इसे देश की धड़कन बना देता है।



दिखना है स्टाइलिश तो इन आउटफिट के साथ पहनें पर्ल

जब भी ज्वलरा का बात आता ह ता इन्ह ट्राइ करन क लए माहलाए हमेशा रेडी रहती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि हम चाहते हैं कि जो भी हम स्टाइल करें उसमें खूबसूरत नजर आएं। इसके लिए अलग-अलग ज्वेलरी शॉपिंग भी हम करते हैं। लेकिन कई बार ऐसा होता है कि एक जैसी ज्वेलरी पहनकर हम बोर हो जाते हैं। ऐसे में आप पर्ल ज्वेलरी को स्टाइल कर सकती हैं। ये दिखने में काफी रॉयल लगती है साथ ही इसमें आपको अलग-अलग ऑप्शन मिल जाते हैं।



पर्ल ज्वेलरी सेट

अगर आपको ज्वेलरी डिजाइन में कुछ नया ट्राई करने का मन है तो ऐसे में आप पर्ल ज्वेलरी सेट को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको कई सारे ऑप्शन मिल जाएंगे। जैसे- लेयर पर्ल ज्वेलरी, सिंगल लेयर पर्ल ज्वेलरी और हैवी पर्ल ज्वेलरी सेट। इन्हें आप अलग-अलग तरह के आउटफिट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इस तरीके सेट इंडियन और वेस्टर्न दोनों तरह की ड्रेस के साथ अच्छे लगते हैं। मार्केट में इस तरीके के डिजाइन आपको 500 से 1000 की रेंज में मिल जाएंगे।

पर्ल इयररिंग्स

मार्केट नें आपको कई सारे इयररिंग्स के डिजाइन मिल जाएंगे। जिन्हें आप आउटफिट के हिसाब से स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको लॉन्ग लेयर वाले इयररिंग्स (ऑफिस वियर के लिए इयररिंग्स) और स्टड वाले इयररिंग मिल जाएंगे। जिन्हें आप स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको अलग-अलग कलर भी मिल जाएंगे। इस तरीके के डिजाइन वाले इयररिंग्स को आप किसी भी आउटफिट के साथ वियर कर सकती हैं। ये दिखने में काफी क्लासी लगते हैं और स्टाइल करने में भी इजी होते हैं।

पर्ल ब्रेसलेट

अगर आपको हाथों में अलग-अलग तरह की एक्सेसरीज पहनना पसंद है तो इसके लिए आप पर्ल ब्रेसलेट (ब्रेसलेट डिजाइन) के अलग-अलग डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इसमें आपको कई सारे ऑप्शन मिल जाएंगे। इसमें आपको लेयर वाले ब्रेसलेट और सिंगल ब्रेसलेट डिजाइन भी मिलेंगे। जिन्हें आप मार्केट से खरीद सकती हैं। इसमें आपको डिजाइन के साथ-साथ अलग-अलग कलर भी मिलेंगे।

वार्डरोब में शामिल करें ट्रेंडिंग साड़ियां, मिलेगा ग्रेसफुल और यंग लुक



भारतीय संस्कृति में साड़ी का फैशन कभी भी आउट ऑफ ट्रेंड नहीं होता। समय के साथ इसके डिजाइंस और ड्रेपिंग स्टाइल्स में कई बदलाव आए हैं, लेकिन त्योहारों और शादियों के इस खास सीजन में एथनिक वियर का असली मज़ा पारंपरिक साड़ियों को पहनने में ही आता है।



करवा चौथ, दीपावली, देवउठनी ग्यारस और फिर शुरू होने वाले शादी-ब्याह के शुभ मुहूर्तों को ध्यान में रखते हुए, अगर आप भी अपनी वार्डरोब को अपडेट करना चाहती हैं, तो ये खास साड़ियां आपके लिए परफेक्ट रहेंगी। खास तौर पर 50 की उम्र के आस-पास की महिलाओं के लिए ये डिजाइंस न सिर्फ बेहद क्लासी हैं, बल्कि इन्हें सही तरीके से स्टाइल करने पर आप अपनी उम्र से काफी यंग और खूबसूरत नजर आएंगी।

पटोला सिल्क साड़ी

लुक और खासियतः पटोला साड़ियां अपनी खूबसूरत और पारंपरिक बुनाई के लिए जानी जाती हैं। यह साड़ी दिखने में जितनी रिच लगती है, पहनने में उतनी ही हल्की और आरामदायक होती है। वजन में हल्की होने के कारण इसे संभालना बेहद आसान है।



बजट और स्टाइलः इस तरह के ग्रेसफुल डिजाइंस आपको मार्केट में आसानी से मिल जाएंगे।

स्टाइलिंग टिपः इस साड़ी के साथ एंटीक गोल्डन फिनिश वाली ज्वेलरी या पर्ल (मोती) वर्क नेकलेस पेयर करें। यह लुक आपको बेहद सोबर और एलिगेंट दिखाएगा।

क्रेप सिल्क साड़ी

लुक और खासियतः सिल्क की वैरायटी में क्रेप सिल्क का फॉल और ग्रेस कमाल का होता है। यह शरीर पर बहुत ही खूबसूरती से फिट बैठती है और एक मॉडर्न यंगर वाइब देती है।

बजट और स्टाइलः इस तरह की साड़ियां फेस्टिव और वेडिंग दोनों सीजन के लिए बेस्ट हैं।

असल उम्र से कम दिखने के लिए कच्चे दूध का करें इस्तेमाल

उम्र के साथ त्वचा में कई तरह के बदलाव होते रहते हैं। वहीं उम्र चाहे कितनी भी हो, रोजाना त्वचा का ख्याल रखना बेहद जरूरी होता है। इसके लिए आपको मार्केट में कई स्किन केयर प्रोडक्ट्स भी आसानी से मिल जाएंगे, लेकिन लगभग सभी प्रोडक्ट्स में कई प्रकार के केमिकल मौजूद होते हैं जो त्वचा की चमक को फीका बना सकते हैं। त्वचा की देखभाल करने के लिए आप कच्चे दूध का इस्तेमाल चेहरे पर कर सकती हैं। तो चलिए जानते हैं कैसे करें जवां और खूबसूरत त्वचा पाने के लिए कच्चे दूध का इस्तेमाल और जानेंगे इसके त्वचा को मिलने वाले फायदे।

कच्चे दूध को चेहरे पर लगाने के फायदे

कच्चे दूध में विटामिन-ए होता है जो त्वचा को मुलायम बनाने में मदद करता है। यह त्वचा को नमी देने का काम भी करता है जिसके कारण त्वचा मॉइस्चराइज नजर आती है।

शहद को चेहरे पर लगाने के फायदे



त्वचा में मौजूद पोर्स की सफाई करने से लेकर स्किन को मॉइस्चराइज करने का काम करता है। त्वचा को नैचुरली एक्सफोलिएट करने के लिए शहद बेहद फायदेमंद होता है। यह स्किन टेक्सचर को सुधारने के काम भी आता है।

जवां त्वचा पाने के लिए क्या करें?

जवां त्वचा पाने के लिए सबसे सबसे पहले एक बाउल में करीब 2 चम्मच शहद के साथ 2 से 3 चम्मच कच्चे दूध की मिलाएं। इन दोनों को अच्छी तरह से मिलाकर चेहरे की त्वचा पर लगा लें।

फटे-पुराने कपड़ों को फेंके नहीं दीवाली के स्वागत में बनाएं लटकन

अपने लुक को अप-टू-डेट रखना हम सभी चाहते हैं और इसके लिए हम आए दिन अपने वार्डरोब में कई तरीके के बदलाव भी करते रहते हैं। बदलते दौर में भी कुछ चीजें एवरग्रीन रहती हैं जैसे कि ब्लाउज में लगी डोरी पर लटकन। हालांकि इसके कई डिजाइन आपको मार्केट से बने-बनाए आसानी से मिल जाएंगे।

बता दें कि आप इन लटकन को घर पर भी आसानी से बना सकती हैं। इसके लिए आप पड़े पुराने कपड़े का इस्तेमाल कर सकते हैं। तो चलिए आज हम आपको बताने वाले हैं घर पर पड़े बेकार कतरन के कपड़े की मदद से ब्लाउज पर लगी डोरी के लिए लटकन के लेटेस्ट डिजाइंस।

थ्रेड वर्क लटकन डिजाइन बनाने का तरीका

अगर आप थ्रेड वर्क वाली लटकन को हैवी लुक देना चाहती हैं तो इसमें ऊपर की ओर आप फ्रिल डिजाइन बनाकर लटकन को आकर्षक लुक दे सकती हैं। इसमें आप चाहे तो बीड्स और पर्ल्स भी लगवा सकती हैं और इसे और भी ज्यादा हैवी लुक दे सकती हैं। इस तरीके की थ्रेड वाली लटकन पर ऊपर की ओर आप



बड़े साइज का मोती लगाकर उसे कवर करके बांध लें।

बेल डिजाइन लटकन बनाने का आसान तरीका

वहीं अगर आप हल्के वजन में हैवी लुक देने वाली लटकन को ब्लाउज पर लगवाना चाहती हैं तो इस तरह से आप मल्टी-लेयर की बेल बनाकर अपने हिसाब से इसकी लेंथ को एडजस्ट कर सकती हैं। बेल की मल्टी-लेयर के लिए आप अलग-अलग कलर्स का इस्तेमाल कर सकती हैं।

कार्नर न्यूज

पर्सनैलिटी का अहम हिस्सा बन चुकी है बियर्ड

भारतीय पुरुषों में बियर्ड का क्रेज सिर्फ स्टाइल नहीं, इसके पीछे छिपा है गहरा 'साइंस' और आत्मविश्वास का राज

आज के समय में भारतीय युवाओं और पुरुषों के बीच परफेक्ट बियर्ड (दाढ़ी) रखना सिर्फ एक फैशन ट्रेंड नहीं, बल्कि उनकी पर्सनैलिटी का अहम हिस्सा बन चुका है। कॉर्पोरेट ऑफिस से लेकर सोशल मीडिया तक, हर जगह ग्रूमड बियर्ड वाले पुरुषों की एक अलग धाक देखने को मिलती है। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि आखिर दाढ़ी रखने के पीछे की असली वजह क्या है? वैज्ञानिक और मनोवैज्ञानिक रिसर्च इस बात की पुष्टि करते हैं कि बियर्ड सिर्फ बाहरी आकर्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पुरुषों के अंदरूनी आत्मविश्वास और उनके व्यक्तित्व पर भी गहरा असर डालती है।



आत्मविश्वास और सेल्फ-इस्टीम का बढ़ता ग्राफ

हाल ही में हुए कई सर्वे और मनोवैज्ञानिक अध्ययनों से यह बात सामने आई है कि जिन पुरुषों के चेहरे पर शानदार और सेट की हुई दाढ़ी होती है, वे खुद को ज्यादा कॉन्फिडेंट महसूस करते हैं। प्राचीन प्रतीकः इतिहास में भी दाढ़ी को ताकत, मर्दानगी और परिपक्वता का प्रतीक माना गया है।

भीड़ से अलग पहचानः जब एक पुरुष आईने में अपनी घनी और मेंटेन की हुई बियर्ड देखता है, तो उसका आत्म-सम्मान स्वतः बढ़ जाता है। पार्टी हो या कोई सोशल गैदरिंग, एक अच्छी बियर्ड वाला शख्स अपनी दमदार मौजूदगी से तुरंत भीड़ में अलग नजर आता है।

'सेल्फ-केयर' और ग्रूमिंग का बेहतरीन संकेत

एक अच्छी और आकर्षक बियर्ड यूं ही नहीं उग आती, इसके पीछे कड़ी मेहनत और नियमित देखभाल (ग्रूमिंग) की जरूरत होती है।

हेल्दी लाइफस्टाइलः बेहतरीन दाढ़ी पाने के लिए स्वस्थ खान-पान, भरपूर पानी पीना और सही जीवनशैली अपनाना जरूरी है। यह इस बात का संकेत है कि पुरुष अपनी सेहत और पर्सनल केयर को लेकर पूरी तरह सजग हैं।

रखरखाव के टिप्सः शुरुआती दिनों में पसीने और खुजली की समस्या से बचने के लिए हफ्ते में कम से कम दो बार बियर्ड शैंपू का इस्तेमाल करना चाहिए, ताकि चेहरा साफ और फ्रेश रहे।

